**सच, सिर्फ सच**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 12 जून, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 160, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स व निफ्टी का रुख स्थिर

शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच किसी खास उत्प्रेरक के अभाव में लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। } 14

## पीएम ने सोशल मीडिया अकाउंट से हटाया मोदी का परिवार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा मोदी का परिवार हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। } 16

### संक्षेप

## ओडिशा के नये सीएम बने मोहन चरण माझी

भुवनेश्वर। भाजपा नेता मोहन चरण माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां इस बारे में घोषणा की। उन्होंने कहा कि के.वी. सिंह देव और प्रभाती परिदा को राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। ये निर्णय भाजपा विधायक दल की बैठक में लिए गए, जिसमें सिंह और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए थे। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, मोहन माझी को विधायक दल ने सर्वसम्मति से नेता चुना है। मोहन चरण माझी (52) ने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से बीजद की मीना माझी को 11,577 मतों से हराया।

## हत्या मामले में कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन गिरफ्तार

बेंगलुरु। लोकप्रिय कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीप को एक व्यक्ति की हत्या के सिलसिले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक अभिनेता ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जिसने उनके करीबी दोस्त के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। दर्शन और 12 अन्य लोगों को आज हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उनसे पूछताछ की और बाद में उन्हें रेणुकास्वामी नामक व्यक्ति की कथित हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। रेणुकास्वामी का शव यहां नौ जून को बरामद किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोप है कि एक फार्मा कंपनी में काम करने वाले रेणुकास्वामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में फिल्म अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा के खिलाफ कुछ अश्लील टिप्पणी की थी। पवित्रा गौड़ा दर्शन की करीबी दोस्त है। पुलिस ने पवित्रा को भी गिरफ्तार कर लिया है। दर्शन और 13 अन्य लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है और उनसे रेणुकास्वामी नामक एक व्यक्ति की कथित हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है जिसका शव नौ जून को यहां मिला था।

## संरा में इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम का प्रस्ताव मंजूर

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच आठ महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को अपने पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडन ने की। अमेरिका का कहना है कि इजराइल ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं सबकी निगाहें चरमपंथी फलस्तीनी समूह हमास पर हैं, जिसने तीन चरण वाले इस योजना प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बहुमत से मंजूरी दी, हालांकि रूस मतदान से नदारद रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल और हमास से ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी 2022 के खिलाफ खारिज की याचिका

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें चिकित्सा विज्ञान की विभिन्न शाखाओं के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 2022 में आयोजित नीट-पीजी परीक्षा में विसंगतियों का आरोप लगाया गया था और उत्तर कुंजी तथा उत्तर पुस्तिकाओं को सार्वजनिक किए जाने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने 2022 में प्रीतिश कुमार नामक एक अभ्यर्थी और अन्य द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।



पीठ ने कहा समय बीत जाने के कारण ये याचिकाएं निरर्थक हो गई हैं। कुमार और अन्य के वकील ने कहा कि याचिका निरर्थक नहीं हुई है, क्योंकि छह याचिकाकर्ताओं में से दो इस साल 23 जून को राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) में शामिल होंगे। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड चिकित्सा विज्ञान की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दिल्ली-यूपी समेत पूरे उत्तर भारत को अभी और सतायेगी गर्मी



नई दिल्ली। भीषण गर्मी और लू ने देश के कई राज्यों को अपनी चपेट में ले रखा है। फिलहाल इससे अभी आम लोगों को राहत मिलने वाली नहीं है। आने वाले कुछ दिनो तक कई राज्यों में लू और भीषण गर्मी का कहर जारी रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने भी अगले कई दिनों तक विभिन्न राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि गांगेय पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर गंभीर उष्ण लहर की स्थिति बनी हुई है। जबकि उत्तराखंड के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पूर्वी मध्य प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में अगले कुछ दिनों तक लू की संभावना है। इन राज्यों में लू की स्थिति करीब अगले सात से आठ दिनों तक बनी रहेगी। हालांकि कुछ क्षेत्रों में बारिश की भी संभावना है। मौसम संबंधी जानकारी देने वाली निजी वेबसाइट स्काईमेट वेदर के मुताबिक, यूपी-बिहार और झारखंड में भयंकर लू चलेगी। अभी उत्तर बिहार को भीषण गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है। मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में लू चल सकती है। यूपी-बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में बीते कुछ समय से लू का प्रकोप जारी है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण कोंकण गोवा, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और तटीय कर्नाटक में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। वहीं उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा सिक्किम, पूर्वोत्तर भारत, दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश और विदर्भ और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। दक्षिण ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दक्षिण गुजरात, मध्य प्रदेश, दक्षिण गुजरात और दक्षिण-पूर्व ...शेष पृष्ठ 14 पर

# योगी ने दी नयी स्थानांतरण नीति को मंजूरी

## आईआईटी कानपुर में मेडिकल रिसर्च के लिए बनेगा स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार ने मंगलवार को 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जनपद में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। वहीं समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। समूह क और ख के अधिकारियों के स्थानांतरण के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। इस स्थानांतरण नीति के तहत सभी स्थानांतरण आगामी 30 जून तक किए जाने हैं।

मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट बैठक में पारित प्रस्तावों के विषय में जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने स्थानांतरण नीति 2024.25 को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नीति में पिछले वर्ष की नीति के प्राविधानों का अनुसरण किया गया है। इसके तहत समूह क और ख के वो अधिकारी जिन्होंने अपने सेवाकाल में मंडल में 7 वर्ष और जनपद में 3 वर्ष पूरे कर लिए हों वो स्थानांतरण नीति के अंतर्गत आएंगे। इसके साथ ही समूह क और ख में स्थानांतरण संवर्ग वार अधिकारियों की संख्या अधिकतम 20 प्रतिशत होगी और समूह ग और घ के लिए अधिकतम सीमा 10 प्रतिशत रखी गई है। उन्होंने बताया कि समूह ग और घ के लिए जो व्यवस्था की गई है उसके अनुसार सबसे पुराने अधिकारियों का पहले स्थानांतरण किया जाएगा। यदि 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, यदि समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि समूह ग और घ में स्थानांतरण को पूरी तरह मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा। मानव संपदा की जो व्यवस्था शुरू की गई है उसके अंतर्गत स्थानांतरण के बाद कार्यभार मुक्ति और ग्रहण करने की व्यवस्था ऑनलाइन ही की जा सकेगी। इससे अधिकारियों की सर्विस बुक और सैलरी को डिजिटाइज किया जा सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश के 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों के लिए पहले से जो व्यवस्था चली आ रही है, उसके अंतर्गत वहां रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

कैबिनेट ने प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। इसके अनुसार अब 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो व्यवस्था थी उसके अनुसार 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। हालांकि अब कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेचुयुटी में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के बाद ज्यूडिशियल कर्मचारियों को पहले ही इसका लाभ दिया जा चुका है और अब सरकारी कर्मचारी भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे। योगी सरकार ने प्रदेश के 5 विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया गया है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। महाराज सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का नाम ...शेष पृष्ठ 14 पर



**कैबिनेट के निर्णय**

- एक दिन पूर्व रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगा वेतन वृद्धि का लाभ
- विश्वविद्यालयों के नामों में संशोधन, 2 निजी विश्वविद्यायलों को एलओआई
- बुंदेलखंड व विन्ध्य की 26 पेयजल योजनाओं की बढ़ी हुई लागत को मंजूरी
- जनपद में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूर्ण कर चुके समूह क और ख के अधिकारियों का हो सकेगा स्थानांतरण
- नीति के अनुसार समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले किया जाएगा स्थानांतरण
- स्थानांतरण नीति के तहत आगामी 30 जून तक पूर्ण किए जाएंगे सभी वर्गों के अधिकारियों के स्थानांतरण
- प्रयागराज कुंभ के लिए दिए गए 2500 करोड़ रुपये
- नोएडा को 500 बेड के नये अस्पताल को मंजूरी

## मलावी के उपराष्ट्रपति की विमान हादसे में मौत

ब्लांटायर (मलावी)। मलावी के उपराष्ट्रपति सोलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। देश के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिस सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा कर रहे थे, उसका मलबा देश के उत्तर में एक पहाड़ी क्षेत्र में मिला। एक दिन से अधिक समय तक चली खोज के बाद विमान का मलबा मिला। राष्ट्रपति चकवेरा ने सरकारी टेलीविजन पर कहा कि इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। उपराष्ट्रपति चिलिमा और आठ अन्य लोगों को लेकर विमान इस दक्षिणी अफ्रीकी देश की राजधानी लिलोंग्वे से सोमवार सुबह 9.17 बजे रवाना हुआ था और इसे करीब 45 मिनट बाद राजधानी से 370 किलोमीटर दूर मजुजु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था। राष्ट्रपति ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रक ने खराब मौसम के कारण विमान को मजुजु हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास नहीं करने और वापस लिलोंग्वे की ओर मुड़ने के लिए कहा। इसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक का विमान से संपर्क टूट गया और विमान रडार से गायब हो गया। विमान में सात यात्री और सैन्य चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।

# साल में दो बार प्रवेश देंगे विश्वविद्यालय

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने योजना को दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी।

कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा यदि भारतीय विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकें, तो इससे ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं। उन्होंने कहा, साल में दो बार विश्वविद्यालयों में प्रवेश से छात्रों को




प्रेरणा बनाए रखने में मदद मिलेगी क्योंकि यदि वे वर्तमान सत्र में प्रवेश से चूक जाते हैं तो उन्हें प्रवेश पाने के लिए एक पूरा वर्ष इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साल में दो बार प्रवेश के साथ, उद्योग जगत के लोग भी वर्ष में दो बार अपने कैंपस चयन की प्रक्रिया संचालित कर सकते हैं, जिससे स्नातकों के लिए रोजगार के अवसर बेहतर होंगे। यूजीसी प्रमुख ने बताया कि साल में दो बार प्रवेश से उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) को अपने संसाधन वितरण, जैसे संकाय, प्रयोगशाला, कक्षाएं और सहायक सेवाओं की योजना अधिक कुशल बनाने में मदद मिलेगी, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय के भीतर सुगमता से कामकाज होगा। कुमार ने कहा, दुनियाभर के विश्वविद्यालय पहले से ही द्विवार्षिक प्रवेश प्रणाली का पालन कर रहे हैं। यदि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश चक्र को अपनाते हैं, तो हमारे उच्च शिक्षा संस्थान अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और छात्र आदान-प्रदान को बढ़ा सकते हैं। परिणामस्वरूप, हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा और हम वैश्विक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# प्रियंका चुनाव लड़ती तो तीन लाख वोट से हारते मोदी

## प्रधानमंत्री के संविधान को सिर पर लगाने पर राहुल गांधी ने कसा तंज

जिला संवाददाता

रायबरेली। रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हाल के लोकसभा चुनाव में नफरत, हिंसा और अहंकार के खिलाफ मतदान करने के लिये जनता को धन्यवाद देते हुए मंगलवार को दावा किया कि अगर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाराणसी से चुनाव लड़तीं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो-तीन लाख वोट से हार जाते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने यहां आभार सभा में कहा इस चुनाव में हिंदुस्तान ने संदेश भेजा है कि हमें नरेन्द्र मोदी जी का विजन अच्छा नहीं लगता। हमें नफरत नहीं चाहिए, हमें हिंसा नहीं चाहिए। हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए। हमें देश के लिए नया विजन चाहिए। अगर देश को नया विजन ...शेष पृष्ठ 14 पर



रायबरेली में राहुल गांधी की जीत का आभार जताने के लिए जनसभा करते राहुल-प्रियंका

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने बांटा प्रसाद, राजधानी लखनऊ में बड़े मंगल पर जगह -जगह लगे भंडारे

# तीसरे बड़े मंगल पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने किया भंडारे का आयोजन

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इस क्रम में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के तत्वावधान में गोमती नगर के अम्बेडकर चौराहे पर विशाल भंडार का आयोजन किया गया, जिसमें बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने भंडारे में प्रसाद बांटा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले बीस साल से हमारे परिवार द्वारा बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। पहले डॉ. अखिलेश दास गुप्ता भंडारा लगवाते थे। उन्होंने कहा कि हनुमान ...शेष पृष्ठ 14 पर








डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के तत्वावधान में गोमती नगर के अम्बेडकर चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने भंडारे में प्रसाद बांटा, भक्तों की लगी कतार

फोटो: अमित वर्मा

# अकबरनगर में टूटे 105 निर्माण, धार्मिक स्थल पर चला बुलडोजर, विरोध

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** कुकरैल नदी की जमीन पर अवैध बसे अकबरनगर में अवैध निर्माणों को ढहाने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। 12 बड़ी पोकलेंड मशीन व 11 जेसीबी के माध्यम से अभियान के दूसरे दिन 105 निर्माण तोड़े गए। दो दिनों में 150 मकान व दुकानों को

- **12 बड़ी पोकलेंड मशीन व 11 जेसीबी से दो दिन में 150 मकान, दुकान जमींदोज**

जमींदोज कर दिया गया। एलडीए ने दूसरे दिन अकबर नगर द्वितीय में मकानों को ढहाना शुरू कर दिया। इस दौरान एक धार्मिकस्थल का कमरा तोड़े जाने से यहां मौजूद लोग भड़क गए। उन लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। पिछली घटना से सबक लेते हुए तत्काल पुलिस ने मोर्चा संभाला और लाठी पटक कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। कार्रवाई के दौरान स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

सोमवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होने के पहले एलडीए, नगर निगम, प्रशासन व पुलिस ने पूरी घेरा बंदी व तैयारी की थी। गलियों व रास्तों बेरिकेडिंग के साथ फोर्स तैनात किया गया था। इसके बाद दुकानों व काम्लेक्स को गिराना शुरू किया गया। दूसरे दिन मंगलवार को अकबर नगर द्वितीय की तरफ अयोध्या रोड किनारे के दुकानों को पूरी तरह से जमींदोज करने के बाद पहली लेन के भीतर के मकान व दुकानों को गिराया गया। शाम तक 105 मकान तोड़े गए। दोपहर में एक मस्जिद का एक हिस्सा तोड़ने जाने पर भीड़ जमा हो गई। वहीं शाम को एक जेसीबी पलट गई। हालांकि ड्राइवर सुरक्षित है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अब बुधवार सुबह 7 बजे से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सुबह 7 बजे से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरु हुई जो 12 बजे तक चली। धूप के कारण 12 से 3 बजे तक कार्रवाई रोक दी गई थी। 3 बजे से करीब 8 बजे तक फिर से घरों को गिराया गया। शाम को विभाग की तरफ से लोगों को घर खाली करने का अनाउंस किया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी खुद पूरे मुहिम का नेतृत्व कर रहे हैं।

**हर गली व मोड़ पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी :** प्रशासन ने उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए अकबरनगर प्रथम व द्वितीय की एक दर्जन से ज्यादा गलियों व मोड़ पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इनके जरिये उपद्रवियों की हर पल निगरानी की जा रही है।

**अब तक 523 को पीएम आवास भेजा गया :** अकबर नगर के जिन आवंटियों को प्रधानमंत्री आवास का कब्जा दिया गया। उनमें से मंगलवार को 182 अब तक कुल 523 आवंटियों को भवन का कब्जा दिया जा चुका है। अकबर नगर के 1800 अध्यासियों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये गये हैं। सभी लोगों को आवंटन पत्र दिया जा चुका है। आवंटियों का सामान नये भवन में शिफ्ट करने के लिए 47 लोडर वाहनों को लगाया गया है। एलडीए अधिकारी ने बताया लोगों का शिफ्ट करने के लिए पूरी मदद दी जा रही है।

**लोग खुद चलाने लगे अपने मकान पर हथौड़ा :** घरों को तोड़े जाने से लोग परेशान रहे। रोते-बिलखते रहे। यहां के रहने वालों ने कहा कि हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में यहां से जाना हमारी मजबूरी है। एक तरफ एलडीए की मशीनें मकानों को तोड़ रही थीं तो दूसरी तरफ लोगों ने खुद हथौड़ा चलाना शुरू कर दिया। कोई मकान का गेट निकाल रहा था तो कोई दरवाजे व खिड़कियां।

# नगर निगम ने 38 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाये कब्जे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर में अवैध कब्जेदारों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक करोड़ों रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमि, संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है। मंगलवार को अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेश पर अमराईगांव, माढ़रमऊ व जेहता में जेसीबी चली। कब्जों से मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 38 करोड़ रु बतायी जा रही है।

प्रभारी अधिकारी संपत्ति की ओर से बताया गया कि अमराईगांव की गाटा संख्या-351 क्षेत्रफल 3.056 हे० राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है। इस भूमि को राजस्व स्टाफ के साथ संयुक्त पैमाइश कर तालाब पर स्थापित अवैध निर्माण को तोड़कर हटा दिया गया। पक्के निर्माण पर पीपी एक्ट के अन्तर्गत वाद दायर कर किया गया। अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि की बाजारु कीमत लगभग रू0 20 करोड़ से अधिक होगी। इसी तरह ग्राम-माढ़रमऊ की गाटा संख्या-91 क्षेत्रफल 0.535 हे., गाटा संख्या-68 क्षेत्रफल 0.051 हे. गाटा संख्या-143 क्षेत्रफल 0.837 हे. राजस्व अभिलेखों में तालाब तथा गाटा संख्या-217 क्षेत्रफल 0.266 हे0 राजस्व अभिलेखों में बंजर दर्ज भूमि को राजस्व स्टाफ के साथ संयुक्त पैमाइश कर तालाब पर स्थापित अवैध निर्माण को तोड़कर हटा दिया गया। पक्के निर्माण पर पीपी एक्ट के अन्तर्गत वाद दायर कर किया गया। अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि की बाजारु कीमत लगभग रू0 17 करोड़ छत्तीस लाख छहछठ हजार से अधिक होगी। इसी तरह ग्राम जेहटा की खसरा संख्या 1892, 1894 जो क्रमशः पामि व नई परती खाते में दर्ज है, और नगर निगम में निहित सम्पत्ति है। उपरोक्त खसरा संख्याओं पर भू-माफियाओं द्वारा की जा रही अवैध आवासीय प्लाटिंग को मंगलवार को राजेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार जोन- 6 की अगुवाई में पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में शान्तिपूर्ण माहौल में हटवा दिया गया है। उक्त अवैध कब्जे से 33153 वर्ग फुट भूमि खाली कराई गई है। जिसका बाजारू कीमत लगभग 2 करोड़ 65 लाख 22 हजार 4 सौ रुपये है।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगी हैवतमऊ झील

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर स्थित हैवतमऊ झील को संवारने का काम हो रहा है। यहां के निर्माणाधीन कार्यों का मंगलवार को कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने यहां का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने कहा कि झीलों को संवारने के लिए तय पद्धति है जिसका पालन यहां भी किया जाना चाहिए। झील में जमे सिल्ट को साफ कराएं ताकि प्रकृतिक जलस्रोत बने रहें। साथ ही झील का चिह्नाकंन और सीमांकन कराने का निर्देश दिया। झील पर जहां अतिक्रमण हैं उनको बिना देरी ध्वस्त कराने को कहा। मौके पर मशीनों से झील का जीर्णोद्धार किया जा रहा था। साथ ही बड़ी संख्या में श्रमिक भी कार्य कर रहे थे। कमिश्नर ने कहा कि यहां पर लोगों के चलने के लिए रास्ता बनाने के साथ एलईडी लाइटें लगाएं। साथ ही गार्ड कक्ष का निर्माण कराएं। इसके अलावा उन्होंने झील के किनारे पेड़ पौधे लगाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण में उनके साथ अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। हैवतमऊ झील को नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीमें संवार रही हैं। खसरा संख्या 1542 मिनजुमला है। इसमें 3.920 हेक्टेयर तालाब है। कुछ दिन पहले नगर निगम और प्रशासन ने झील का आधुनिक उपकरणों की मदद से सर्वेक्षण किया है। इसके बाद जहां अतिक्रमण पाए गए उनको ध्वस्त किया गया। कुछ अतिक्रमण रह गए हैं। अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी जा चुकी है। शनिवार को अतिक्रमण हटाए जाएंगे।

# तीन दिन गर्मी का रेड अलर्ट, लू के थपेड़े झुलसायेंगे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी में भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए राज्य में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर प्रचंड ग्रीष्म लहर का

- **प्रयागराज में चार साल बाद 47 डिग्री पहुंचा पारा, लखनऊ में 44.7 डिग्री दर्ज**

प्रकोप रहेगा और लू के थपेड़े चलेंगे। अगले तीन दिनों के दौरान राज्य में दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी के भी आसार हैं। मौसम विभाग ने अपनी ताजा भविष्यवाणी में उत्तर भारत के लिए फिर से हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि तापमान एक बार फिर 47 डिग्री को छू सकता है। प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। लखनऊ में मंगलवार जून का सबसे गर्म दिन रहा। यहां का अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस प्रयागराज में दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के आंकड़ों के अनुसार प्रयागराज में चार साल बाद जून के महीने में पारा इतने ऊपर गया है। इससे पहले 2019 में जून में प्रयागराज में पारा 48.9 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हो चुका है। कानपुर एयरफोर्स पर पारा 46 और अलीगढ़, बागपत, चंदौली, सोनभद्र, सुल्तानपुर, वाराणसी में क्रमशः 45-45 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। लखनऊ में तापमान 44.7 डिग्री व न्यूनतम तापमान एक बार फिर 31 डिग्री पहुंच गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक जा सकता है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार फिलहाल अगले पांच दिनों तक दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के उत्तर प्रदेश की तरफ बढ़ने के कोई आसार नहीं हैं। उन्होंने बताया कि मानसून की बंगाल की खाड़ी से चलने वाली शाखा पिछली 31 मई से निष्क्रिय है जबकि अरब सागर से चलने वाली शाखा पूर्वोत्तर और दक्षिणी राज्यों में अच्छी बारिश दे रही है। बुधवार को भी पूरे उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके साथ ही राज्य में 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर लू की स्थिति रहेगी वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू से लेकर तीव्र ली जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके बाद स्थिति और भी बदतर होगी। 12 जून से 14 जून के लिए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। राज्य के कुछ स्थानों पर भीषण लू की चेतावनी जारी की गई है। आईएमडी के मुताबिक, अगले 3 दिन के दौरान अधिकतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

# ऑनलाइन बस बुकिंग का कैंसिलेशन न हो

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए है कि 15 जून 2024 के बाद ऑनलाइन बस बुकिंग का कैंसिलेशन बिल्कुल नहीं होना चाहिए । उन्होंने

- **सभी बसें शेड्यूल पर आउट की जाये : दयाशंकर सिंह**

सभी बसों का समय सारणी मुख्यालय स्तर से फिक्स करने का भी निर्देश दिया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि 15 जून 2024 से प्रत्येक गाड़ी की समीक्षा की जाएगी और कैंसिलेशन होने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए रिकवरी कार्रवाई जिम्मेदार अधिकारियों से की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई बस कैंसिल होती है तो उसका संतोषजनक कारण होना चाहिए। उसके बिना कोई भी बस ऑनलाइन कैंसिल नहीं होगी। मासूम अली सरवर प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा आज सभी क्षेत्रीय प्रबंधक सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सेवा प्रबंधको की वीसी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री जी द्वारा प्राप्त निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग की धनराशि कार्यालय में एटीएम डाउनलोड करते समय दिखाई देता है तथा एलइडी डिस्पले पैनल्स जो की बस स्टेशनों पर लगाए गए हैं वह टाइम टेबल शो करते हैं। उन्होंने बताया कि बसें जब निर्धारित समय सारणी पर निर्धारित बस स्टेशन से शेड्यूल से संचालित होती है तो ऑनलाइन बुक बस के यात्रियों को एसएमएस के द्वारा बस का नंबर और कंडक्टर का मोबाइल नंबर यात्रा वाले दिन अपने आप पहुंच जाता है, इसका लाभ यात्री भी ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त सभी बसें शेड्यूल पर आउट की जाएगी शेड्यूल की फीडिंग पहले से समय सारणी के अनुसार ऑनलाइन सिस्टम में की जाएगी। एम डी परिवहन निगम ने यह भी निर्देश दिए कि प्रवर्तन के कार्य में एम डी स्क्वाड जो क्षेत्र में लगे हुए हैं उनको चेकिंग प्रोग्राम मुख्यालय से दिया जाएगा एवं उनका नियंत्रण अधिकार क्षेत्रीय प्रबंधक के पास नहीं रहेगा। उन्होने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में एमडी स्क्वाड कोई प्रकरण पकड़े तो संबंधित सहायक प्रबंधक और चेकिंग अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लविवि कुलपति ने शिक्षक हॉल का किया उद्घाटन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लविवि के आईएमएस के नवीनीकृत फैकल्टी हॉल का उद्घाटन मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर ने किया। प्रो. विनीता काचर ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना, डीन, योग, प्रो. अशोक सोनकर, डीन, फार्मेसी, प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी, डीन, इंजीनियरिंग, प्रो. एके सिंह, डीन फैकल्टी ऑफ लॉ, प्रो. बीसिंह और विभिन्न विभागों के लोगों का स्वागत किया। संकाय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह से वातानुकूलित नवीनीकृत हॉल विकसित किया गया है। कुलपति ने आईएमएस के शिक्षकों से बातचीत की और उनकी सराहना की।

# मंत्री को मिली गंदगी, दो एसएफआई व चार बीट इंचार्ज का वेतन कटा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को राजधानी में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रातः 7:00 बजे निरीक्षण के दौरान

- **हैदर कैनाल पर स्लैप डाले जाने की बनेगी कार्य योजना**

नगर निगम के चार वार्डों में पहुंचे और वहां पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री ने सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की। नगर आयुक्त को दो सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व चार बीट इंचार्ज के तीन दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने बाबू बनारसी दास वार्ड, लाल कुआं वार्ड, जेसी बोस वार्ड एवं यदुनाथ सान्याल नजरबाग वार्ड की सफाई व्यवस्था को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था विशेषकर नाली सफाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करें। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावित करने वाले स्थाई या अस्थाई अवरोध को हटाया जाए। ऐसे अवरोध जिनकी वजह से नालियां अवरूद्ध होती हैं और जल जमाव की समस्या पैदा होती है उनको तत्काल हटाया जाए। एपी सेन रोड



लालकुआं वार्ड में बड़े नाले का निरीक्षण किया। उसकी सफाई तथा किनारे की दीवार बनाये जाने के निर्देश दिये। रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में लाटूश रोड पर नाली मे सिल्ट पायी गयी। जिस पर रोष व्यक्त करते हुए मंत्री ने तत्काल सफाई कराने जाने के निर्देश दिए। साथ ही सम्बन्धित बीट इंचार्ज/सफाई नायक राजू एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संजीव कुमार के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जेसी बोस वार्ड स्थित घसियारी मण्डी में पास निर्माणधीन नाले की सफाई का निरीक्षण किया। जहां नाले आदि में गंदगी आदि पाये जाने पर सम्बन्धित बीट इंचार्ज/सुपरवाईजर राहुल व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुकेश कुमार के विरूद्ध भी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। वार्ड मे स्थित बन्द ट्यूबवेल को सकिय करने तथा सर्विस लेन में बह रहे सीवर की तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। यदुनाथ-सान्याल वार्ड में कहीं-कहीं नाली में सिल्ट व गन्दगी पायी गयी। जिस पर मंत्री ने बीट इंचार्ज सूरज एवं नीरज के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं नाली की प्रतिदिन सफाई कराये जाने के निर्देश दिए। इसकी समीक्षा आगामी 24 जून को किये जाने के भी निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। हैदर कैनाल का निरीक्षण के दौरान मंत्री ने निर्देश दिया कि उस पर स्लैप डाले जाने की कार्ययोजना बनाई जाए। इस नाले की वजह से जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जाए। निरीक्षण के समय महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अरविन्द कुमार राव व अरून कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा मौजूद रहे।

# आवेदकों की वार्षिक आय सीमा एक लाख तय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग कल्याण की शादी अनुदान योजना के तहत आवेदकों की आय सीमा में बड़ा बदलाव किया है। अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदकों की

- **योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग कल्याण की शादी अनुदान योजना के तहत आवेदकों की आय सीमा में किया बदलाव**
- **योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी किए जायें**

वार्षिक आय सीमा एक लाख रुपये तक बढ़ा दी गई है।

प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि इस बदलाव से अधिक पिछड़े वर्ग के परिवारों को अपनी पुत्रियों की शादी के लिए सरकारी सहायता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। पहले शहरी क्षेत्रों में आवेदकों की आय सीमा रुपये 56,460 और ग्रामीण क्षेत्रों में रुपये 46,080 थी।



अब इसे एक समान रूप से रुपये 1,00,000 कर दिया गया है, जिससे अधिक परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। आय सीमा बढ़ने से अधिक संख्या में पिछड़े वर्ग के परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे और उनकी पुत्रियों की शादी में आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री मंगलवार को विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि विभागों के रिक्त पदों को भरे जाने की आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जाय। जिन रिक्तियों की तैनाती अन्य विभागों के माध्यम से होनी है, वहां पर पत्राचार कर तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विभागों में रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरे जाने के निर्देश दिये है और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों के भरे जाने से विभागों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और लाभार्थियों को बेहतर सेवाएं प्रदान हो सकेंगी। इससे न केवल विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बैठक में बताया गया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में 154 पद रिक्त है तथा 289 पद भरे हुए है।

# विभाग के खाली पदों को जल्द भरने की प्रक्रिया पूरी हो : स्वतंत्र देव सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्त निमार्णाधीन बाढ़ परियोजनायें आगामी 20 जून तक हर हाल में पूर्ण करा ली जाये। परियोजनाओं की गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित

- **जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने समीक्षा बैठक कर विभागीय अधिकारियों को दिया निर्देश**

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की होगी, इसलिए समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियंता अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्र के अंतर्गत निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण जरूर करें। उन्होंने कहा कि वो स्वयं परियोजनाओं स्थलीय निरीक्षण करेंगे और यदि किसी प्रकार की खामी पायी जाती है तो संबंधित मुख्य अभियंता की जवाबदेही तय की जाएगी। जल



शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश मंगलवार को उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व तैयारियों तथा अन्य विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक में दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ के प्रति समेकित दृष्टिकोण अपनाते हुए संभावित बाढ़ आपदा से निपटने के लिए सजग, तत्पर एवं कृत संकल्पित रहें। साथ ही उन्होंने विभाग के रिक्त पदों की जानकारी ली और विभागाध्यक्ष को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द विभाग के रिक्त पदों को भरे जाने की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाये।

उन्होंने निर्देश दिया कि स्थानांतरण नीति के अनुसार समय से स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि तीन से अधिक समय से एक ही जिले या पटल पर कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण या पटल परिवर्तन अनिवार्य रूप से किया जाए और स्थानांतरण हो जाने के उपरांत किसी भी दशा में स्थानांतरण आदेश में संशोधन नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जारी प्रदेश के समस्त अति संवेदनशील तटबंधों पर निगरानी के लिए नामित अधिकारी एवं कर्मचारी सतत निगरानी करते रहें। बाढ़ अवधि में बाढ़ सूचनाओं के संकलन एवं संप्रेषण के लिए लखनऊ में स्थापित केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष तथा विभिन्न जिलों में स्थापित समस्त बाढ़ नियंत्रण कक्षों को आगामी 15 जून 2024 से संपूर्ण बाढ़ अवधि में सतत रूप से क्रियाशील रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के जलप्लावन को न्यूनतम करने के लिए ड्रेनों (वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 4020 ड्रेनों की सफाई करानी है जिनकी कुल लंबाई 15585 किलोमीटर है) की सफाई का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाए।

**TENDER FOR HIRING OF CIVIL SECURITY GUARDS AT SURYA SAINIK INSTITUTE, LUCKNOW CANTT**

Tenders are invited for hiring of four (04) Security Guards at Surya Sainik Institute, Lucknow Cantt for the period from **01 Jul 2024 to 31 May 2025.** Desirous agencies may collect form from SSI and drop their quotations along with form in tender box placed at Surya Sainik Institute in a sealed envelope by **1200 pm on 18 Jun 2024.** Tenders will be opened by a BOO at **18 Jun 2024 at 01 pm.** Ex-servicemen will be preferred.

SURYA SAINIK INSTITUTE
C/O 4/3 GR
C/O 56 APO

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

## भाषा विवि में विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम जारी

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हाल ही में सम्पन्न हुई विभिन्न विषम परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। बता दें कि सत्र 2023-24 की विषम परीक्षाओं के परिणाम में परास्नातक के सभी विषयों की द्वितीय छमाही जिसमें एमए अरबी, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, गृह विज्ञान, ऊर्दू, हिंदी, पत्रकरिता एवं जनसंचार और एमकॉम, एमसीए, एमटेक, एमबीए, एलएलएम तथा बीए एलएलबी द्वितीय छमाही, पीजी डिप्लोमा (सीएमआई) द्वितीय छमाही, यूजी डिप्लोमा (अरबी और जीएसटी) और सर्टिफिकेट इन प्रोफिशिएंसी ऑफ फ्रेंच के द्वितीय छमाही के परीक्षा परिणाम भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in/results पर जाकर देख सकते हैं।

## सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र सोनू गुप्ता को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। महेश कुमार पुत्र रामयश निवासी-ग्राम बेलहरी, पोस्ट अलियाबाद, थाना दरियाबाद, बाराबंकी।

## सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपनी इच्छा से बिना किसी दबाव व बहकावे में न आकर अपना मुस्लिम धर्म बदलकर हिन्दू धर्म अपना लिया है। साथ ही मैंने अपना नाम छीया इरम पुत्री यूनुस निवासी दाणी लीमडा ग्राम पटेल वास अहमदाबाद, गुजरात से बदलकर अंकिता रख लिया है। भविष्य में मुझे अंकिता के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। अंकिता ग्राम मोहम्मदा पुर, गिलौला, श्रावस्ती, उत्तर प्रदेश।

# शहर में चलने के लिए सिर्फ 23761 ई-रिक्शा वैध घोषित

- अराजकता पर लगेगी लगाम
- पुलिस लाइन में वितरित किया गया रूट चार्ट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। शहर में यातायात व्यवस्था को ध्वस्त करने में लगे ई- रिक्शा चालकों पर अब पुलिस ने लगाम कसनी शुरू कर दी है। मंगलवार को पुलिसलाइन में हुई लॉटरी में सिर्फ 23761 ई-रिक्शा ही वैध पाए गए हैं। जिनके लिए पुलिस ने रूट चार्ट निर्धारित कर दिया है। अब यह रिक्शा रूट चार्ट के आधार पर सड़कों पर सवारियां बैठा और उतार सकेंगे। इसके अलावा सड़क पर चलने वाले अन्य रिक्शा के खिलाफ एक माह के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। जेसीपी ने ई-रिक्शा के लिये निर्धारित सभी 16 जोनों के पुलिस अधिकारियों निंदेश जारी किये है। जिससे अवैध रूप से सड़क पर जाम का कारण बन रहे ई-रिक्शा पर काबू पाया जा सके।

जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा में कई प्रयास किया जा रहे हैं। जिसमें ई-रिक्शा चालकों की अराजकता से यातायात को सुधारने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कई बार सख्ती के बावजूद भी ई-रिक्शा चालकों की अराजकता समाप्त होने का नाम नहीं ले रही थी। प्रतिबन्ध के बावजूद भी इलाकों में चल रहे ई-रिक्शा लोगों के लिये परेशानी का कारण बन रहे थे। जिसके लिए बीती 30 दिसंबर को एक फॉर्म को वितरित किया गया था। ताकि ई-रिक्शा मालिक उसे भरकर जमा कर सकें। जिससे उनका रूट निर्धारण कर यातायात व्यवस्था को सुधारा जा सके। इसके बावजूद भी आधे से अधिक ई-रिक्शा मालिकों ने फॉर्म भरकर नहीं जमा किया है। मंगलवार को पुलिस लाइन में हुयी लाटरी में 26890 फॉर्म जमा किए गए थे। जिसमें से 23761 फॉर्म ही सही पाए गए है। बाकी फॉर्म कई वजहों से गलत पाए गए थे। जिसे निरस्त कर दिया गया है। वर्तमान में 53361 ई-रिक्शा ही आरटीओ कार्यलय में पंजीकृत है। ऐसे में जिन ई-रिक्शा चालकों ने फॉर्म भरकर नहीं जमा किया गया है। वह एक माह बाद कठोर दंड के भागीदार बनेंगे। उन पर मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई कर ई-रिक्शा जप्त किया जाएगा। किसी भी प्रकार से जो ई-रिक्शा पंजीकृत नहीं है, उन्हें सड़कों पर चलने नहीं दिया जाएगा। लाटरी में निरस्त किये गये फार्म में अधिकाशं फार्म दो बार जमा किये गये है। जबकी कई फार्म गैर जनपदों से लाकर जमा किये गये थे। जो लखनऊ जोन में नहीं चल सकते थे। जिसे निरस्त कर दिया गया। जबकी कई फार्म में दी गयी सूचनायें सही नहीं पायी गयी थी। जिन्हें सही करने के लिये दुबारा से जमा करने के लिये कहा गया है।

**परमिट व्यवस्था से थे मुक्त:** जेसीपी ने बताया कि वर्तमान में लगभग 53,361 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं जो परमिट व्यवस्था से मुक्त हैं। जो खासतौर पर चारबाग रेलवे स्टेशन, चरक चौराहा, अवध चौराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, ठाकुरगंज, राजाजीपुरम, पारा समेत सआदगतगंज में काफी बड़ी संख्या में संचालित हो रहे है। वर्तमान में इस पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है न ही इनके लिये किसी तरह का रूट निर्धारण किया गया है। जिससे यातायात बाधित होने से लोग परेशान हो रहे है। कैसरबाग चौराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, कमता चौराहा पर अत्यधिक संख्या में ई-रिक्शा होने के कारण उच्च न्यायालय में आने जाने वाले न्यायमूर्तियों, अधिवक्ताओं, वादकारियों तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों में आने जाने वाले अधिकारियों आदि को असुविधा उत्पन्न हो रही है, जिससे जनहित प्रभावित हो रहा है। इसी प्रकार चारबाग स्टेशन आदि पर अधिक संख्या में ई-रिक्शा होने के कारण यात्रियों के रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करने में भी असुविधा हो रही है। व्यापार मण्डल एवं मीडिया द्वारा भी बेलगाम ई-रिक्शा से हो रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाता है। यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुगम बनाने के लिये अनियंत्रित संख्या में बिना किसी रूट व्यवस्था के चल रहे ई-रिक्शाओं के संचालन को नियंत्रित किये जाने की महती आवश्यकता के दृष्टिगत ई-रिक्शा के रूट निर्धारण हेतु कतिपय व्यवस्थायें लागू की गयी हैं। बनायी गयी व्यवस्थाओं के अन्तर्गत समस्त ई-रिक्शा चालकों को 30.12.2023 को निशुल्क फार्म वितरण कर नाम पता एवं 03 जोन का विकल्प देते हुए विवरण मांगा गया था। यह आदेश दिनांक 30.12.2023 को निर्गत किया गया था। सम्पूर्ण शहर को सहायक पुलिस आयुक्त के क्षेत्र के अनुसार 16 सर्किल में बांटा गया था, प्रत्येक सर्किल में लगभग तीन थाने हैं। इन 16 सर्किलों को 16 जोन के रूप में बांटा गया है। जिनके अन्तर्गत ही ई- रिक्शा का संचालन करने के लिये व्यवस्था की गयी है। वर्तमान में फार्म भरवाने की प्रक्रिया ऑफलाईन पूर्ण की जा चुकी है। जिसका अब ऑनलाइन विकल्प ही बचा है। जिसे लखनऊ पुलिस की वेबसाईट पर दे दिया गया है। जहाँ पर बचे ई-रिक्शा मालिक आवेदन कर असुविधा के बच सकेगें।

**एक जोन में 500 ई-रिक्शा:** जेसीपी ने बताया कि सामान्य परिस्थितियों के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में एक जोन हेतु 500 ई-रिक्शा की सीमा निर्धारित की गयी है। इससे अधिक विकल्प भरने वाले शेष ई-रिक्शा को भरे गये द्वितीय विकल्प के लिये विचार किया गया। यह प्रक्रिया समस्त जोन्स के लिये अपनायी गयी है। इस प्रकार लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए समस्त ई-रिक्शा चालकों को उनका क्षेत्र आवंटन किया गया। ऑनलाईन रूट के लिये छूटे हुए आवेदन भरे जाने पर एवं भविष्य में नये ई-रिक्शा चालकों द्वारा ऑनलाइन भरे जाने पर उन्हें रिक्त क्षेत्र के जोन आवंटित किये जा सकेंगे। जोन आवंटन के पश्चात ई-रिक्शा चालकों को अपना-अपना कलर कोडेड स्टीकर डाउनलोड करके ई-रिक्शा पर प्रदर्शित करना होगा। पाँच पुलिस उपायुक्त के पाँच प्रमुख कलर (लाल, हरा, नीला, काला, पीला) स्टीकर के आधे ऊपरी भाग में होंगे एवं पुलिस उपायुक्त के सहायक पुलिस आयुक्त का कलर इन पाँच कलर के साथ स्टीकर पर बचे हुए आधे भाग पर होगा। यदि कलर कोडेड स्टीकर डाउनलोड करने में कोई समस्या आती है तो यातायात पुलिस कार्यालय में जाकर अपना स्टीकर प्राप्त कर सकेंगे। इस सम्बन्ध में किसी भी सहायता हेतु हेल्पलाइन नम्बर- 9454405155 व 7309979797 पर काल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। रूट आवंटन एक वर्ष के लिये मान्य होगा एवं एक वर्ष के पश्चात पुनः लॉटरी आवंटन परिवर्तित किया जायेगा। ताकि समस्त ई-रिक्शा चालकों को शहर में चलने का समान अवसर प्राप्त हो सके। समस्त जोन के कलर कोड निर्धारित किये गये हैं, जो चार्ट-1 के रूप में प्रदर्शित हैं। इस एक माह की अवधि में यदि ई-रिक्शा स्वामी के अन्य कोई सुझाव आपत्ति होंगे तो उस पर भी विचार किया जायेगा। समस्त कार्यवाही निशुल्क है एवं किसी भी कार्यालय में किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं है। समस्त ई-रिक्शा चालकों द्वारा भरे गये विकल्प जोनवार चार्ट-2 के रूप में प्रदर्शित हैं।

## प्रेमिका के साथ रेस्टोरेंट गये प्रेमी की पत्नी ने काटा बवाल

लखनऊ । बीबीडी थाना क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रमिका को डेट कर खाने पर ले आना एक प्रेमी को मंहगा पड़ गया। प्रेमी की पत्नी को इसी बात की भनक लग गई। सूचना मिलने की पत्नी रेस्टोरेंट पहुंची। उसने वहां जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस प्रेमी को थाने लाई। शांति भंग की आशंका में उसका चालान कर दिया।

मूल रुप से नीलमथा कैंट का रहने वाला योगेश अपनी प्रेमिका को लेकर बीबीडी थाना क्षेत्र के जायका रेस्टोरेंट पर आया था। वह खाने का ऑर्डर दे चुका था। प्रेमी और प्रेमिका एक टेबल पर बैठकर बातचीत कर रहे थे।

# युवती की गला दबाकर हत्या, शरीर पर चोट के निशान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र भांजे की घर गयी युवती की गला दबाकर हत्या कर दी गई। युवती का शव भांजे के घर के करीब पड़ा पाया गया। जिसके गले में कसाव के निशान थे। जिसके साथ ही उसके शरीर पर कई जगह चोट के गहरे निशान थे। जिसे देखकर लग रहा था कि युवती ने हत्यारों से बचने के लिये संघर्ष किया था। लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। हत्यारों की एक से अधिक होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस इसे प्रेम-प्रसंग समेत जमीन विवाद को लेकर जांच मे जुटी है। फिलहाल देर रात पुलिस ने शराब व्यापारी के ड्राइवर समेत तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार के मुताबिक मंगलवार की पुलिस कंट्रोल रूम पर एक युवती का शव मिलने की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त जेहटा निवासी पूनम रावत (26) पुत्री राजेन्द्र रावत के रुप में की थी। पिता राजेंद्र रावत ने बताया कि वह संयुक्त परिवार में रहते हैं। सुबह करीब 6बजे ग्रामीणों ने बेटी पूनम को घर से करीब चार सौ मीटर की दूरी पर उनके भांजे कृष्ण रावत के मकान के बगल मृत अवस्था में देखकर सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि पूनम के गले और चेहरे तथा पीट पर जख्म के निशान थे और बालों में कुथिया लगी हुई थी। छोटी बहन नमिता ने बताया कि पिता राजेंद्र जेहटा चौराहे पर चाट का ठेला लगाते हैं। डीसीपी ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे पूनम पारिवारिक सदस्यों के साथ खाना-खाकर कमरे में सोने चली गई थी। दूसरे दिन मंगलवार की 6बजे सुबह उसका शव घर के नजदीक सड़क किनारे पड़ा मिला। नमिता ने बहन की हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि एक लम्बे समय से जमीन को लेकर पड़ोसियों से उनका झगड़ा चल रहा है। जिसको लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

**कई टीमें गठित:** डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। जिसके लिये टीमें गठित कर दी गई है। तहकीकात की जा रही है। जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी ने बताया कि परिजनों के लगाये गये आरोपों की जांच की जा रही है। कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। उनको देखा जा रहा है। विवाद में हत्या के पहलू के अलावा अन्य बिंदुओं पर भी तफ्तीश की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। पहले जमकर पीटा, पूनम ने बचाव की कोशिश भी की पूनम के गले समेत शरीर भर में कई चोट के निशान हैं। अंदेशा है कि पहले उसको जमकर पीटा गया। पूनम ने बचाव के लिए विरोध किया। इसलिए खरोंच के निशान भी हैं। आखिर में उसका गलाघोंट दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ये सभी चीजें स्पष्ट हो जाएंगीं।

**महिला का शव नाले में मिला:** मोहनलालगंज। मंगलवार की शाम को क्षेत्र के गौरा गाँव में बाक नाले में पुल के पास फंसा अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक मंगलवार की शाम लगभग साढे छह बजे गौरा गांव में बाक नाले में पुल के पास महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली। मृतका की उम्र चालीस वर्ष के करीब होगी। शव करीब छह दिन पुराना लग रहा है। महिला ने काले रंग की लैगी व हरे रंग का कुर्ता पहन रखा था। ग्रामीण हत्या कर शव नाले में फेंके जाने की बात कह रहे है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव के मुताबिक महिला का शव बहकर गौरा पुल तक पहुंचा है, शव कई दिन पुराना है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## महिला बैंक एजेंट के बाल खींच कर सड़क पर पीटा

लखनऊ। बीकेटी के अस्ती गांव में सरेराह बैंक एजेंट के साथ छेड़छाड़ की गयी। विरोध करने पर शोहदे ने उसके बाल खींच कर जमकर पीटा। जिसके बाद उसे सड़क पर पटक कर कपड़े फाड़ दिए और गला दबाकर जान से मारने की भी कोशिश की। चीख पुकार सुनकर बीचबचाव के लिए आए भाई की भी शोहदे ने पिटाई कर दी। आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपी ने दोनों को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। बीकेटी निवासी पीड़िता के मुताबिक वह बैंक एजेंट है और विकासनगर स्थित कार्यालय में क्रेडिट कार्ड बनाने का काम करती है। सोमवार देर शाम वह विकासनगर स्थित अपने कार्यालय से घर लौट रही थी। बीकेटी चौराहे के पास ई-रिक्शा पर बैठी, तभी अस्ती गांव निवासी ऑटो ड्राइवर आशु सिंह भी ई-रिक्शा पर आगे बैठ गया। अस्ती मोड़ पर ई-रिक्शा से उतरकर पैदल घर जाने लगी। कुछ दूर बढ़ी तभी पीछे से आकर आशू उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध जताने पर आरोपित ने पिटाई कर दी। बाल पकड़कर सड़क पर घसीटा। सड़क पर गिर जाने से हाथ-पैर में भी चोट आ गई। फिर भी नहीं रुका और कपड़े फाड़ दिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-छबैला, विकास खंड सरदार नगर, गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत-छबैला, विकास खण्ड-सरदार नगर जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा-पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस० एल० डब्लू० एम० एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू , सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 12.06.2024 से 22.06.2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 22/06/2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 4.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्ते :-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी०एस०टी० देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी०डी०सी० सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

| आशा देवी | अरविन्द कुमार |
|---|---|
| ग्राम प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत छबैला | ग्राम पंचायत छबैला |
| विकास खण्ड सरदार नगर, गोरखपुर | विकास खण्ड सरदार नगर, गोरखपुर |

**कार्यालय ग्राम पंचायत-भाऊपुर, विकास खंड सरदार नगर, गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत-भाऊपुर, विकास खण्ड-सरदार नगर जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा-पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस० एल० डब्लू० एम० एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू , सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 12.06.2024 से 22.06.2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 22/06/2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 4.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्ते :-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी०एस०टी० देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी०डी०सी० सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

| कृष्णमुरारी निषाद | अरविन्द कुमार |
|---|---|
| ग्राम प्रधान | सचिव |
| ग्राम पंचायत भाऊपुर | ग्राम पंचायत भाऊपुर |
| विकास खण्ड सरदार नगर, गोरखपुर | विकास खण्ड सरदार नगर, गोरखपुर |

## स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइंस ने किया विशाल भंडारा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइन्स, लखनऊ परिसर के मुख्य द्वार पर ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया।

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइन्स लखनऊ में निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉजीके गोस्वामी ने बताया कि संस्थान में इस प्रकार का यह पहला आयोजन है जिसमें विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर हनुमान जी का पूजन कर इस संस्थान के उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ-साथ छात्र तथा समस्त स्टाफ के मंगल जीवन की कामना की। भण्डारे में यूपीएसआईएफएस के छात्र-छात्राओं एवं परिसर के आस-पास के स्थित के गाँव के लोगों द्वारा हजारों की संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया गया। संस्थान के निदेशक गोस्वामी ने यह भी बताया कि मंगलवार यूपीएसआईएफएस, लखनऊ के दूसरे शैक्षणिक सत्र 2024-25 के बीटेक-एमटेक पाँच वर्षीय एकीकृत कोर्स में प्रवेश हेतु काउंसलिंग का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रवेश लेने आये बच्चे एवं अभिभावकों के साथ एक बैठक कर उन्हें नये एडमीशन के लिये शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि नये शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चो के प्रति हमारी जिम्मेदारियाँ महत्वपूर्ण है। बच्चे यहाँ से मात्र डिग्री लेकर नही निकलेंगे, बल्कि अपने विषयों में एक निपुण एवं कुशल नागरिक बन कर देश विदेश में संस्थान का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा, उपनिदेशक चिरंजीव मुखर्जी एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री अतुल कुमार यादव, सहायक कुलसचिव डॉ0 गौरव कुमार राय, डॉ0 अजिता सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी श्री संतोष कुमार तिवारी एवं प्रतिसार निरीक्षक सतीश सचान सहित संस्थान के समस्त स्टाफ ने प्रसाद वितरण कर भण्डारे को सकुशल सम्पन्न कराया।

## सेवानिवृत्त दारोगा सहित गीतापल्ली वार्ड के पार्षद ने कराया विशाल भण्डारा



लखनऊ। जेष्ठ माह के तीसरे बडे मंगल पर कृष्णा नगर इलाके के एलडीए कालोनी स्थित कमेटी हाल गोल मार्केट सेक्टर डी में रहने वाले रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर रविकान्त त्रिपाठी ने अपने सेवानिवृत्त सहयोगी दर्शन मिश्रा के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन करा पूड़ी सब्जी, लड्डू बूंदी व छोले चावल के साथ फलों का वितरण कराया। वही आलमबाग स्थित वीआईपी रोड पर गीतापल्ली वार्ड की बीजेपी पार्षद ऋचा आदर्श मिश्रा के कार्यालय पर संजय राय, अंकित पांडये, अमित अवस्थी, नीतू राय, शिवम, राहुल, के साथ मिलकर छोले पूड़ी, राजमा चावल, समेत लड्डू व कोल्डड्रिंक का भण्डारे के दौरान वितरण किया। इस दौरान लोगों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## बस परिचालक की पिटाई के मामले में पांच पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

- मानवाधिकार आयोग के संज्ञान लेने के बाद डीसीपी पूर्वी ने देर रात लिया एक्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । चिनहट पुलिसकर्मियों द्वारा बस परिचालक की बेरहमी से पिटाई के मामले में एक दरोगा सहित पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने सोमवार देर रात यह कार्यवाही की। मानवाधिकार आयोग ने 18 जून तक पुलिस कमिश्नर से आख्या रिपोर्ट मांगी है। पुलिस की लगातार हो रही किरकिरी से बचने के लिए यह कार्यवाही की गई है। पांच पुलिसकर्मियों पर एक साथ गाज गिरने से चिनहट कोतवाली में खलबली मची हुई है।

आपको बता दें कि संतकबीर नगर के रहने वाले महिपाल सिंह की इंटरसिटी बस संख्या यूपी 51एटी 7774 के बस परिचालक संतोष दूबे उर्फ बद्र दूबे कमता क्षेत्र से कुछ सवारी भरने के कारण चिनहट पुलिस की सेकेंड मोबाइल जिसे इम्तियाज नामक पुलिसकर्मी चला रहा था। बस के आगे अपनी जीप लगाकर बस को रोक लिया। इम्तियाज ने परिचालक संतोष दूबे का हाथ पकड़कर नीचे घसीट लिया। इम्तियाज संतोष को घसीटता हुआ कमता चौकी के अंदर ले गया। चौकी के अंदर मोटे रबड़नुमा पाइप से उसे पीटने लगा। संतोष चीखता चिल्लाता रहा लेकिन इम्तियाज और अन्य पुलिसकर्मी उसे लगातार पीटते रहे। भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उसे कहने लगे दोबारा इस रूट पर बस लेकर दिखाई दिए तो फर्जी मुकदमें लाद कर जेल भेज दूंगा। परिचालक को पीटने के बाद गाड़ी को डग्गामार बताते हुए अवैध तरीके से सवारी बैठाने के आरोप में सीज कर दिया गया। चिनहट पुलिस की बर्बरता से बस परिचालक की पिटाई का मामला हाईलाइट होने पर डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने पूरे प्रकरण में जांच करने का आदेश दिया था। इस प्रकरण में आरोपी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्रारंभिक जांच की फाइल भी खोली जा चुकी है। उधर मानवाधिकार आयोग ने भी संज्ञान लिया है। आयोग ने पुलिस कमिश्नर से 18 जून तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। ममाले में डीसीपी पूर्वी ने उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह, कांस्टेबल कुलवंत, कांस्टेबल इम्तियाज और कांस्टेबल अमित कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है।

**प्रभारी निरीक्षक ने उच्चाधिकारियों दी गलत रिपोर्ट:** चिनहट कोतवाली में तैनात पांच पुलिसकर्मियों को एक साथ लाइन हाजिर किए जाने से स्थानीय कोतवाली में हड़कंप मचा हुआ है। लाइन हाजिर हुए दो पुलिसकर्मियों ने कहा कि इंस्पेक्टर चिनहट ने उच्च अधिकारियों को गलत रिपोर्ट दी। इंस्पेक्टर मारपीट में शामिल अपने खासमखास दो पुलिसकर्मियों को बचाने के लिए दो ऐसे पुलिसकर्मियों का नाम उच्चाधिकारी का बताया जो मारपीट के दौरान मौके पर मौजूद तक नहीं थी। उक्त पुलिसकर्मियों ने कहा कि जिस बस परिचालक की बेरहमी से पिटाई हुई और कुछ ही देर बाद बस को किस दरोगा ने सीज किया। जाहिर है जिस दारोगा ने बस को सीज किया वह घटना स्थल पर मौजूद रहा होगा। लाइन हाजिर हुए दो पुलिसकर्मियों ने इंस्पेक्टर की गलत रिपोर्ट पर हुए कार्यवाही के मामले में डीसीपी पूर्वी से मिलकर अपनी सफाई प्रस्तुत करेंगे। दोनों पुलिसकर्मियों ने कहा कि वह इस बात की भी जानकारी देंगे कि प्रभारी निरीक्षक चिनहट ने कैसे अपने दो चहेते पुलिसकर्मियों को बचाने के लिए गलत नाम भेज दिया।

## 16 साल से फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने पुलिस अभिरक्षा के दौरान 16 सालों से फरार चल रहे शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई। बताया जा रहा है कि वाराणासी पुलिस की तरफ से शातिर पर पच्चीस हजार रूपये का ईनाम घोषित था। जानकारी के अनुसार एक हत्या के मामले में 2008 से एक हत्या के मामले में जेल से वाराणासी के एक अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में भर्ती था। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया था। इस दौरान वह दिल्ली जाकर लाल बहादुर राम के नाम से रहने लगा तथा वहीं पर राजगीर का काम करने लगा। फरार होने के उपरान्त अपना नाम-पता बदल-बदल कर भिन्न-भिन्न स्थानों पर रहने लगा। उल्लेखनीय है कि वाराणसी पुलिस द्वारा इसके गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित कर तलाश की जा रही थी।

## फूड डिलीवरी ब्वॉय का शव कमरे में पड़ा मिला

लखनऊ। अलीगंज सेक्टर-एन में मंगलवार सुबह फूड डिलीवरी ब्वॉय का शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला। गले में गमछे का फंदा कसा हुआ था। उसी गमछे का दूसरा सिरा पंखे से बंधा था। विकासनगर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को निकाला। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। मूलरूप से नेपाल के वडिया का निवासी सौरभ श्रीवास्तव (27) अलीगंज सेक्टर-एन में किराये के मकान में बहन अन्नू के साथ रहकर फूड डिलीवरी करते थे। ममेरे भाई विकास श्रीवास्तव ने बताया कि अन्नू एक सप्ताह से नोएडा स्थित बहन के घर गई थी। सौरभ कमरे पर अकेले थे। सोमवार रात 12:36 बजे तक वह ऑनलाइन थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में किसान पथ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ई रिक्शा चालक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।


तीसरे बड़े मंगल पर हनुमान सेतु मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु


लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय


अलीगंज हनुमान मंदिर में बजरंगबली के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर...

## ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर राजधानी के हनुमान मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, शहर में जगह-जगह लगे भंडारे





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह का तीसरा बड़ा मंगल श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाया गया। भोर होते ही शहर के सभी हनुमान मंदिरों में जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहु लोक उजागर, जय जय जय हनुमान गुसाईं कृपा करहुं गुरुदेव की नाईं नामक चौपाइयां फिजा में गूंजने लगी।

हर कोई सुबह सुबह बजरंगबली के दर्शन के लिए हनुमान मंदिरों की ओर बढ़ चला। शहर भर के मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ बजरंगबली की पूजा श्रद्धा सत्कार के साथ की गयी। रात 12 बजे से ही भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर मारुतिनंदन के दर्शन के लिए कतार में लग गए। अलीगंज हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु आदि बजरंगबली के मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की हुजूम उमड़ पड़ा। भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंगबाण का पाठ कर सुख समृद्धि की कामना की। पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर हनुमान भक्तों के जयकारे से गूंज उठे।

**अलीगंज नया हनुमान मंदिर में बजरंगबली का हुआ भव्य श्रृंगार:** अलीगंज हनुमान मंदिर में बजरंगबली का भव्य श्रृंगार हुआ। दिन भर में 11 बार चोला बदला गया। मंगलवार भोर में 12 बजे मंदिर का खुला कपाट मंगलवार रात 12 बजे बंद हुआ। 36 घण्टे लगातार भक्तों ने दर्शन किए। मंदिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि बजरंगबली को 2.5 कुंतल लड्डू, एक हजार कालाजाम, सब्जी-पूड़ी और हलवा का भोग लगाया गया। मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रभु के दरबार पहुंचकर हाजिरी लगाई। मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित भंडारे में तीन तरह की सब्जी-पूड़ी, रायता और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

**हजारों भक्तों ने चढ़ाया हनुमान जी को चोला:** प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों का ताता लग रहा। हजारों की संख्या में भक्तों ने सिंदूर और वस्त्र का चोला अर्पित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विवेक ने बताया लखनऊ का पहला मंदिर है जहां हनुमान जी का चोला उपलब्ध है और भक्त अपने हाथ से चढ़ते हैं। भव्य श्रृंगार और आरती के बाद भंडारा प्रारंभ हुआ। शाम 4:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। रात्रि को हनुमान जी की महा आरती उतारी गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के पंकज सिंह भदोरिया, रिद्धि किशोर गौड़, जगदीश श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, लवलीन खोसला, प्रहलाद अग्रवाल, सुरेंद्र, पंडित अमर मिश्रा व्यवस्था में लग रहे। रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि मंदिर में हनुमान जी का चोला उपलब्ध है जिसमे वस्त्र, सिंदूर, घी, जनेऊ, चरण रहते हैं कोई भी व्यक्ति मंगलवार या शनिवार अर्पित कर सकता है।

**भोर होते ही लगी भक्तों की लंबी कतार:** लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में भोर से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। मंगलाआरती के साथ मंदिर के कपाट खुले, और सुबह और शाम बजरंगबली की भव्य आरती हुई। भक्तों ने जय श्री राम और पवनसुत हनुमान के जयकारे लगाए। मंदिर के ने कहा कि ज्येष्ठ माह के सभी बड़े मंगल पर बजरंगबली की अपने भक्तों पर खास कृपा होती है। सच्चे मन से प्रभु के दरबार में सिर झुकाने से संकटमोचन भक्तों के सारे संकट हर लेते हैं। मन्दिर की ओर से करीब 75 हजार लड्डू बनवाए गए थे। मन्दिर आने वाले भक्तों को एक-एक लड्डू प्रसाद स्वरूप दिया गया।

**कोनेश्वर महादेव मंदिर:** चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर में सुबह और शाम बजरंगबली की आरती हुई। सुबह पांच बजे से ही भक्त बजरंगबली के दर्शन के लिए पहुंचने लगे। बजरंगबली को 101 किलो बूंदी का भोग लगाया गया। कोनेश्वर महादेव प्रबंधक कमेटी की ओर से मंदिर के बाहर भण्डारे का आयोजन हुआ। सुबह से लेकर शाम तक सब्जी पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। शाम को भजन मण्डली की ओर से सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ।

**दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर:** हजरतगंज में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से भक्तों की काफी भीड़ रही। यह सिलसिला दोपहर 12 बजे तक चलता रहा। उधर शाम छह बजे के बाद नरही, लालबाग, हुसैनगंज सहित शहर के दूरदराज से आये भक्तों की लाइन लग गई। मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर के बाहर समाजसेवियों ने भक्तों के लिए भंडारे और प्याऊ की व्यवस्था की।

**अमीनाबाद हुनमान मंदिर में सिन्दूर और चांदी के वर्क से हुआ श्रृंगार:** अमीनाबाद हनुमान मंदिर बड़े मंगल 4 बजे मंदिर के कपाट खोल दिये गये। सुबह 5:30 बजे मंगला आरती हुई। 11:30 बजे सब्जी-पूड़ी, हलवा, चना, बूंदी और भोग लगाकर आरती उतारी गयी। मंदिर के प्रधान पुजारी श्याम पाठक ने बताया कि बजरंगबली का सिन्दूर, चांदी के वर्क से श्रृंगार किया गया। शाम को सुंदरकाण्ड का पाठ आयोजित किया गया।

**हनुमान मंदिरों में हुआ चालीसा का पाठ:** इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न हनुमान मंदिरों में आरती, पूजन और फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया, जिसके बाद मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। तेज धूप और गर्मी भी भक्तों की आस्था के आगे रुकावट नहीं बन सकी। भक्त तड़के ही दर्शनों के लिए पहुंचने लगे। इस दौरान मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड आदि पाठ का आयोजन किया गया। मंदिरों में दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

## एसएनए के भंडारे में शामिल हुए संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में ज्येष्ठ के तीसरे बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले परिसर में कलाकारों ने सुंदरकांड का गायन किया। भंडारे का शुभारंभ अकादमी के निदेशक शोभित कुमार नाहर ने हनुमान जी की आरती कर किया। भंडारे में पूड़ी, सब्जी और आइसक्रीम आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने अकादमी के निदेशक शोभित कुमार नाहर के साथ प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में डॉ. शोभित कुमार नाहर, सौरभ सक्सेना, डॉ पवन तिवारी, अखिलेश यादव समेत, संगीत नाटक अकादमी, कत्थक केंद्र और रेडियो जयघोष के सभी कर्मचारी भी शामिल हुए।

## भक्तों ने प्रसाद में बांटी पूड़ी-सब्जी, पिलायी शरबत





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ महीने के तीसरे बड़े मंगल पर शहर में हर छोटे-बड़े हनुमान मंदिर पर भक्तों का सुबह से भीड़ लगी रही। हर कोई हाथों में प्रसाद और फूल-माला लेकर बजरंगबली के दर्शनों के लिए व्याकुल था। इस मौके पर शहर के लगभग हर गली-चौराहे पर प्रसाद वितरण हो रहा था। कहीं पर भंडारा चल रहा था, तो कहीं शरबत पिलाया जा रहा था। मंदिर परिसर में लगी दुकानों पर भीड़ किसी मेले से कम नहीं थी। महिलाएं जहां श्रृंगार का सामान खरीदने में लगी हुई थी। वहीं, छोटे-छोटे बच्चे खिलौने खरीदने के लिए मचल रहे थे। आलमबाग के संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा और हनुमानाष्टक पाठ का चल रहा है।

**जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन के भंडारे में प्रसाद वितरित :** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आज दोपहर बी- ब्लॉक सूरज दीप कॉमप्लेक्स, 1 जॉपलिंग रोड, लखनऊ में ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित बड़ा मंगल भंडारे में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रातःकाल हनुमान जी की पूजा-अर्चना और सुंदरकांड का पाठ हुआ। इस अवसर पर जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह और उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने हनुमानजी को भोग लगाया और भंडारे में बजरंगबली का प्रसाद पूड़ी, सब्जी, मट्ठा, बूंदी, केला, सेब का वितरण श्रद्धालु भक्तों और जरुरतमंदों में किया। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह और ज्योति सिंह ने आई ए एस करुणेश सिंह को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर जीवन ज्योति सम्मान से सम्मानित किया। भंडारे में पूर्व विधायक अरुण वर्मा, पूर्व एम एल सी राम रतन राजभर, एल डी ए अनु सचिव अतुल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





# दशहरी आम के स्वाद के लिए करना होगा एक हफ्ता और इंतजार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अगर फलों के राजा आम की बात करे तो लखनऊ के मलिहाबाद का दशहर आम सबसे फेमस है, लेकिन अगर आमों की वैराइटी का स्वाद लेने के लिए एक हफ्ता और इंतजार करना पड़ेगा।

इसी बीच मलिहाबादी दशहरी आम को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति के महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 250 से अधिक किसानों ने मिलकर बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि 13 जून के बाद ही दशहरी आम किसान तोड़कर बाजारों तक भेजेंगे, वहीं देश-विदेश की मंडियों में भी 13 जून के बाद ही आम लखनऊ से भेजा जाएगा। आम की बागवानी करने वाले किसानों से बातचीत हो गई है। सभी लोगों ने अपनी सहमति जताई है।

**आम के पकने के समय बारिश का काफी महत्व:** आम की बागवानी करने वाले उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि दशहरी आम के पकने के समय बारिश का काफी महत्व है। ऐसे समय में बारिश हो जाए तो आम ज्यादा मीठे और आकार में बड़ा हो जाता है। आम के पेड़ों की जड़ों में सिंचाई से भी बेहतर परिणाम मिलेंगे। बता दें कि लखनऊ के मलिहाबाद, माल, काकोरी व बीकेटी की आम बेल्ट में लगभग 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी होती है। यहां दशहरी, चौसा, लंगड़ा जैसी बेहतरीन किस्मों की पैदावार होती है।

**लखनऊ से खाड़ी देशों में होता है आम का निर्यात:** बता दें कि देश के कुल आम उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत अकेले उत्तर प्रदेश में होता है। लखनऊ से यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व खाड़ी के देशों में आम का निर्यात होता है। विश्व प्रसिद्ध मलिहाबादी दशहरी आम का दुबई, मस्कट, बहरीन और यूएई में भी जाता है। साल भर के इंतजार के बाद आखिरकार अब समय आम का कारोबार शुरू होने होने वाला है। मलिहाबाद में लगने वाली अस्थायी मंडी एक बार फिर से सजने की तैयारी है। गर्मी के बावजूद देश के विभिन्न हिस्सों से खरीदार पहुंच रहे हैं।

### एक लाख मीट्रिक टन से ज्यादा होगा आम का उत्पादन

उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आमों पर बैगिंग को हटा लिया गया है। इस बार दशहरी आम एक हफ्ता देरी से बाजार में आएगा, क्योंकि अभी पूरी तरह से इसे पकने में वक्त लग रहा है। उन्होंने बताया कि इन दिनों झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है, लेकिन आम के बागवानों को यह राहत दे रही है। तल्ख मौसम की तीखी धूप इस बार दशहरी आम में मिठास बनकर उतरेगी। अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति के महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह बताते हैं कि इस बार आम की गुणवत्ता बेहतरीन और एक्सपोर्ट क्वालिटी की है. फसल को रोग भी कम लगा है। ऐसे में लगभग एक लाख मीट्रिक टन से ज्यादा उत्पादन होने की उम्मीद है। आशा है कि इस बार बागवानों को बेहतर कीमत मिलेगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

**पंत्राक : 207/न०पा०परि०रा०/ पी.डब्लू. (ईओ)- ई-टेन्डरिंग/एन-कैंप यो./2024-25** **दिनांक: 11.06.2024**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

स्वच्छ वायु मिशन कार्यक्रम/15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यों की निविदायें पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से निविदायें दिनांक 14.06.2024 से दिनांक 24.06.2024 को समय 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही www.e-tender.up.nic.in पर ही की जायेगी। अपलोड की गयी निविदायें दिनांक 24.06.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जी.एस.टी. शासन के निर्देशानुसार मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.e-tender.up.nic.in पर एवं कार्यालय के निर्माण अनुभाग से किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)**

| क्र. सं. | नगर पालिका परिषद, रायबरेली | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | Tender upload | 13-06-2024 11.00 AM | |
| 2. | | Tender Download | 14-06-2024 11.00 AM | 24-06-2024 12.00 PM |
| 3. | | Bid Submission | 14-06-2024 11.00 AM | 24-06-2024 12.00 PM |
| 4. | Bid Opening | | 24-06-2024 01.00 PM | |

**(स्वर्ण सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, रायबरेली**

**(शत्रोहन लाल सोनकर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, रायबरेली**

# स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बढ़ायें अफसर : जीएम



- उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिया संरक्षा पुरस्कार
- जीएम ने की गतिशीलता बढाने, संरक्षा और ढांचागत कार्यों की समीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ आज उत्तर रेलवे के विभिन्न परिचालनिक पहलुओं के साथ-साथ कार्य प्रगति की समीक्षा की ।बडौदा हाउस में आयोजित हुई इस बैठक में प्लेटफॉर्मों के लेवल में वृद्धि, वॉशेबल एप्रनो, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट-ओवर-ब्रिज, एस्केलेटर, दिव्यांगजनों के लिए लिफ्ट की सुविधाएं, स्टेशन के प्रवेश द्वार सहित स्टेशन इमारत में सुधार जैसी अनेक यात्री सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया । उन्होंने गतिशीलता बढ़ाने, विकासात्मक, ढांचागत कार्यों, माल लदान और रेलपथों पर संरक्षा की भी समीक्षा की। कार्य-निष्पादन समीक्षा के साथ-साथ महाप्रबंधक ने यात्रियों और रेल संपतति की संरक्षा और सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना योगदान देने वाले 7 सजग कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया ।

महाप्रबंधक ने दोहरीकरण और नई रेल लाइन परियोजनाओं की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ।उन्होंने कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए विभागों को निर्देश दिए, ताकि कर्मचारी मानवीय त्रुटियों को कम करते हुए रेल कार्य-प्रणाली से अवगत रहें ।महाप्रबंधक ने माल व्यवसाय का जायजा लिया और नए ग्राहकों और व्यापार को आकृषित करने के लिए बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों को और अधिक प्रयास करने के लिए कहा ।उन्होंने बीडीयू को ग्राहकों के प्रति विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाने के निर्देश दिए ।उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे द्वारा दी जाने वाली रियायतें उसके ग्राहकों तक पहुँचनी चाहिए ।उन्होंने बताया कि हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्न एवं अन्य मदों के लदान में वृद्धि हुई है ।

## 11.69 करोड़ रुपये से संवर रहा है तुलसीपुर स्टेशन

- यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी, स्टेशन का बदलेगा स्वरुप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर गोरखपुर-गोण्डा लूप खंड पर स्थित तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में हो रही वृद्धि को देखते हुये तुलसीपुर स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 11.69 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है।

तुलसीपुर रेलवे स्टेशन देवी पाटन मंदिर जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों सहित क्षेत्रीय जनता के आवागमन हेतु महत्वपूर्ण है।वर्ष पर्यन्त देश भर से श्रद्धालु यहां आते रहते है। दिन प्रतिदिन यहां आने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है और प्रतिदिन लगभग 2500 यात्रियों का आवागमन होता है।तुलसीपुर स्टेशन के महत्व को देखते हुए अमृत स्टेशन योजना के तहत इसका विकास तेजी से किया जा रहा है।

इस स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया एवं भवन निर्माण का कार्य लगभग 35 प्रतिशत तथा प्लेटफार्म सख्या-01 एवं 02 का लभभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका तथा शेष कार्य प्रगति पर है। इस स्टेशन से होकर विभिन्न नगरो एवं महानगरों के लिए प्रतिदिन 22 यात्री गाड़ियों का संचालन हो रहा है। अमृत स्टेशन के अन्तर्गत पुनर्विकसित किये जा रहे तुलसीपुर रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। यहाँ आने वाले यात्रियों को स्टेशन के फसाड में स्थानीय संस्कृति की छवि देखने को मिलेगी।स्टेशन परिसर में उन्नत पार्किंग, एप्रोच रोड, वेटिंग हॉल एवं प्रसाधन केन्द्रों सहित सभी आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।इस स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य पूर्ण हो जाने पर यहां आने वाले यात्रियों को काफी सुविधा एवं नयी अनुभूति मिलेगी ।

## डीआरएम ने भंडारे का प्रसाद वितरण किया



लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को एनई आर द्वारा आयोजित भव्य भंडारे में भगवान हनुमान जी का वंदन तथा प्रसाद व शीतल पेय का वितरण करते मंडल रेल प्रबंधक, लखनऊ पूर्वोत्तर रेलवे आदित्य कुमार।इस अवसर पर बड़ी संख्या में अफसर व रेलकर्मी मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने प्रसाद बांटा



**लखनऊ।** आलमबाग नटखेड़ा रोड पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने प्रसाद बांटा। आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के साथ प्रसाद बड़े मंगल के उपलक्ष में आलू पूरी बूंदी छोले चावल आइसक्रीम शरबत इत्यादि का वितरण किया गया।

## बड़े मंगल पर कृषि मंत्री ने करवाया भंडारा



**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बड़े मंगल के अवसर पर आज हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भंडारा करवाया। इस दौरान उन्होंने लोगों को प्रसाद भी वितरित किया। इस दौरान मंत्रीगण सुरेश खन्ना, एके शर्मा, स्वतंत्र देव सिंह, धर्मवीर प्रजापति, राकेश सचान, नंद गोपाल नंदी, अनिल राजभर, कपिल देव अग्रवाल, रजनी तिवारी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## युवाओं को प्रदेश में ही उच्च शिक्षा के मिलेंगे विकल्प



**लखनऊ।** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए विधानसभा स्थित कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री की ओर से असेवित जिलों में जहां कोई विश्वविद्यालय नहीं है, वहां पर नई पॉलिसी तैयार करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने नये विश्वविद्यालय और महाविद्यालय बनाये जाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत के टॉप विश्वविद्यालयों तथा विदेशी विश्वविद्यालयों को उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने के लिए आमंत्रित किया जाय। प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने में प्रदेश सरकार अनेक सुविधाये एवं सहायता दी जायेंगी ताकि उत्तर प्रदेश के युवाओं को कहीं और शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर न जाना पड़े। इससे उत्तर प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए अधिक विकल्प मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विदेशी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का हब बनेगा, जिससे विदेशी छात्र भी उत्तर प्रदेश में शिक्षा ग्रहण करने आयेंगे। बैठक में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल, विशेष सचिव नियोजन पुलिकत खरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी व डेलॉएट के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा कल से

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा कराने की पूरी तैयारी कर ली गयी है। यह कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में 13 से 20 जून तक आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। यह परीक्षा तीन पॉलियों सुबह 8:00 से 10:30 बजे तक, दोपहर 12:00 से 02:30 बजे तक एवं दोपहर 04:00 से 06:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा अन्नावि दिनेश कुमार ने बताया कि 13 से 15 जून तक ग्रुप-ए का सात पालियों में, 15 से 18 जून तक ग्रुप-ई का छह पालियों में तथा अन्य ग्रुप 18 जून को दो पालियों में परीक्षायें आयोजित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि ये परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों के 207 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। ये परीक्षा 17 जून के दिन राजपत्रित अवकाश होने कारण परीक्षा स्थगित रहेगी। 19 और 20 जून को आरक्षित दिवस के रूप में रखा गया है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र परिषद के पोर्टल https://jeecup.admissions.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

**लखनऊ नगर निगम, लखनऊ**

लालबाग, टीएन रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)

ईमेल-nnlko@up.nic.in, टेली फैक्स-0522-2622440

निम्नलिखित भवनों का नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति सक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालयों में प्रस्तुत करें, आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यावाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**जोन-2**

| क्र. सं. | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एफ-5361, कुंअर ज्योति प्रसाद | मसूद अहमद | फैजान अहमद | विक्रय विलेख |
| 2 | ई-3691, कुंअर ज्योति प्रसाद | अयोध्या प्रसाद | राहुल वर्मा | वसीयत के आधार पर |
| 3 | ई-1133, कुंअर ज्योति प्रसाद | पद्मा पाण्डेय | भरत कुमार पाण्डेय व खगेश कुमार पाण्डेय | मृत्यु के आधार पर |
| 4 | सी-12/4770, कुंअर ज्योति प्रसाद | चन्दन कुमार चौधरी | साधना मौर्या व सुमित मौर्या | विक्रय विलेख |
| 5 | ई-4962, कुंअर ज्योति प्रसाद | हरपाल शुक्ला | अजीत कुमार पाण्डेय | विक्रय विलेख |
| 6 | 288/229, आर्या नगर | श्रीमती इन्द्रा शर्मा व राधा शंकर | श्रीमती अरविन्दर कौर व जसवीर सिंह | रजिस्ट्री |
| 7 | 279/245/(279/055ए) लोकमान्य गज | श्रीमती जसविन्दर कौर | श्री सत्य प्रकाश | रजिस्ट्री |
| 8 | 274/064 राजेन्द्र नगर | श्री लूवकरन नाहर | श्रीमती मधु जैन | रजिस्ट्री |
| 9 | 279/131 (जीआइएस) बिरहाना | श्रीमती सौभाग्यवती | श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 10 | 278/078/2 ऐशबाग रोड | श्री पीताम्बर पासी | श्री राम जी शर्मा | रजिस्ट्री |
| 11 | 280/88ख/एफएफ-1 ब्लण्ट स्क्वायर | श्री राजेन्द्र पाल सिंह | श्री हरप्रीत सिंह | पारिवारिक |
| 12 | 285क/247ए करहेटा | मकबूल अहमद | सुनीता गुप्ता | विक्रय विलेख |
| 13 | 227/050 यहिआगंज | रामेश्वरी | ओम प्रकाश वाजपेई व अन्य | शपथ पत्र व पारिवारिक |
| 14 | ई-1/225 मालवीय नगर | शशिकान्त सिंह | पीयूष कपूर | रजिस्ट्री व शपथ पत्र |
| 15 | 268/558 मालवीय नगर | शिशर, अनूप व अरुण बागची | विदित गर्ग | रजिस्ट्री व शपथ पत्र |
| 16 | 284/154(163/ए/2) मालवीय नगर | रूपनरायण | अनिल कुमार वर्मा | पारिवारिक व शपथ पत्र |
| 17 | 232/001क राजा बाजार | मोहम्मद साजिद | शेख मोहम्मद हैदर | पारिवारिक व शपथ पत्र |
| 18 | एफ-11/199 कुंअर ज्योति प्रसाद | श्रीमती विमला आर्या | श्री राहुल आर्या व आदित्य मौर्या संरक्षक संतोष मौर्या | विक्रय विलेख |
| 19 | एफ-3098 कुंअर ज्योति प्रसाद | विनोद कुमार | शोभा श्रीवास्तव | मृत्यु के आधार पर |
| 20 | बी-164 राजाजीपुरम | एमएल पाल | निर्मला पाल पत्नी स्व. एमएल पाल | पारिवारिक मृत्यु के आधार पर |
| 21 | ई-2572 राजाजीपुरम | फिरोज आलम | फैज आलम पुत्र स्व. फिरोज आलम | वसीयत मृत्यु के आधार पर |
| 22 | 255/383 खा कुण्डरी रकाबगंज | रामेन्द्र नाथ | श्रीमती रश्मि तिवारी | रजिस्ट्री शपथ पत्र |
| 23 | एमआईजी-017 एलडीए कॉलोनी ऐशबाग | मोहम्मद अकील एवं वासीत मोहम्मद | रिजवान अहमद | रजिस्ट्री शपथ पत्र |

**जोनल अधिकारी-2**

## समाजवादी छात्रसभा ने नीट की परीक्षा दोबारा कराने की उठायी मांग

- छात्रसभा ने जिलाधिकारी के माध्यम राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान के निर्देश पर राष्ट्रपति को जिलाधिकारी लखनऊ के माध्यम से मंगलवार को ज्ञापन सौंपा गया। नीट पेपर लीक व परीक्षा में हुई धांधली की जांच कराये जाने व दोबारा परीक्षा कराये जाने के संदर्भ में ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति को अवगत कराया गया।

समाजवादी छात्रसभा द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे देश में डॉक्टर की पढ़ाई के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में ली जाने वाली नीट परीक्षा के रिजल्ट में सैकड़ो अभ्यर्थियों के 100 प्रतिशत नंबर आए हैं इनमें भी एक ही परीक्षा केंद्र से कई लोगों के एक साथ 100 प्रतिशत नंबर आना एक बड़ी धांधली की ओर संकेत करता है। भाजपा राज में परीक्षायें, अवैधानिक तरीके से प्रश्न पत्र लीक कराने, लोगों से पेपर दिलवाने, परीक्षा केंद्र की सेटिंग करवाने और रिजल्ट को मैनेज करने जैसे धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अधिकतर परीक्षाओं में लगभग एक जैसा ही घपला होना कोई संयोग नहीं हो सकता। इससे देश का युवा व्यवस्था में विश्वास खोने लगा है युवाओं की हताशा का मतलब है कि देश का भविष्य हताश है यह भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामियों में से एक है। उन्होंने राष्ट्रपति से निवेदन किया गया कि इस मामले का संज्ञान लेकर इसमें शामिल दोषियों को सख्त सजा देकर भविष्य में इस प्रकार के दोहराव की किसी भी आशंका को निर्मूल करें।

## सूचना विभाग में हुआ सुन्दरकांड का पाठ व लगा भंडारा




**लखनऊ।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में तृतीय बड़े मंगल के पावन अवसर पर सुन्दरकांड का पाठ एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने भंडारे का शुभारम्भ कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने सभी के कल्याण एवं जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सूचना सलाहकार मृत्युंजय कुमार, सूचना सलाहकार रहीस सिंह, निदेशक सूचना शिशिर, अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं है, बल्कि पूरी मानवता के लिए उपयोगी : प्रो. हरिशंकर सिंह

- बीबीएयू में योग महोत्सव के तहत आयोजित पांच दिवसीय योग चिकित्सा कार्यशाला सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में योग महोत्सव के अंतर्गत पांच दिवसीय योग चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा के दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में समापन सत्र के दौरान महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर योग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरिशंकर सिंह व योग विभाग के डॉ. दीपेश्वर सिंह उपस्थित रहें। योग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरिशंकर सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं है, बल्कि पूरी मानवता के लिए उपयोगी है इसीलिए सभी को योग सम्बन्धी नियमों का पालन करना चाहिए।

योग विभाग के डॉ. दीपेश्वर सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं एवं लड़कियों में आज कल पीसीओडी/पीसीओएस की समस्या आम तौर पर देखने को मिलती है। योग विज्ञान के माध्यम से हार्मोनल असंतुलन से लेकर इन सभी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। दूसरी ओर योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक सागर सैनी ने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है। इस मौके पर कार्यशाला में आने वाले योग साधकों ने योग के द्वारा उनके शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षक, योग साधक, योग विभाग एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहें।

## एमएलसी मुकेश शर्मा ने बांटा भण्डारा

**लखनऊ।** एमएलसी मुकेश शर्मा ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार के अवसर पर महानगर विस्तार में जितेन्द्र प्रताप सिंह परमार के आवास पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के बाद भंडारे में प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल मुख्य रूप से उपस्थित रही।



इसके बाद बर्लिंगटन हजरतगंज में अपूर्व भार्गव के द्वारा आयोजित भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रसाद वितरण किया। महानगर कोषाध्यक्ष हेमंत दयाल और सकेत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अनेक ट्रेनों के मार्ग बदले, कई होंगी नियंत्रित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के मुजफ्फरपुर-पनियहवा खंड के दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में कुमारबाग एवं चनपटिया स्टेशन पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग/पोस्ट नॉन इंटरलॉकिंग कार्य तथा रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, नियंत्रण, रि-शिड्यूलिंग एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

जिन ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया गया है उनमें आनन्द विहार टर्मिनल से 12 जून को चलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस बापूधाम मोतिहारी के स्थान पर नरकटियागंज में यात्रा समाप्त करेगी। बापूधाम मोतिहारी से 13 जून को चलने वाली 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनल बापूधाम एक्सप्रेस मोतिहारी के स्थान पर नरकटियागंज से चलाई जायेगी। जिन गाड़ियों को नियंत्रण कर चलाया जायेगा उनमें बरौनी से 18, 19 एवं 20 जून को चलने वाली 19038 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस कपरापुरा-बेतिया स्टेशनों के मध्य 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। पोरबंदर से 13 जून को चलने वाली 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज स्टेशनों के मध्य 120 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

जिन ट्रेनों को रि-शिड्यूलिंग किया गया है उनमें मुजफ्फरपुर से 13 एवं 14 जून को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 60 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 15, 16 एवं 17 जून को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 90 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 12 जून को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 120 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। देहरादून से 15 जून को चलने वाली 15002 देहरादून-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस देहरादून से 180 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। कटिहार से 17 जून को चलने वाली 15705 कटिहार-दिल्ली एक्सप्रेस कटिहार से 60 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। बरौनी से 11, 15, 16 एवं 17 जून को चलने वाली 19038 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस बरौनी से 180 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। भागलपुर से 17 जून को चलने वाली 09452 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी भागलपुर से 120 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 17 जून को चलने वाली 05532 आनन्द विहार टर्मिनल-रक्सौल विशेष गाड़ी आनन्द विहार टर्मिनल से 120 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 11, 14, 15 एवं 16 जून को चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनल-रक्सौल एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनल से 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें गांधीधाम से 14 जून को चलने वाली 09451 गांधीधाम-भागलपुर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 14 जून को चलने वाली 12211 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 12 जून को चलने वाली 12212 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 14 जून को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 13 एवं 14 जून को चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 15 जून को चलने वाली 22551 दरभंगा-जलंधर सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

## नान इंटरलाकिंग कार्य के कारण ट्रेनें होंगी प्रभावित

**लखनऊ।** ऐशबाग-मल्हौर के बीच बाईपास लाइन की कमीशिंग के कारण ट्रेनों का डायवर्जन व शार्ट टर्मिपेशन-शार्ट ओरिजनेशन किया गया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 12511 गोरखपुर -कोचिवल्ली एक्सप्रेस 13 व 14 जून को ऐशबाग के बजाय मल्हौर, लखनऊ चारबाग, मानकनगर होकर चलेगी। जबकि 22524 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 12 जून को ऐशबाग के बजाय मानकनगर, चारबाग स्टेशन मल्हौर होकर चलेगी। जबकि 12529 पाटलीपुत्र-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस 11, 12 व 14 जून को लखनऊ जंक्शन के बजाय गोमतीनगर स्टेशन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी। 12530 लखनऊ जंक्शन-पाटलीपुत्र एक्सप्रेस 11, 12 व 14 जून को लखनऊ जंक्शन के बजाय गोमतीनगर स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करेगी। 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस 11 से 14 जून तक ऐशबाग के बजाय गोमतीनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। तो 15070 ऐशबाग-गोमतीनगर एक्सप्रेस 11 से 14 जून तक ऐशबाग के बजाय गोमतीनगर स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करेगी। वहीं रिशिडूलिंग के तहत 12107 एलटीटी-सीतापुर एक्सप्रेस 12 जून को मुंबई से 4 घंटे रोककर संचालित की जायेगी।

संक्षेप

## एक दर्जन घरों में कपड़े वर्तन व अनाज जलकर खाक

महमूदाबाद/सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शमसाबाद में मंगलवार को दोपहर अज्ञात कारणों से धधकी आग ने लगभग एक दर्जन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। बड़कन वर्मा के छप्पर से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप इख्तियार कर लिया और अम्बर गौतम, मायाराम गौतम, रामधनी गौतम, शत्रोहन गौतम, राजेश गौतम, अर्जुन गौतम, संजय गौतम, राकेश गौतम, रमेश व रामलखन गौतम के घरों में कपड़े वर्तन व रखा सारा अनाज जलकर खाक हो गया। आग इतनी तीव्र थी कि आग बुझाने गांव के जुटे सैकड़ो लोगो के पसीने छूट गए।तमाम उपायों को करने के बाद भी आग पर काबू नही किया जा सका, और आग ने घरों में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। अग्निकांड में सुरेश कुमार वर्मा का भी काफी नुकसान हो गया वही शत्रोहन का इंजन व दो साइकिल जल गई साथ ही रमेश के भी इंजन जल जाने की खबर मिली है।अग्निकांड की घटना होने के 2 घण्टे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने पर आग बुझाई जा सकी तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था।

ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की किन्तु कुछ भी बचाया नही जा सका। घटना की जानकारी पाकर पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने तत्काल मौके पर पहुंचकर अग्निपीड़ितों से मिले और उन्हें अंग वस्त्र आदि प्रदान किये। और प्रशासन को सूचना देते हुए तत्काल सहायता राशि वितरित किये जाने की बाबत वार्ता की।

# पवन पुत्र की भक्ति में डूबा जिला





जिला संवाददाता

**सीतापुर।** मंगलवार को पूरा जिला हनुमान भक्ति में डूबा नजर आया। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना करके सुख-शांति की कामना की।इस दौरान जिले भर में जगह - जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जेल रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर प्रधान पुजारी रमाकांत पांडेय ने भोग लगाया और प्रसाद वितरण किया। मंदिर पर भोर के पक्त से ही भक्तों की

**जगह - जगह लगाये गये भंडारे**

भीड़ जुटनी शुरू हो गई। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। घंटाघर स्थित छोटा हनुमान मंदिर, बड़ा हनुमान मंदिर, चांदी वाला हनुमान मंदिर, बाला जी हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों के दर्शन के लिए पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था, जो कि देर शाम तक चला। भक्तों ने मंगल मूर्ति से मंगलमय जीवन की कामना की। जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन हुआ। भंडारों में पूड़ी-सब्जी का वितरण हुआ।लालबाग में भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने भंडारे का आयोजन किया।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष इंदू सिंह चैहान, संजय मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, भंवर सिंह, प्रणीत सिंह, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, अजय मिश्रा दया, दिपिल अरोरा, उत्तम पांडेय, जितेंद्र मेहरोत्रा, सत्यम सिंह, विवेक विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। यूनियन बैंक आई हास्पिटल शाखा में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर बैंक मैनेजर संजीव वर्मा, नीरज सिंह, संदीप अग्रवाल, कृष्णा यादव, अमरेंद्र अवस्थी, अनूप बाजपेई, कुलदीप यादव, सरोज वर्मा आदि मौजूद रहे।नैमिषारण्य में हनुमान गढ़ी में सुबह से देर शाम तक बजरंगबली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।सुबह आरती व पूजन किया गया। फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया।शर्बत वितरण व भंडारा भी आयोजित किया गया।

ललितेश्वर हनुमान मंदिर, चक्रतीर्थ हनुमान मंदिर, कालीपीठ के वरदानी हनुमान मंदिर का श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। हरगांव में सरांय पित्थू, सूर्य कुंड तीर्थ, सुजीपारा में हनुमान मंदिर में भीड़ रही।पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल प्रसाद के रूप में वितरण किया गया।रामकोट के श्री शैलेश्वर हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। खैराबाद में हनुमान मंदिर में सुबह व शाम के समय आरती में काफी श्रद्धालु उमड़े।शर्बत वितरण व भंडारे हुए। सिधौली में हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। पिसावां स्वास्थ्य केंद्र गोपा मऊ मार्ग पर रिंकू जायसवाल तथा कुतुबनगर मार्ग पर विनीत सहित कस्बे मे बजरंगबली की पूजा अर्चना कर बूंदी पूडी सब्जी व शरबत आदि का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राम चरित मानष और सुदर कांड का आयोजन किया गया। जगह-जगह भंडारे हुए।

## नैमिषारण्य में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नैमिषारण्य/सीतापुर।** ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को धार्मिक तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में भारी संख्या में भक्तों का आवागमन देर शाम तक देखने को मिला धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार अति महत्वपूर्ण होते है मान्यताओं के अनुसार इन दिनों में कलयुग के स्वामी हनुमान जी की कृपा अपने भक्तों पर विशेष रहती है बजरंगबली अपनी कृपा से भक्तो के संकट दूर कर उन्हें सुरक्षित रखते है भक्त जन अपने इष्ट देव को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजन कर भंडारा करते है नैमिषारण्य में हनुमानगढ़ी मन्दिर व अयोध्या हनुमान मंदिर आदि आस्था का प्रमुख केंद्र है जहाँ पर प्रतिदिन बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त आते है लेकिन ज्येष्ठ मास के मंगलवार और अधिक भीड़ उमड़ती है। वही कालीपीठ चैक पर प्रमोद गुरु के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

## क्या है हनुमान गढ़ी नैमिषारण्य का पौराणिक महत्व

रामायण काल में जब एक बार अहिरावण अपने मायाजाल से भगवान श्री राम व लक्ष्मण का हरण कर पातालपुरी में ले जाता है तब हनुमानजी पातालपुरी में जाते है और वहा द्वार पर तैनात मकरध्वज से युद्ध कर अहिरावण का वध कर प्रभु श्री राम सहित लक्ष्मण जी मुक्त कराकर नैमिषारण्य में कुछ समय के लिए विश्राम कर लंका की ओर प्रस्थान करते है यहां पर बजरंगबली की दक्षिण मुखी 21 हाथ की विशाल मूर्ति है जिनके कन्धो पर प्रभु श्री राम व लक्ष्मण विराजमान है और पैरों क्त्र श्री हनुमानजी महाराज की कृपा सदा बनी रहती हैं।

## चोरों ने एजेंसी सहित कई दुकानों को बनाया निशाना

**तंबौर/सीतापुर।** बीती रात को अज्ञात चोरों ने तांडव मचाते हुए एक गैस एजेंसी सहित कई दुकानों के ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया ।कस्बे के गाँजर तिराहे के पास बीजेपी के सभासद सुयस श्रीवास्तव की एस.के.इण्डेन के नाम से गैस एजेंसी है ।जिसमे बीती रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर घुस गये ।एजेंसी के अंदर बाहर जो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे उनमे कई को तोड़ दिया व अन्य का रुख चेंज कर दिया जिससे वो सीसीटीवी में दिखाई न दे ।इसके बाद ऑफिस में घुसकर सभी अलमारी व रेकों को खोलकर चेक किया ।तभी ऑफिस के एक कोने में लगे सीसीटीवी कैमरे में वो कैद हो गया ।नगदी आदि न मिलने पर चोर वहां से निकल कर पड़ोस में स्थित शिव डायग्नोस्टिक सेंटर में घुसकर रेक व सीसीटीवी कैमरों के साथ तोड़फोड़ की ।उसके बाद थोड़ी दूरी पर मतीन के होटल,विनय पान भण्डार सहित इस्लामू इलैक्ट्रिक की दुकान में तोड़फोड़ कर छिटपुट सामान चोरी कर ले गया ।एजेंसी मालिक सुयस श्रीवास्तव ने बताया चोर नगदी के चक्कर में घुसा था लेकिन नगदी न मिलने से वो भाग खड़ा हुआ ।पीड़ित द्वारा पुलिस को लिखित सूचना दे दी गयी है ।मौके पर पहुँची पुलिस ने सीसीटीवी में कैद हो चुके अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है ।मौके पर मौजूद कई लोगों ने बताया चैकी पुलिस की घोर लापरवाही के चलते यह घटना घटित हुई है ।यदि चोरों पर सख्ती से लगाम लगाई जाये तो इस तरह की घटित होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में मवेशी जलकर राख

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव सैंता के मजरा जियन खेड़ा में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग में चार मवेशी जिसमें दो बकरी और दो पडिया तथा भूसा आदि समेत लगभग एक लाख का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की जानकारी होते ही ग्रामीण दौड़ पड़े और पैंपिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाया। गांव निवासी सियाराम के घास फूस के बने बंगले में जिसमें भूसा भरा जाता था और मवेशी बांधे जाते थे उसमे दोपहर को अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। घर में उसकी दो बकरियां और दो भैंस के बच्चे बंधे थे जब तक ग्रामीण आग बुझाते तब तक चार मवेशी जल गए। ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधनों एवम पैंपिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाया।

## अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**पाटन, उन्नाव।** थाना बारासगवर अन्तर्गत गयाबक्स मोड़ पर आबकारी निरीक्षक के नेतृत्व में अवैध रूप से बेच रहे डिब्बा बंद शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना क्षेत्र के गयाबक्स मोड़ पर मुखबिर की खास सूचना पर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5, बीघापुर प्रतिभा सिंह द्वारा मय हमराह व थाना बारा सगवर पुलिस स्टाफ के साथ दबिश देते हुए 11 पौवे वाह ऑरेंज ब्रांड के बरामद करते हुए 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ़्तार अभियुक्त रोहित पुत्र कुंजबिहारी गयाबक्स खेडा गाँव का रहने वाला बताया गया है।

## युवक पर लोहे की रॉड से हमला, मामला दर्ज

**पाटन, उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव मनी खेड़ा निवासी अभिषेक सिंह ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बाइक से घर वापस आते समय दो लोगो ने जबरन रोक लिया और लोहे की रॉड से पीट दिया। शोर मचाने पर दोनों युवक गाली गलौज करते हुए भाग निकले। मनी खेड़ा निवासी अभिषेक सिंह पुत्र अजय सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया की वह रविवार की शाम को धनकोली गांव से बॉलीबॉल खेलकर अपनी बाइक से घर लौट रहा था। धनकोली नहर पुलिया के पास पहले से घात लगाए बैठे धनकोली निवासी अनमोल व शुभम ने उसे जबरन रोक लिया और लोहे की रॉड से पीट दिया। शोर मचाने पर उपरोक्त दोनों युवक गाली गलौज करते हुए मौके से भाग निकले। एसओ अखिलेश कुमार ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## जगह - जगह भंडारे का आयोजन हुआ



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र में जगह-जगह बडे मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर के भक्तों द्वारा बक्सर रोड ऊंचगांव चैराहा पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गांव में शरबत का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें युवा समाजसेवी भाजपा नेता अंकित पांडेय, अतुल तिवारी, अनुज तिवारी, श्यामू कुशवाहा, राजू कुशवाहा, विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

## एडीजे की अध्यक्षता में न्यायिक मजिस्ट्रेटों की बैठक आयोजित



जिला संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय के निदेर्शानुसार अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को एक बैठक समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ आहूत की गयी।उक्त बैठक की अध्यक्षता भगीरथ वर्मा अपर जिला जज, पाक्सो कोर्ट नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा, सर्वप्रथम 01 जुलाई से लागू होने वाले कानून, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने तथा उक्त तीनों नये कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी के आदान-प्रदान किये जाने हेतु वार्ता की गयी तथा पुराने वादों के निस्तारण सम्बन्धी उच्चतम न्यायालय के मॉडल एक्शन प्लान के सन्दर्भ में भी वार्ता की गयी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों से वार्ता की गयी। समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों को उपरोक्त तीनों नये कानून के सम्बन्ध में अपने-अपने विचार साझा करने हेतु आग्रह किया गया। जिससे कि आम जन मानस में उक्त कानूनों को लेकर किसी प्रकार का भय उत्पन्न न होने पाये। इसी क्रम में एक अन्य बैठक लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के अधिवक्तागण बृजेन्द्र कुमार अवस्थी चीफ सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ तथा असिस्टेन्ट श्रीमती शुभॉशी तिवारी, तथा आशुतोष अवस्थी, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तथा आशुतोश शुक्ला, मीडिया प्रभारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले कानूनों, भारतीय नागरिक सुरक्षा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय , के प्रति अधिवक्तागण एवं आम जन-मानस में जागरूकता फैलाने हेतु रूप-रेखा तैयार किये जाने के विषय पर चर्चा की गयी।

# भूख की जंग में टूटा रहा मासूमों का सपना

**सीतापुर ।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य महज बाल श्रम का खात्मा करना है। श्रमिक संगठन और बाल अधिकारों के लिये कार्य करने वाले लोगों के साथ ही सरकारें भी बाल श्रम को समाप्त करने के लिये बड़े-बड़े वादे करती हैं, लेकिन जमीन पर नजर कुछ नहीं आता है। भूख की इस जंग में बाल श्रम के दलदल में फंसे मासूमों का बचपन दम तोड़ रहा है।

### शहर के आंकड़े भी चौंकाने वाले

बाल श्रम पर कार्य कर रही जिले की समाजिक संस्था नई पहल फाउंडेशन की अध्यक्ष माण्डवी मिश्रा ने बताया कि यदि सिर्फ शहर और कस्बो की बात करें, तो सात हजार से आठ हजार के आस पास ऐसे बच्चों की संख्या है, जो विभिन्न कार्यों में लगे हुये हैं, इन आंकड़ों में वे बच्चे भी शामिल हैं, जो चैराहों और प्रमुख बाजारों में भीख मांगते हुये देखे जा सकते हैं।वहीं पूरे जनपद की बात करें, तो ऐसे बच्चों की संख्या का आंकड़ा कई हजार के आंकड़े को पार कर जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बालू खनान, खेत खलिहान में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे कार्य करते हुये देखे जा सकते हैं।

### जागरूकता की कमी

माण्डवी मिश्रा ने बताया कि बच्चे आज भी कार्य में संलिप्त हैं और उनका बचपन दम तोड़ रहा है। इसका बड़ा कारण जागरुक न होना भी है। गरीबी के चलते ऐसे कई परिजन हैं, जो सोचते हैं कि अपना पेट भरने लायक तो ये मासूम हाथ कमा ही सकते हैं। ऐसे परिजनों को ये समझाने की जरूरत है, कि यदि बच्चे शिक्षित होंगे, तो कुछ न कुछ रोजगार मिल ही जाएगा। चाइल्ड लेबर तो तभी समाप्त होगा जब, छोटो को शिक्षा, बड़ो को रोजगार के नारे पर कार्य किया जाये।

### चल रही तमाम योजनाएं

बाल श्रम रोकने के लिये सरकार की तमाम योजनाएं चल रही हैं।जिनमें प्रमुख रूप से नेशनल बाल श्रम परियोजना है। इसके अलावा बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये तमाम सरकारी और गैर सरकारी संगठन कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा बाल श्रम रोकने के लिये तमाम योजनाएं तो बनाई जाती हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन नहीं हो पाता है, यही कारण है कि बाल श्रम का ये श्राप लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

### ये है सजा का प्रावधान

बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियोजन पूर्णतः निषिद्व किया गया है तथा 14 से 18 वर्ष तक की आयु वाले बच्चे भी बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अन्तर्गत आते हैं। इस अधिनियम के अन्तर्गत बाल श्रमिकों का नियोजन करने वाले दोषी सेवायोजकों से सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार 20 हजार रुपए प्रति बाल श्रमिक की दर से वसूली किये जाने का प्रावधान है।इसक साथ ही 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास से दण्डित करने का प्रावधान है।

– रंजीत शुक्ला–एडोकेट
सिविल कोर्ट सीतापुर

## लाइन टूटने से 9 घरों में लगी आग

**पुरवा-उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के धन्नीपुर में एलटी लाईन टूटकर छप्पर पर गिरने से लगी आग में 9 लोगो कें घरों की सामग्री जलकर खाक हो गई। बीते दिवस को तहसील क्षेत्र के गांव धन्नीपुर में शाम लगभग चार बजे गांव में लगी एलटी लाईन का केवल शार्ट सर्किट होकर जलने लगा और टूटकर गुरु प्रसाद के छप्पर पर गिर गया जिससे गुरु प्रसाद के घर में आग लग गयी। हवा के चलते आग देखते ही देखते आसपास के घरों तक फैल गयी। ग्रामीण निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं कर पाए। प्रधान दिनेश कुमार कनौजिया की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग एक घंटा मे आग पर काबू पाया और विधुत सप्लाई भी बंद करायी गयी। इस दौरान आग की चपेट में आने से राज ज्ञानी, जगदेई, सुखलाल, हुबलाल, महावीर और सर्वेश के घर जल गये। घरों मे रखी गृहस्थी सहित अनाज तक जल जाने से परिजन परेशान है। वहीं सूचना मिलते ही पुरवा कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

## ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को वितरित हुआ प्रसाद



**सफीपुर, उन्नाव।** जेष्ठ माह के तृतीय बुढ़वा मंगलवार को भक्तो ने जगह-जगह हलुआ, पूड़ी सब्जी, बूंदी, सरबत, कढ़ी चावल आदि प्रसाद का वितरण किया। क्षेत्र के दरौली, ओसिया, मऊ मंसूरपुर, साफियापुर, हुलासी कुवां, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर आर0 के0 वर्मा के नेतृत्व में आदि समेत नगर में कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भक्तों ने भारी संख्या में पहुच कर प्रसाद ग्रहण किया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत माखी के बेलसी गांव में जयदीप मिश्रा के नेतृत्व में हनुमान मन्दिर में पूजा अर्चना कर शरबत प्रसाद का वितरण किया। जिसमे काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद का ग्रहण किया। इस मौके पर सुशील तिवारी, पुतू तिवारी, नरेश सिंह, बासुदेव सिंह, बउवा सिंह, शैलेन्द्र, संदीप सिंह, मुन्ना, सुरेश, रोहित, रामस्वरूप चैधरी, उमेश शुक्ला, शिव तिवारी, अवधेश प्रजापति आकाश, केशव, प्रशांत, बुद्धी लाल सविता आदि समेत काफी संख्या में सहयोगी व भक्त मौजूद रहे।

## आगामी पर्व को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक में तहसीलदार रामआसरे ने कहा कि बकरीद आ रही है। जिसमें कुबार्नी का सिलसिला होगा और लोग आपसी भाईचारे का पैगाम देंगे। उन्होंने मंदिरों और ईदगाहों की साफ सफाई के निर्देश भी दिए। तहसीलदार रामआसरे नें थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधान तथा संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक में कहा कि बकरीद में परंपरागत रूप से जहां बकरों का बाजार लगता है, वहीं पर लगाया जाये। परंपरागत रूप से जहां नमाज और कुबार्नी होती है, वहीं पर की जाये उन्होंनें कहा कि किसी नई जगह कुबार्नी नहीं होगी। कुबार्नी के बाद जो अवशेष बचता है, उसके निस्तारण की विशेष व्यवस्था की जाए। नमाज स्थल ईदगाह और मस्जिदों पर साफ सफाई कराई जाए उन्होंने कहा कि कहीं पर नमाज सड़कों पर नहीं होगी। थानाध्यक्ष राजेश्वर त्रिपाठी नें नगर प्रशासन के लोगों से कहा कि मस्जिदों एवं ईदगाहों को जाने वाले रास्तों की साफ सफाई और बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। उन्होंनें कहा कि आने वाले त्योहार परंपरागत तरीके से ही मनाएं। उन्होनें बकरीद और जुमे की नमाज को लेकर लोगों से समस्याएं जानी और साथ ही बकरीद पर खुले में कुबार्नी न करने को हिदायत दी और कहा कि कुबार्नी सार्वजनिक स्थान पर नहीं होगी। बैठक में शाबिर अली, मोती पूर्व प्रधान, अवधेश, पवन पाल, राम गोपाल पाण्डेय, जुल्फिकार अली, मियां खान, अनुज दीक्षित, नितिन जैसवाल, आरिफ एवं राधेश्याम बाजपेई सभासद सहित करीब 2 दर्जन से अधिक प्रधान व सम्भ्रान्त लोग मौजूद रहे।

## बहला फुसलाकर किशोरी को भगा ले जाने का लगा आरोप

**लहरपुर/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में एक नाबालिक 16 वर्षीय किशोरी को ग्राम के ही एक युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का दर्ज कराया गया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम की महिला ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, उसकी 16 वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है जिसका काफी प्रयास करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# वार्षिक मेले का शुभारम्भ



तंबौर/सीतापुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत बाबा बुरहानुद्दीन शाह का उर्स व मेला प्रारंभ हो गया है। सोमवार रात को मुख्य अतिथि जयकुमार वर्मा के द्वारा फीता काटकर मेले का शुभारम्भ किया गया ।मेला आयोजक जईम खान सभासद के द्वारा आये हुए अतिथियों का इस्तकबाल किया गया ।मेला कमेटी की तरफ से मुख्य व विशिष्ट अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया ।मेला कमेटी की तरफ से मजार पर चादर भी चढ़ाई गयी। हजरत बाबा बुहानुद्दीन शाह के वार्षिक मेले में दूर दूर से जायरीन मेला देखने आते है ।होने वाले इस वार्षिक मेले में तरह तरह के खेल खिलौनों सहित खाने पीने की दुकाने मौत का कुंआ कई प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए है ।इस दौरान थाना प्रभारी विजयेंद्र सिंह, अधिशाषी अधिकारी प्रदीप कुमार, तंबौर पत्रकार संघ अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव सहित समस्त पत्रकार, सभासद सुयस श्रीवास्तव, मनोज नाग, शीश खान, सजंय ठेकेदार, एडवोकेट शमीम खान, टीपू सुल्तान, सभासद गणेशी समेत समस्त मेला कमेटी के लोग मौजूद रहे ।मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक पुलिस चैकी का इंतजाम किया जायेगा।

## अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार

थानगांव /सीतापुर। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ठेकी चैराहा पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम लोनियनपुर बेदौरा निवासी अवधेश पुत्र बाबू राम को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि वह शातिर अपराधी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। वहीं चोरी के 15,600 रुपए नगद बरामद हुए। उसके विरुद्ध चोरी, नकबजनी जैसे अपराधो के संबंध में थाना सिधौली, रेउसा थानगांव पर अभियोग पंजीकृत है।

# खरीफ किसान पाठशाला में किसानो को किया गया जागरूक





**लहरपुर/सीतापुर।** किसानों को कृषि विभाग एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जानकारी देने के उद्देश्य से चलाई जा रही किसान पाठशाला के तहत मंगलवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर गंज में खरीफ किसान पाठशाला का किया गया आयोजन। किसान पाठशाला की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रेम ने की।

इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि, राज कुमार वर्मा ने किसानों को जागरूक करते हुए खरीफ फसल मे बोई जाने वाली प्रमुख फसलें धान और मक्का से संबंधित तकनीकी जानकारी जैसे बीज और भूमि शोधन की विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने इस मौके पर किसानों के लिए सरकार व कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे बीज, रसायन, मानव जीवन मे श्री अन्न की उपयोगिता और किसान सम्मान निधि की विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने कृषि यंत्रीकरण और सिंचाई हेतु सोलर पंप का स्थापना और और बीजों पर किसानों को दिए जाने वाले अनुदान के बारे में भी जानकारी दी स किसान पाठशाला में पंचायत सचिव शारदा प्रसाद राणा, पंचायत सहायक शुभम वर्मा, अभिनव त्रिवेदी, सहित भारी संख्या में किसान उपस्थिति थे।

## नवनिर्मित कक्ष का एसपी ने किया शुभारंभ



**सीतापुर।** कोतवाली लहरपुर परिसर में नवनिर्मित फरियादी कक्ष का शुभारंभ मंगलवार को पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने किया। इस दौरान विधि विधान से पूजा अर्चना कर फीता काटकर उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने फरियादियों के लिए लगाए गए आरओ वाटर कूलर का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि, आप लोग एक सजग नागरिक हैं। यदि आप को कोई भी छोटा बड़ा अपराध होता हुआ कहीं दिखाई देता है, तो उसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। उन्होंने इस मौके पर सदरपुर एटीएम कांड का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के सजग नागरिकों की वजह से एटीएम चोर नहीं ले जा सके। परंतु लहरपुर में चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। जिसका शीघ्र ही अनावरण कर दिया जाएगा। इसके उपरांत जेष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को केसरीगंज तिराहा स्थित पुलिस चैकी पर आयोजित भंडारे का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना की। उपस्थित लोगों को प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, रमेश जैन, रवि शाक्य, अभिनव त्रिवेदी, विपिन अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# आतंकियों की करतूत

कश्मीर में अपने अंतिम दिन गिन रहे आतंकवादी कई बार श्रद्धालुओं को निशाना बना चुके हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 खत्म होने के बाद माहौल बदला है। अब कश्मीर एक बार फिर विकास के रास्ते पर चल पड़ा है और यही बात आतंकियों को अच्छी नहीं लगती है। इस बार आतंकियों ने श्रद्धालुओं को तब निशाना बनाया जब नयी सरकार शपथ लेने की तैयारी कर रही थी। देश की राजधानी दिल्ली में जब एनडीए की नई सरकार शपथ ले रही थी, उससे ठीक पहले जम्मू के रियासी में आतंकियों ने दुस्साहस दिखाते हुए श्रद्धालुओं से भरी बस पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। गोली लगने से ड्राइवर संतुलन खो बैठा और बस खाई में गिर गई। इससे 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 33 घायल हैं। जम्मू की बस (जेके 02ई 3485) रियासी जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर शिवखोड़ी से कटड़ा लौट रही थी। डीसी रियासी विशेष पाल महाजन अनुसार आतंकियों ने बस पर घात लगाकर शाम छह बजे हमला किया। पौनी व शिवखोड़ी के बीच कंडा इलाके में आतंकी अचानक बस के आगे आए और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दो साल पहले भी बस पर आतंकी हमला हुआ था। जम्मू संभाग में कुछ वर्षों में राजोरी-पुंछ में सेना पर कई हमले हुए हैं। 13 मई, 2022 को भी कटरा से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस में स्टिकी बम लगाकर हमला किया गया था, हमले में बस में आग लग गई। इससे तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी जबकि 24 घायल हुए थे। श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले से एक दिन पहले जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था कि जब शांति का माहौल होगा, तभी चुनाव हो सकेंगे और लोग बिना किसी भय के मतदान कर सकेंगे। हम यही माहौल बनाये रखना चाहते हैं। कभी-कभी हमें (ऐसा करते समय) आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि सड़कों पर शांतिपूर्ण माहौल बना रहे, हमें कुछ लोगों के खिलाफ सख्त होना होगा। स्वैन ने कहा कि हर व्यक्ति इस बात से संतुष्ट है कि हाल में जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए और मतदान का प्रतिशत काफी अधिक रहा। यह एक अच्छी शुरूआत है और हम चाहते हैं कि इससे एक सकारात्मक बदलाव आए। जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में पूछे जाने पर पुलिस प्रमुख ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय आतंकवादियों की संख्या घट रही है, लेकिन 70 से 80 विदेशी आतंकवादी सक्रिय हैं। स्वैन ने कहा कि हमारे सामने अब स्थानीय आतंकवादियों की जगह विदेशी आतंकवादी आ रहे हैं। स्थानीय आतंकवादियों की संख्या में अब कमी आ रही है। हमारा प्रयास समाज की मदद से यह सुनिश्चित करना रहा है कि कोई भी स्थानीय लड़का आतंकवादियों से न जुड़े, इन प्रयासों के कारण स्थानीय आतंकवादियों की संख्या में कमी आई है, जिसके परिणामस्वरूप लोगों की जान बची है और हिंसा में कमी आई है। पुलिस के मुताबिक 70 से 80 विदेशी आतंकवादी यहां आ चुके हैं। वे लगातार यहां आने की कोशिश कर रहे हैं और जब वे आते हैं, तो अपने साथ बंदूकें और आईईडी लेकर आते हैं। कुछ समय पहले उन्होंने बिजली के खंभे उड़ाने की कोशिश की थी। स्वैन के मुताबिक कुछ स्थानीय लोग हैं जो उन्हें शरण देते हैं और एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं। दरअसल इसमें कोई दो राय नहीं कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए लोकसभा चुनावों में बढ़ती हिस्सेदारी और विश्वास देश को राहत देने वाली है। लेकिन जिस प्रकार श्रद्धालुओं की बस पर घात लगाकर हमला किया गया, उससे पुलिस का दावा कमजोर दिखता है। इसलिए पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों को पूरी ताकत से आतंकियों का सफाया करना चाहिए तभी शांति सुनिश्चित होगी।



**कश्मीर में जब तक एक भी आतंकवादी है तब तक कभी भी बेगुनाहों को निशाना बना कर भय का महौल बना देगा।**

## विचार

दृढ़ संकल्प एक गढ़ के समान है जो भयंकर प्रलोभनों से हमको बचाता है और दुर्बल एवं डांवाडोल होने से हमारी रक्षा करता है।

-महात्मा गांधी.

हमारा चरित्र कितना ही दृढ़ क्यों न हो, लेकिन उस पर संगति का असर अवश्य पड़ता है।

-प्रेमचंद.

धन का महत्व नहीं अपितु जीवन का है– प्रेम की समस्त शक्तियों में पूर्ण, प्रसन्नता से और प्रशंसा से पूर्ण जीवन का।

-विदुर.

झूठा आदमी बात–बात पर कहता है कि मैं सच कहता हूं, लेकिन सच्चे आदमी अपनी सचाई के बारे में कभी मुंह नहीं खोलते हैं।

-बाल गंगाधर तिलक.

जैसे एक बिन्दु से धीरे–धीरे घड़ा भर जाता है, उसी तरह सारी विद्याओं, धर्म और धन का भी संग्रह करने से विशाल संग्रह हो जाता है।

-चाणक्य.

# बालश्रम की बेड़ियों से बचपन को बचायें



अरविन्द जयतिलक

**संयुक्त राष्ट्र संघ ने कैलाश सत्यार्थी की दूसरी मांग भी वर्ष 2002 में मान ली और 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रुप में मनाने की घोषणा कर दी। आज जरुरत इस बात की है कि केंद्र व राज्य सरकारें बच्चों के शोषण के विरुद्ध न सिर्फ कड़े कानून बनायें बल्कि उसका पालन कराने के लिए भी ठोस पहल करें।**

बालश्रम की बेड़ियों में बचपन- अरविंद जयतिलक यह चिंताजनक है कि देश में सख्त बाल कानून होने के बावजूद भी बाल अधिकारों का उलंघन निरंतर बढ़ता जा रहा है। हर रोज राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग में बाल अधिकारों के उलंघन की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। इसमें से ज्यादतर शिकायतें बच्चों के यौन उत्पीड़न, बाल मजदूरी और उनकी तस्करी से जुड़ी हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी स्वीकार चुका है कि उसके पास बाल श्रम के हजारों मामले दर्ज हैं। ऐसा नहीं है कि बच्चों के संरक्षण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून नहीं है। गौर करें तो देश का संविधान बच्चों के संरक्षण और एवं अधिकारों की रक्षा के लिए ढेर सारे कानून गढ़ रखा है। संविधान के अनुच्छेद 15 (3) राज्य को बच्चों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अधिकार देता है। अनुच्छेद 21 (ए) राज्य को 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अनिवार्य तथा मुफ्त शिक्षा देना कानूनी रुप से बाध्यकारी है।

अनुच्छेद 24 में बालश्रम को प्रतिबंधित तथा गैर कानूनी कहा गया है। अनुच्छेद 39 (ई) बच्चों के रक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था करने के लिए राज्य कानूनी रुप से बाध्य है। इसी तरह 39 (एफ) के मुताबिक बच्चों को गरिमामय विकास के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना राज्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके अलावा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 में स्पष्ट व्यवस्था है कि मानव तस्करी व बलात श्रम के अलावा 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानें और जोखिम भरे कार्यों में नहीं लगाया जा सकता। 1976 का बंधुआ मजदूरी उन्मूलन एक्ट भी बच्चों को संरक्षण प्रदान करता है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 16 खतरनाक व्यवसायों एवं 65 खतरनाक प्रक्रियाओं में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को रोजगार देने पर रोक लगाया गया है। गत वर्ष पहले केंद्र सरकार ने बाल श्रम कानून में भारी बदलाव के जरिए कौशल विकास को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर सृजित करने और कारोबार के अनुकूल माहौल निर्मित करने की दिशा में पहल करते हुए बाल श्रम (प्रतिबंध और नियमन) संशोधन विधेयक 2012 को मंजूरी दी। इसके लिए सरकार ने प्रस्तावित बाल श्रम विधेयक 2012 के



संशोधनों के जरिए बाल श्रम अधिनियम 1996 में प्रमुख बदलाव किया जिसके जरिए 14 से 18 वर्ष के उम्र के बच्चों के काम की नई परिभाषा तय की गयी और दूसरा बच्चों से खतरनाक कामों और प्रक्रियाओं में काम कराना प्रतिबंधित किया गया। कानून का उलंघन रोकने के लिए नियोक्ताओं के खिलाफ कड़े दंड का प्रावधान किया गया। इस कानून के मुताबिक अगर कोई पहली बार कानून का उलंघन करता है तो उसे छह महीने की कैद होगी और इस सजा को दो साल तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा 20 हजार से 50 हजार रुपए तक के जूमार्ने का भी प्रावधान है। कोई नियोक्ता बच्चों का शोषण न कर सके इसके लिए प्रतिबंध की आयु को मुक्त अनिवार्य शिक्षा कानून, 2009 के तहत जोड़ दिया गया।

## बाल श्रम निषेध दिवस

यह भी सुनिश्चित किया गया कि शिक्षा के समय के उपरांत बच्चा विज्ञापन, फिल्म टेलीविजन धारावाहिकों या किसी मनोरंजन या किसी खेल गतिविधियों में काम कर सकता है। कानून गढ़ते वक्त सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का भरपूर ध्यान रखा गया है। इसलिए कि देश में बड़े पैमाने पर बच्चे कृषि कार्य एवं कारीगरी में अपनी माता-पिता की मदद करते हैं। साथ ही उनसे काम भी सीखते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इस कड़े कानून के बावजूद भी बच्चों का शोषण थम नहीं रहा। छोटे-छोटे दुकानों से लेकर बड़े-बड़े मॉल तक उन्हें काम करते देखा जा सकता है। यही नहीं देश में बड़े पैमाने पर बच्चों की तस्करी भी हो रही है। आए दिन बच्चों के लापता होने की खबरें सूर्खियां बनती हैं। एक आंकड़े के मुताबिक देश में प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक बच्चे लापता होते हैं। गत वर्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा था कि देश में हर साल चालीस हजार से अधिक बच्चे गुम होते हैं। यह स्थिति तब है जब मंत्रालय द्वारा लापता बच्चों को ढुंढ़ने के लिए 'ट्रैक चाइल्ड' और 'खोया-पाया' पोर्टल चलाया जा रहा है। स्वयंसेवी संगठनों का मानना है कि इन लापता बच्चों का इस्तेमाल बाल श्रमिक के रुप में किया जा रहा है। बच्चों को नौकरी की लालच देकर भी उन्हें बड़े-बड़े महानगरों में काम करने के लिए ढ़केला जा रहा है। विडंबना यह भी कि इन लापता बच्चों का इस्तेमाल सिर्फ बाल श्रमिक के रुप में ही नहीं बल्कि वेश्यावृत्ति, पोर्नोग्राफी जैसे घृणित कार्यों में भी हो रहा है। एक जिम्मेदार राष्ट्र और संवेदनशील समाज के लिए यह स्थिति शर्मनाक है।

आंकड़े बताते है कि भारत 14 साल से कम उम्र के सबसे ज्यादा बाल श्रमिकों वाला देश बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के मुताबिक दुनिया भर में तकरीबन बीस करोड़ से अधिक बच्चे जोखिम भरे कार्य करते हैं और उनमें सर्वाधिक संख्या भारतीय बच्चों की है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ के मुताबिक विश्व में करीब दस करोड़ से अधिक 14 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां विभिन्न खतरनाक उद्योग-धंधों में काम कर रही हैं। देश की राजधानी दिल्ली में ही लाखों बच्चे श्रमिक, घरेलू नौकर और भिखारी के रुप में कार्य करते हैं। लेकिन आश्चर्य कि इसे रोकने के बजाए सिस्टम नींद की गोलियां लेकर सो रहा है और मनमानी करने वाले आजाद हैं। गुनाहगारों के साथ काानून कड़ाई से काम नहीं कर रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने बाल मजदूरी को लेकर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार, दिल्ली पुलिस और श्रम विभाग को ताकीद किया कि बाल मजदूरी से जुड़ी शिकायतों पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई हो और बचाए गए बच्चों को मुआवजा देने और उनके पुनर्वास का काम 45 दिनों में सुनिश्चित हो। अच्छी बात है कि इस दिशा में पहल हो रही है। आशंका यह भी है कि माफिया तत्व सुनियोजित तरीके से बच्चों का इस्तेमाल हथियारों की तस्करी और मादक पदार्थों की सप्लाई में भी कर सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह भारत के लिए खतरनाक होगा। बाल मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि इससे बच्चों का बालमन पर बुरा असर पड़ेगा और उनमें नशाखोरी और आपराधिक भावना की प्रवृत्ति बढ़ेगी। अच्छी बात यह है कि बालश्रम के खिलाफ स्वयंसेवी संस्थाएं जनजागरुकता कार्यक्रम के जरिए रचनात्मक पहल कर रही हैं।

इस दिशा में नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और उनकी संस्था बधाई की पात्र है। उल्लेखनीय है कि कैलाश सत्यार्थी ने दुनिया भर से बाल मजदूरी खत्म कराने के लिए 17 जनवरी 1998 को मनीला से 'ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर' का आगाज किया था। यह मार्च तकरीबन 5 महीने के दरम्यान 80 हजार किमी का सफर तय किया। यह बालश्रम के खिलाफ विश्व की सबसे बड़ी जागरुकता यात्रा थी। इस ग्लोबल मार्च में तकरीबन सैकड़ों देशों के राष्ट्राध्यक्ष, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष एवं राजा-रानी ने भागीदारी की थी। 6 जून, 1998 को इस यात्रा का समापन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ के जेनेवा स्थित मुख्यालय पर हुआ। इस अवसर पर कैलाश सत्यार्थी का आईएलओ में ऐतिहासिक संबोधन हुआ। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन के जरिए बालश्रम के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की। उनकी पहल का नतीजा रहा कि 17 जून, 1999 को आईएलओ ने बाल श्रम और बाल दासता के खिलाफ सर्वसम्मति से कनवेंशन-182 कानून पारित कर दिया। इस अंतर्राष्ट्रीय संधि पर भारत समेत दुनिया के 187 देश हस्ताक्षर कर चुके हैं।

## सोशल मीडिया

पूर्व केन्द्रीय रेल मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी को उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। शिवपाल सिंह यादव.



मेरी मां! जिन्होंने मुझे मुश्किलों में संभाला, जिनके आशीर्वाद से आज मैं यहां तक पहुंचा आज उनका आशीर्वाद लेकर अपने मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया। चिराग पासवान.



पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा व बलिदान को परिवारवाद कहने वाले अपने सरकारी परिवार को सत्ता की वसीयत बांट रहे, कथनी करनी के इस फर्क को नरेन्द्र मोदी कहते हैं। राहुल गांधी.



# ईश्वर सर्वशक्तिमान है

ईश्वर सर्वशक्तिमान है। हमारी शक्तियों, संसाधनों, इच्छाओं और ज्ञान-विज्ञान के केन्द्र में ईश्वर ही है। साधना के समय साधक को पूर्ण साहस और धैर्य रखना चाहिए। सिद्धि लाभ करने में कितना ही समय क्यों न लगे साधक को आकुल नहीं होना चाहिए। साधक को असाधारण धैर्य धारण करना चाहिए और यदि इस बीच में कोई अनर्थकारी घटना उपस्थित हो जाये तो भी साधक को घबरा कर साहस नहीं छोड़ देना चाहिए। सच्चिदानन्द परमेश्वर सर्वशक्तिमान है, चाहे वे कितने ही भीषण गड्ढे में हमें क्यों न फेंक दें किसी न किसी दिन वहां से उबर कर वे हमें अपनी गोद में अवश्य लेलेंगे, यह खूब जानिये। साधक के लिए व्याकुलता और उत्तेजना त्याज्य है। पहले-पहले स्वच्छन्द प्रवृत्ति इस प्रकार आडम्बर खड़ा करती है कि साधक के मन में उठने लगता है कि खूब आगे बढ़ गये हैं पर जब अंत में विदित होता है कि लंगर पड़ी जहाज की भांति हम उसी जगह ज्यों के त्यों पड़े हैं और अंगुल मात्र भी आगे नहीं बढ़ सके हैं उस समय भीषण परिताप उपस्थिति होता है। जो साधक आत्मसमर्पण का व्रत ग्रहण करके भगवान के हाथों में अपने को समर्पित करके जितना निश्चिन्त तथा संतुष्ट हो सकेगा, उतनी ही शीघ्रता के साथ उसे सिद्धि प्राप्त हो सकेगी। साधना अत्यंत कठिन काम है पर जो लोग आरम्भ में ही इसमें दृढ़ विश्वास करके इस पर निर्भर हो जाते हैं उनके लिये इसमें सरल कोई और मार्ग नहीं है। साधना के समय साधक को साहस और धैर्य रखने की आवश्यकता है। सिद्धि मिलने में कितना भी समय क्यों न लगे साधक को घबराना नहीं चाहिए। यहां तक कि यदि सिद्धि मिलने के पहले कोई अनर्थकारी घटना भी घट जाये तब भी घबराकर अपनी साधना नहीं छोड़ देनी चाहिए। भगवान सर्व शक्तिमान है इसलिए वे कितने ही भयंकर गड्ढे में चाहे क्यों न फेंक दें फिर भी किसी न किसी दिन वे हमारा वहां से अवश्य उद्धार करेंगे यह निश्चित है। साधक के लिए उत्तेजना और व्याकुलता भी छोड़ने जैसी है। कभी-कभी साधक को दिखाई देता है जैसे कि वह सिद्धि के क्षेत्र में बहुत दूर पहुंच गया है और कभी भी पीछे मालूम होने लगता है कि वह जहां का तहां है। तिलमात्र भी आगे नहीं बढ़ा। ऐसे अवसरों पर उत्तेजना या घबराहट आ जाती है लेकिन जिन लोगों का आत्म समर्पण का व्रत सम्पन्न हो चुका होता है। वे इन सबसे मुक्त रहते हुए निश्चिन्त और संतुष्ट रहते हैं और इसीलिए उन्हें सिद्धि भी शीघ्र ही प्राप्त होती है। यद्यपि साधना का काम अत्यंत कठिन है पर जो आरम्भ में दृढ़ विश्वास के साथ अग्रसर होते हैं उनके लिए यह मार्ग अत्यंत सरल हो जाता है क्योंकि दृढ़ता होने पर मनुष्य की प्रकृति साधना के अनुकूल है।

अंतर्दृष्टि

# मीडिया में बयानबाजी

व्यंग्यलोक

सभी मेंढ़कों ने कहा कि हमें तोला जाए। हम तुलने के लिए तैयार हैं। हम गुट-गुट के होकर गुट-गुटा रहे हैं। तालाब की कीचड़-काची में हमारा भी कोई मोल बोला जाए। तालाब की सियासत में मोल-भाव का रंग घोला जाए। शीघ्र ही अपने-अपने स्वार्थ की अपने-अपने ढंग की तरह जुलाई गई। कुर्सी मोल के बोल, सियासी तालाब के पट खोल। मेंढ़कों ने तरह-तरह के सुर में टरार्ना शुरू किया। सांपों ने मीडिया में अपने बयान जारी करने शुरू कर दिए। केकड़ों ने अलग से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की। कुछ सांपों और केकड़ों ने भी तराजू की मांग की। इधर कुछ मछलियां विजयी मुद्रा में अपने मास्क हटाने लगी। सरकारी तालाब का कीचड़ देखते ही देखते रिसोर्टों होटलों से होते हुए तमाम मीडिया तक पसर गया। अपने-अपने गुटों के अपने-अपने चैनल खरखराने लगे। अपने-अपने तराजू, अपने-अपने तोलक। मेंढ़कों को तराजू में तोलना, मेंढ़कों का बोलना। यह सब जगजाहिर है! मेंढ़कों के तोलने में अलादीन के चिराग ने धुआं बन फिर से चिराग में घुसने की होशियारी दिखाई थी। दो बिल्लियों की लड़ाई में तौलक महाराज बंदर का किस्सा सुनकर हातिमताई ने हुस्नबानों से तलाक ले लिया था। इसी तुलाई कार्यक्रम के कारण सिंदबाद जहाजी ने अपनी यात्रा को त्यागपत्र दे दिया था। इस पलड़े से उस पलड़े, इस रिसोर्ट से उस होटल! फुदकते रहे मेंढ़क! टरार्ने का मामला भी जगजाहिर है! वे ट्विटर पर इतने टरार्ये कि ट्विटर खुद ही बहरा हो गया। मेंढ़क इतराते, मुस्कुराते बड़ी अदा से अपनी बोलियां लगवा रहे हैं। जहां राजा महाराजा भी बिकने को उतावले हो जाते हैं, वहां एक छोटे से मेंढ़क की क्या बिसात! मेंढ़क तुल रहे हैं। टर्रा रहे हैं। इस तालाब से उस तालाब तक। सियासी तालाब के कीचड़ में छप-छपा रहे हैं। छप-छप छई। मेंढ़कों के बीच मार माथा-फोड़ी चल रही है। एक गैंग ने दूसरे गैंगीय मेंढ़कों के पीछे खड़े होकर तीसरे मेंढ़क गैंग को ललकारा। यहां चौथा गैंग सरकारी तालाब में असरकारी ढंग से कुलांचे मार रहा है। इसी समय मेंढ़कों का 10 वां गैंग दूसरे से तीसरे गैंग में फुदकने लगा। तत्काल ही गैंग दल-दल में बदल गया। कुल मिलाकर परिणाम यह हुआ कि सरकारी तालाब का पानी दल-दल हो लिया। यहां चमचों का रूप धारण करके कई केकड़े दल-दल में जगह बनाने लगे। कई बार ऐसा हुआ कि मेंढ़कों की ऑडियोवाणी के साथ केकड़े भी लग गए। कुछ केकड़ों ने अपना वीडियो पाठ भी शुरू कर दिया। बड़े दलाल सांपों ने छोटे चमचा सांपों को अपने साथ लेते हुए इस कीचड़ में अपने फन फैलाने शुरू कर दिए। राजनीति कीचड़ में सरसराने लगी। बड़ी मछली छोटी मछली को षड़यंत्र पूर्वक खाने लगी।



राम विलास जॉंगिड़

# जिंदगी में कामयाबी की गारंटी है ये पांच सीक्रेट



पर्यटन

जिंदगी में कामयाब होने के एक नहीं अनेक रास्ते हैं। लेकिन हर रास्ता, हर किसी को कामयाब बना दे, यह जरूरी नहीं है। लेकिन अपवाद के तौरपर कुछ रास्ते या नियम ऐसे होते हैं, जो कभी फेल नहीं होते बशर्ते उन पर चलने के लिए हम कमर कस लें। इस लेख में हम ऐसे ही पांच सीक्रेट का पदार्फाश करेंगे, जिन पर चलकर दुनिया का कोई भी इंसान कामयाब हो सकता है।

**रोज सुबह जल्दी उठना**

अगर हम जीवन में 25 साल के पहले ही यह नियम बना लें कि रोज सुबह जल्दी उठेंगे तो हमें कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता। यह कोई अंधविश्वास नहीं है बल्कि इसके पीछे जबरदस्त वैज्ञानिक कारण हैं। जब हम सुबह जल्दी उठते हैं तो हमें दिनभर के अपने अनेक कामों के लिए न केवल पर्याप्त समय मिलता है बल्कि उनके बारे में सोचने, विचारने का भी हमें अच्छे से मौका मिलता है। जिस कारण हम तनाव से दूर रहते हैं। याद रखिए, तनाव का सबसे बड़ा कारण ये होता है कि हमें लगता है कि हम कोई काम कर सकते हैं, लेकिन हमारे पास समय नहीं है। इसलिए सुबह जल्दी उठने से हमें वह जरूरी वक्त मिल जाता है, जो हमारी कामयाबी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसके अलावा जब हम सुबह जल्दी उठते हैं तो हम दिनभर एक पॉजीटिव एनर्जी से भरपूर रहते हैं और ऐसे लोगों के मुकाबले डेढ़ से दोगुना परफॉर्मेंस करते हैं जो सोकर देर से जगते हैं। जब हम सुबह सही समय पर जगते हैं तो हम सुकून से नाश्ता करते हैं और बिना हड़बड़ी में आये अपने दफ्तर पहुंचते हैं। यह रिलैक्स्ड हमें ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर बनाता है।

**हर महीने पैसे सेव करना:** यूं तो किसी भी उम्र में पैसे सेव करना हमारी कामयाबी में कई तरह से मददगार होता है। लेकिन अगर हमने शुरू से ही नियमित रूप से पैसे बचाना अपनी आदत का हिस्सा बना लिया, तो हम उस उम्र तक आते आते जब कई दूसरे लोग गंभीरता से पैसे कमाने के बारे में सोचते हैं, हम इतने पैसे बचा सकते हैं कि चाहें तो अपना शानदार बिजनेस शुरू कर सकते हैं। फाइनेंस एडवाइजर कहते हैं कि पैसे वाला होने के लिए एक सबसे आसान तरीका यह है कि 25 की उम्र के पहले पैसे बचाना शुरू कर दीजिए और 40 की उम्र आते आते आपके पास बिना किसी तरह का कर्ज लिए या आर्थिक दबाव में आये अपना कारोबार करने के लिए जरूरी पैसें होंगे और यह कारोबार आपको कहीं से कहीं पहुंचा देगा।

**कम उम्र में बिजनेस शुरू करना**

दुनिया में कोई ऐसा इंसान नहीं है जिसने अपना बिजनेस शुरू करने के बाद पहले कुछ दिनों तक लड़खड़ाया न हो या दूसरे शब्दों में कहें कि उसने असफलता न देखी हो। दरअसल कुछ बातें कभी भी किताबों से नहीं सीखी जा सकती, उनमें से एक कारोबार भी है। कारोबार हमेशा करके ही सीखा जाता है, आप कितना ही उसके बारे में पढ़ लें, लेकिन आपमें वह स्मार्टनेस कभी नहीं आयेगी, जो दूरंदेशी और स्मार्टनेस आपको एक तयशुदा कारोबारी अनुभव के बाद आती है। अगर हम जिंदगी में जल्दी अपना बिजनेस शुरू कर देते हैं, तो हमें कामयाबी भी न सिर्फ जल्दी मिलती है बल्कि सौ फीसदी मिलने की गारंटी भी हो जाती है।

**हर दिन अपने लक्ष्य लिखना**

कामयाबी का यह सबसे बड़ा सीक्रेट है जिससे जानने या सीखने के लिए आपको एक पैसे भी नहीं खर्च करना। यह सिर्फ एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो हमें पूरी तरह से बदलकर रख देती है। अगर हम हर दिन सुबह उस दिन के अपने टारगेट लिख लें और यह संकल्प ले लें कि आज ये काम हर हाल में करना है, तो शुरू में भले आप हताश हों, लेकिन अगर ईमानदारी से इसकी कोशिश करते रहे तो जल्द ही वह समय आयेगा, जब आप हर दिन उस दिन के लिए लिखे गये लक्ष्य को पूरा करने वालों में शामिल होंगे। जब हम ऐसा करते हैं और हर दिन के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं, तो कहने की जरूरत ही नहीं रह जाती कि हम कामयाब हो गये। दरअसल यह कामयाबी की गारंटी होती है।

**रोजाना एक घंटे एक्सरसाइज करना:** इसमें कोई बहाना नहीं चलना चाहिए। हर हाल में यह मानकर चलें कि अगर स्वस्थ रहेंगे, तभी सफल होंगे और तभी सफलता के लिए हमें धैर्य होगा और नये नये विचार भी तभी आएंगे। इसलिए जरूरी है कि हर दिन सुबह एक घंटे एक्सरसाइज करना। चाहे व्यस्तता कितनी ही हो, लेकिन एक घंटे की एक्सरसाइज के लिए रास्ता निकाल ही लें, क्योंकि यह आपके जीवन, अस्तित्व और कामयाबी से जुड़ा प्रश्न है।

**नरेंद्र कुमार.**

## आप की बात

### महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए गंभीर हैं भी या यूं ही लंबी चौड़ी बातें ही करती रहती हैं।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### जनसंख्या संतुलन जरूरी

देश में जनसंख्या संतुलन बहुत जरूरी है। लेकिन सियासी स्वार्थ में देश की राजनीति इतनी डूब जाती है कि राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्र की अनदेखी करने पर उतर आती है। ऐसा ही एक मुद्दा अभी हाल में सामने आया जो भारत स्वरूप को प्रभावित करने वाला है, लेकिन देश की बहुदलीय राजनीति में विभिन्न दल अपने वोट बैंक के प्रति इतने अधिक आग्रही होते हैं कि उन्होंने राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे को सियासी आरोप-प्रत्यारोप का विषय बना दिया। देश में जनसंख्या असंतुलन बढ़ रहा है। बढ़ती आबादी, जनसंख्या असंतुलन देश के लिए चिंताजनक है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है। जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। यह प्रवृत्ति म्यांमार और नेपाल में भी देखी गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी हिस्सेदारी बढ़ी है। यानी सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का ही नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का भी है। जिसका असर यूरोप समेत दुनिया के अधिकांश देशों में देखा जा रहा है। अगर बात सिर्फ भारत की करें तो जहां 1950 में हिंदुओं की आबादी का हिस्सा 84.68 प्रतिशत था, वो 2015 तक घटकर सिर्फ 78.06 प्रतिशत रह गया, जबकि इसी दौरान मुस्लिम आबादी का हिस्सा 1950 में 9.84 प्रतिशत से बढकर 2015 में 14.09 प्रतिशत हो गया। गौरतलब है कि भारत की कुल जनसंख्या 1951 में 36.1 करोड़ से बढ़कर 2015 में 132.29 करोड़ हो गई और इसी तरह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समेत सभी समुदायों की आबादी में भी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन खास बात यह है कि मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर अन्य सभी समूहों से ज्यादा रही है। जबकि, हिंदू आबादी 1951 में 30.57 करोड़ से बढ़कर 2001 में 82.75 करोड़ हुई (यानी 2.0 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर), मुस्लिम आबादी 3.55 करोड़ से बढ़कर 13.8 करोड़ हो गई (2.75 प्रतिशत की भारी वार्षिक वृद्धि दर), सिखों की जनसंख्या 0.69 करोड़ से बढकर 1.94 करोड़ हो गई और ईसाइयों की जनसंख्या 0.83 करोड़ से बढ़कर 2.41 करोड़ हो गई, यानी 50 वर्षों में क्रमशः 2.09 प्रतिशत और 2.15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर।

**ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम जिगनय निवासी संतोष पुत्र आशाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 6 जून को रात करीब 11 बजे उसका साला म.प्र.के जिला निवाड़ी अंतर्गत ग्राम मड़ोर निवासी लाखन सिंह पुत्र रामरतन अपने साथी नीलेश पुत्र रमेश के साथ ग्राम भुचेरा में आयोजित तेरहवीं में शामिल होकर वापस गांव लौट रहा था। बताया कि वह जैसे ही ग्राम कड़ेसराकलां गांव के सामने स्थित बुन्देली ढ़ाबा के पास ललितपुर-झांसी हाई-वे पर मोटरसाइकिल संख्या एम.पी. 36 एम.यू. 8806 से पहुंचे, जहां एक मिनी ट्रक आयशर नम्बर यू.पी. 94 ए.टी. 1333 के चालक ने तेजी व लापरवाही से ट्रक चलाकर जोरदार टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगते ही चालक लाखन सिंह व पीछे बैठा नीलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि उक्त घटना को मौके पर संतोष पुत्र आशाराम व अनिल पुत्र रामरतन ने ढ़ाबा से देखा व डायल 112 पर दुर्घटना की सूचना दी, साथ ही घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया। यहां से झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, रास्ते में लाखन सिंह की मृत्यु हो गयी।

# कुलपति ने परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया



जिला संवाददाता

**कुमारगंज-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) 2024 के पहले दिन कुल 11158 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 1232 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में बने दो केंद्रों पर कुल 1025 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौघ्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने अयोध्या के सभी दो केंद्रों पर चल रही परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। अयोध्या में राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) और गुरुनानक इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा सुबह नौ से 12 बजे तक हुई।

**● दस प्रतिशत अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित**

परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को जांच-पड़ताल के बाद प्रवेश दिया गया।दूसरे दिन 12 जून 2024 को मास्टर पाठ्यक्रम हेतु 9 से 12 एचडी पाठ्यक्रम हेतु 9 से 11 तथा एमबीए पाठ्यक्रम हेतु अपरांत 3 से 5 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 यूपी कैटेट 2024 का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा किया गया है। कुलपति डा. के के सिंह एवं कुल सचिव डॉ रामजी सिंह (मेरठ) ने संयुक्त रूप से बताया कि 4882 व्यक्तियों ने स्नातकोत्तर तथा पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किया है।यह परीक्षा अयोध्या,लखनऊ, वाराणसी,कानपुर एवं मेरठ के दो केन्द्रों तथा बांदा के एक केंद्र पर आयोजित होगी

# अयोध्या के सुंदरीकरण से 4616 दुकानदार हुए प्रभावित

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी को अयोध्या में मिली करारी हार का ठीकरा अयोध्या सौंदर्यीकरण में प्रभावित दुकानदारों, गृहस्वामियों व किसानों को उचित मुआवजे न मिलने पर फोड़ा गया है। जिसके बाद मंगलवार को जिला अधिकारी नितीश कुमार ने विज्ञप्ति में बताया कि सभी प्रभावितों को समुचित धनराशि व दुकानें आवंटित कर अंतराल राशि भी दुकानों के साइज अनुसार भुगतान किया गया है। जिला अधिकारी के मुताबिक अयोध्या धाम की ऐतिहासिक एवं पौराणिक विरासतों को संजोते एवं संवारते हुए एक आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की संकल्पना के तहत कार्य हुए हैं। यातायात एवं आवागमन की सुविधा को आधुनिक एवं सुगम बनाने के लिए विभिन्न प्रमुख मार्गों/पथों का उनके किनारे स्थित दुकानदारों, भवन स्वामियों एवं भू-स्वामियों से समन्वय स्थापित कर तथा उन्हें नियमानुसार पुर्नस्थापित कर अनुग्रह धनराशि व मुआवजा प्रदान कर सौन्दर्यीकरण व सड़क चैड़ीकरण किया गया है। मंगलवार को डीएम ने बताया कि रामपथ, भक्तिपथ, रामजन्मभूमि पथ एवं पंचकोसी एवं 14कोसी परिक्रमा मार्ग के सौन्दर्यीकरण एवं चैड़ीकरण से कुल 4616 दुकानदार प्रभावित हुए। जिसमें से 4215 दुकानदार/व्यापारी जिनकी दुकानें आंशिक रूप से सड़क से प्रभावित हुई, इन सभी को व्यापार प्रभावित होने के एवज में प्रति दुकानदार (आंशिक रूप से तोड़ी गयी दुकान के आकार के आधार पर) अनुग्रह धनराशि का भुगतान किया गया। साथ ही प्रशासन द्वारा उनकी दुकानों का व्यापक सौन्दर्यीकरण भी कराया गया और ये सभी दुकानदार उसी स्थान/दुकान पर अपने-अपने व्यापार/दुकान का संचालन कर रहे हैं। आज उनका व्यापार कई गुना बढ़कर सुचार रूप से चल रहा है।इसी के साथ ही उक्त मार्गों के 401 दुकानदार पूर्ण रूप से स्थानान्तरित हुए हैं जिनमें से 339 दुकानदारों को प्राधिकरण ने दुकान आवंटित किया है। व्यापार अन्य्से आकार के आधार पर) अनुग्रह धनराशि का भुगतान उनके खाते में अलग से किया गया है। उक्त मार्गो/पथों के सौन्दर्यीकरण/चैड़ीकरण से पूर्ण रूप से स्थानान्तरित कुल 79 परिवारों को बसा दिया गया है।

## अनुप्रिया पटेल के मंत्री बनाये जाने पर अधिवक्ताओं ने मनाया जश्न



**बाराबंकी।** अपना दल (एस) अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को भारत सरकार मे तीसरी बार मंत्री बनने पर अधिवक्ताओ व कार्यकर्ताओ ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी। सिविल कोर्ट परिसर मे बने 50 अधिवक्ता चैम्बर मे अधिवक्ता नीरज वर्मा के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ व कार्यकर्ताओ ने अपना दल अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के मंत्री बनने पर मिठाईया बांट एक-दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर सुरेश चन्द्र गौतम, सुनीत अवस्थी अमित, मनोकांति, राजीव राज, शिव शंकर रावत आदि मौजूद रहे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

**बहराइच ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क ओलेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीलीट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान विभागीय वेबसाइट बैकवर्डवेलफेअर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन एवं ओबीसीकम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक पर 21 जून 2024 तक आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं।

इच्छुक प्रशिक्षण संस्थानों को मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढांचे का विवरण उक्त वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही समस्त अभिलेखों की हार्डकापी निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण, इन्दिरा भवन, लखनऊ तथा विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# किराना कारोबारी के कर्मचारी से लाखों रुपयों की लूट

**ललितपुर।** सामान उधारी का रुपया वसूल करके लौट रहे लौट रहे कर्मचारी से हर्षपुर के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने लोहे की रॉड से हमला कर लाखों रुपये की लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मौके पर पुलिस आलाधिकारियों द्वारा मौका मुआयना करने के पश्चात जल्द ही खुलासे के निर्देश भी अधीनस्थों को जारी किये हैं।

तालबेहट के अंजनी नगर में रहने वाले नन्दलाल साहू पुत्र पुनु साहू ने कोतवाली तालबेहट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह आरव ट्रेडर्स तालबेहट के यहां विगत पांच वर्षों से कार्य करता आ रहा है। बताया कि आरव ट्रेडर्स से चीनी, आटा, मेंदा, सूजी, तेल इत्यादि की सप्लाई बांसी, जखौरा, तेरई फाटक और तालबेहट में होती है और अधिकांश सप्लाई उधार होती है। उधारी का रुपया वसूल करने के लिए प्रत्येक सप्ताह वह जखौरा, बांसी और तेरई फाटक जाता है। बताया कि 10 जून को सुबह करीब 9 बजे वह कम्पनी का उधारी का रुपया वसूल करने के लिए मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एफ 5414 से गया था। नन्दलाल ने बताया कि उसके साथ ग्राम कड़ेसराकलां के मजरा कतक्यारी निवासी शिवदयाल कुशवाहा पुत्र रामदीन भी साथ गया हुआ था। बांसी से करीब 19 दुकानदारों से 4,82,126 रूपया लेकर जब वह बांसी से निकला तो अपराह्न करीब 12.30 से 12.35 के बीच हर्षपुर प्रतीक्षालय से तालबेहट की ओर 100 मीटर की दूरी पर बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल से दो अज्ञात व्यक्ति जो कि मुंह पर नकाब पहने हुये थे आये और पीछे से लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया।

# गांव में चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना खण्डासा क्षेत्र के इछोई गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया जिसमें नीरज शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, अनूप कुमार शुक्ला के घर से करीब 40 लाख के आभूषण और एक लाख 15 हजार

**● 1.15 लाख नगदी व 40 लाख कीमत के आभूषण किए पार**

रुपए की नगदी समेत कीमती सामान उठा ले गए। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डासा थाना क्षेत्र के ग्राम इछोई पूरे पण्डित गांव निवासी नीरज शुक्ला ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर घर में घुसकर लूट किया। कमरे के भीतर पेटी में रखा हार, अंगूठी, चैन, अंगूठी 25000 रूपए नगद आदि सामान लूटकर ले गए रात 3 बजे घटना की जानकारी हुई।इसके बाद चोरों ने पड़ोस के ओम



प्रकाश शुक्ला के घर को निशाना बनाया ओम प्रकाश ने बताया कि रात करीब तीन बजे जगने पर देखा कि कमरों में लगे ताले टूटे पड़े हुए थे। पेटी में रखी सोने का झुमकी, सीकड़, अंगूठी, हार, चैन, जिसकी कीमत लगभग 35 लाख थी। घर के अन्य सामान को भी कर उठा ले गए हैं।इसके अलावा चोरों ने गांव के ही अनूप कुमार शुक्ला के घर को भी निशाना बनाया अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि रात में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरों में लगे तालों को तोड़कर पेटी में रखें 90000 रुपए नगद तथा जेवरात में झुमकी, सीकड़ , अंगूठी समेत अन्य सामान गायब मिला।पीड़िता ने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए। चोरी की घटना की जानकारी थानाध्यक्ष खण्डासा को दी। मौके पर पहुंची थाना पलिस ने घटनास्थल का बारीकी से जांच पड़ताल किया जांच में निकाल कर सामने आया कि अज्ञात चोर घरों में बल्ली के सहारे घुसे थे। तीनों पेड़ों ने खण्डासा पुलिस को कार्रवाीड़ितो का कहना है कि पुलिस चैकी खण्डासा प्रभारी सुधीर त्रिपाठी पुलिस टीम के ाए थे गांव से भी एक लोग को पड़कर पूछताछ के लिए ले गए हैं।

## एसपी ने किया यातायात कार्यालय का जीर्णोद्धार व पट्टिका का अनावरण



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन स्थित यातायात कार्यालय का जीर्णोद्धार व पट्टिका का अनावरण कर शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त एसपी ने यातायात कार्यालय से नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु के प्रमुख चैराहों, मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मानीटरिंग की। तथा यातायायात कार्यालय परिसर मे वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कन्नौजिया, यातायात प्रभारी रामयतन यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा



**बाराबंकी।** दाखिल खारिज कार्य मे रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ दबोचा। बताते चले कि तहसील नवाबगंज के राजस्व लेखपाल मनोज कुमार सिंह द्वारा दाखिल खारिज कार्य मे रिपोर्ट लगाने के नाम पर 5000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन टीम से सम्पर्क सांधा। और आज एंटी करप्शन टीम ने डी0एम आवास के सामने एक दुकान से लेखपाल मनोज कुमार सिंह को 5000 रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ दबोचा। तथा उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# गूंज उठा बजरंग बली का जयकारा! मंदिरों समेत हनुमान भक्तों ने किया सुन्दर कांड का पाठ



**बाराबंकी।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर धनोखर चैराहा स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर समेत जनपद के मन्दिरो में सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जगह-जगह हनुमान भक्तो द्वारा भण्डारा आयोजित किया गया। जंहा राहगीरो में पूडी-सब्जी, छोला-चावल, बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। तो वही सिविल कोर्ट परिसर में 50 अधिवक्ता चैबर के सामने विश्व हिन्दू परिषद विधि प्रकोष्ठ अवध प्रान्त जिला संयोजक/अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भण्डारे का शुभारम्भ किया। जंहा हनुमान भक्तो द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया।इसी क्रम में पंचम दास कुटी मंदिर के पास अभिनव पाइप एंड सेंट्री की ओर से हनुमान भक्त अभिषेक, अभिनव, अनुज वर्मा, उत्कर्ष ने संयुक्त रुप से हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर भव्य भण्डारे का आयोजन किया। जिसमे छोला चावल व बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर जे0ई आर पी वर्मा, निधि वर्मा, सीमा वर्मा, कवियित्री सुधा सिंह, अमर सिंह वर्मा, सभासद वैभव, हरिओम, आदित्य गुप्ता, दीपक वर्मा मौजूद रहे। इसी क्रम में स्टेट बैक के सामने कलेक्टेज्ट कचेहरी पर अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त पूर्व बार महामंत्री शाहीन अख्तर द्वारा श्रद्धालुओ मे प्रसाद वितरण कर भण्डारे का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संजीव बक्शी, सुहेल अहमद, गामा यादव, भीमा यादव, शैलेन्द्र मौर्या, सर्वेश मौर्या मौजूद रहे।

# नीट पे आरोप से बढ़ रहा आक्रोशः डॉ. आलोक

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** मेडिकल प्रवेश की राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा- नीट 24 मे लग रहे स्कैम के आरोपों का मनोदुस्प्रभाव परीक्षार्थियों व परिजनों के आक्रोशयुक्त अवसाद का कारण बन रहा है। इस मनोदशा से ग्रसित होने पर क्रोध,चिड़चिड़ापन,अनिद्रा, सर दर्द, बदन दर्द, हताशा

**● छात्र व परिजन में पनप रहा रिएक्टिव डिप्रेशन**

निराशा के इमोशन दिखायी पड़ते है जिसे मनो विश्लेषण की भाषा में रिजल्ट-रिएक्टिव डिप्रेशन या प्रतिक्रियात्मक अवसाद कहा जाता है। इस मनोदशा में मन मे रस्सा कसी होने लगती है जिससे अनिद्रा, बेचैनी, भूख में कमी, चिड़चिड़ापन , सरदर्द , उदासी, क्रोध, उल्टी, पेटदर्द व मूर्छा जैसे लक्षण आ सकते है । कुछ लोग गुमशुम होकर आत्मघाती या पलायन वादी कृत्य पर उतारू हो सकते है।

जिला चिकित्सालय के किशोर मनोपरामर्शदाता डॉ आलोक मनदर्शन के अनुसार रिजल्ट रिएक्टिव कॉन्फ्लिक्ट से ग्रसित परीक्षार्थी के मन मे नकारात्मक व अनचाहे विचार व मनोभाव बार बार आते रहते है। मनोद्वन्द घड़ी के पेंडुलम की तरह कुआं तथा खाई जैसी मनोस्थिति दिखाने लगता है। उन्होंने बताया कि ऐसे में परिजन व अभिभावक का रोल अहम है कि वे मनो संयम की



पुनर्स्थापना वाले वातावरण बनाएं तथा अतिअपेक्षापूर्ण व तुलनात्मक आंकलन कदापि न करे। पाल्य की गतिविधियों पर मित्रपूर्ण व सजग पैनी नजर रखे तथा कुछ भी असामान्य व्यवहार दिखने पर परामर्श अवश्य ले। परीक्षार्थी अपने मन को द्वंद की दशा से सतर्क रखें तथा आत्मग्लानि या अवसादग्रस्त दशा के प्रति जागरूक रहें। आठ घन्टे की नींद अवश्य लें और अपनी योग्यता पर भरोसा रखते हुए मानसिक संतुलन पे फोकस करें तथा समस्या के बने रहने पर मदद अवश्य लें।

## आबकारी की जंगलो में दस्तक से शराब तस्करों में मचा हड़कम्प



**बाराबंकी।** कच्ची व अवैध शराब बनाने वाले माफियाओ के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक की टीम ने जंगलो मे दंबिश अभियान चलाते हुये अवैध भट्टियो समेत तैयार लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट धर्मेन्द्र वर्मा की टीम ने थाना दरियाबाद अन्तर्गत ग्राम खर्चा समेत 6 संदिग्ध ठिकानो पर दंबिश दी। दंबिश के दौरान 22 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। 1 अभियोग पंजीकृत किया गया। टीम ने थाना दरियाबाद अन्तर्गत दना शाह मजार की पीछे जंगलो मे ताड़ के पेडो पर छुपाकर रखी गई 7 लीटर ताड़ी को भी बरामद किया। तथा 2 अभियोग पंजीकृत किये। दंबिश देने वाली टीम मे आबकारी हेड़ दीवान दीप नारायण, सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

## रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन करायें, रोजगार पायें

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं के उज्जवल भविष्य को सवारने के लिए तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार संगम एकीकृत पोर्टल प्रारंभ किया गया है, जिससे अब युवाओं को अपनी योग्यतानुसार रोजगार मिलना और भी आसान हो गया है।इसके तहत जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर गोविन्द नगर में शिक्षित-प्रशिक्षित बेरोजगारों को सेवायोजित करने हेतु,एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 12 जून 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में तीन कम्पनियां प्रतिभाग कर रहीं है। इसके अतिरिक्त अन्य कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में कराना होगा। पंजीयन के उपरांत रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु प्रतिभागी कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा। साथ ही सभी को यह भी सूचित किया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्ण रूप से निशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रुपए/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नहीं की जाती हैं। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रुपए/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते है। यह जानकारी रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने दी।

# लूट का आरोपी पुलिस मुठमेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** पूराकलंदर पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से चलाए गए ऑपरेशन के दौरान पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कछौली गांव के पास से लूट के एक आरोपी को एनकाउंटर में गिरफ्तार किया है। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

हैदरगंज थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के दम पर एक युवक से बाइक लूट ली थी। हैदरगंज थाने में तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। पुलिस और एसओजी की टीम विवेचना कर रही थी। सोमवार देर रात लगभग 12 बजे पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कछौली नहर के पास युवक को गिरफ्तार किया गया है। थाना पूराकलन्दर व स्वाट अयोध्या पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा थाना हैदरगंज अयोध्या में लूट की घटना कारित करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड में घायल हुआ। जिसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्टल, कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद किया गया। मामले की जांच और पूछताछ की जा रही है।

# भारत सरकार के प्रतिनिधि मण्डल ने ग्रामों का किया भ्रमण

**बहराइच ।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जल जीवन मिशन, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा इत्यादि योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण पर आये दूर संचार मंत्रालय भारत सरकार के उप सचिव रामानुज डे व निदेशक उच्च शिक्षा भारत सरकार प्रियांक चतुवेर्दी ने विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत डीहा पहुंचकर अशोका डीहा पाईप पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर ने बताया कि परियोजना के माध्यम से लगभग 1000 घरों को जलापूर्ति की जा रही है। उप सचिव श्री डे ने अधिकारियों को सुझाव दिया ग्रामवासियों को जागरूक करें कि खाने पीने में पाईप पेयजल परियोजना के जल का प्रयोग करें।ग्राम डीहा के निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधि मण्डल में सम्मिलित अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के



लाभार्थियों से संवाद करते हुए उज्वला योजना की सब्सिडी तथा योजना से होने वाले लाभों, मीनू के अनुसार विद्यालय में एमडीएम का प्रबन्धन, भोजन की गुणवत्ता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। संवाद कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बच्चों से स्कूल की व्यवस्था तथा शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा यह भी पूछा कि भविष्य में पढ़-लिख कर वह क्या बनना चाहते हैं। यहां पर प्रतिनिधि मण्डल का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिकारियों ने ग्राम की 02-02 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन भी कराया। इसके उपरान्त ग्राम पंचायत भोपतपुर चैकी का निरीक्षण करते हुए उज्वला योजना की लाभार्थियों शरीफन पत्नी नफीस, नाजगा पत्नी लड्डन, हसीना बानो पत्नी रिजवान, जुबैदा पत्नी पहलवान व अफसाना पत्नी मकसूद से कनेक्शन तथा सब्सिडी के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी श्रीमती हदीसुन पत्नी हींगा, श्रीमती नीता देवी पम्नी राजित राम व श्रीमती विमलादेवी पत्नी राजू के आवासों को देखा तथा अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। ग्राम के भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने रौशन जहां पत्नी बकीम अहमद, श्रीमती आरती देवी पत्नी ओमप्रकाश व साजिया पत्नी मो. अहमद से आयुष्मान कार्ड तथा अन्नू पत्नी ननकई से टीकाकरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। विकास खण्ड मिहींपुरवा के ग्राम मधवापुर का निरीक्षण करते हुए पेयजल परियोजना सहित विभिन्न शासकीय योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया। ग्राम के भ्रमण के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर शिक्षा एवं पोषण के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा स्कूल परिसर में पौध रोपण भी किया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी फूलमती, मधु, मंजू व लालमणि के आवासों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## माइनर में उड़ रही धूल

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बल्दीराय क्षेत्र के शारदा सहायक खंड-16 बड़ी नहर से निकली कस्बा माफियात नदौली माइनर में इन दिनों धूल उड़ रही है। वैसे भी इस माइनर में पानी आता भी नहीं है माइनर का निर्माण हुए लगभग तीन दशक बीत गया है, जबकि ग्रामीण कृषक इन दिनों धान की नर्सरी डाल रहे हैं। माइनर में पानी ना आने से मजबूरी में ग्रामीण कृषक निजी नलकूप से सिंचाई करके धान की नर्सरी डाल रहा है। इस माइनर में शायद पानी समय-समय से पहुंचे तो लगभग सैकड़ों एकड़ कृषकों की भूमि अधिक उपजाऊ हो सकती है। चिरैया गांव के कृषक जगन्नाथ ने बताया कि कई बार तहसील समाधान दिवस पर माइनर में पानी बराबर समय-समय पर पहुंचने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## तीसरे बड़े मंगल पर भंडारा व प्रसाद बंटा

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र में तृतीय बड़े मंगल के अवसर पर हनुमान भक्तों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान बीजेपी नेता पवन साहू द्वारा हनुमान गढ़ी मंदिर पर पूड़ी सब्जी सहित मिष्ठान का वितरण कराया गया। वहीं व्यापार मंडल संरक्षक कंचन वर्मा, रिंकू जायसवाल द्वारा रंधावा रोड पर पूड़ी सब्जी सहित शरबत वितरण कराया गया जिसके मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के वरिष्ठ संरक्षक विमल रस्तोगी रहे। कस्बे के शांति नगर में सभासद ऊषा त्रिपाठी एवं सहयोगियों शक्ति रस्तोगी, अमन गांधी, विशाल, अजय, सोनू आदि द्वारा तरबूज व कुल्फी का वितरण कराया गया वहीं ब्लाक परिसर में ग्राम विकास अधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा धूमधाम से प्रसाद वितरण कराया गया। ओथीं गांव में प्रधान सुनील मौर्य एवं चंदापुर रोड स्थित राईस मिलर शिवम सिंह द्वारा बजरंग बली की स्तुति कर प्रसाद वितरित कराया गया। महावीरन हनुमानमन्दिर पर बावन बुजुर्ग बल्ला प्रधान प्रतिनिधि दी पंकज गुप्ता द्वारा विशाल भंडारा कराया गया हनुमान मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं प्रसाद ग्रहण किया नवोदय चैराहा पर अनिल जायसवाल द्वारा हलवा बूंदी तरबूज कोल्ड ड्रिंक का प्रसाद वितरण किया गया उसराहा बाबा हनुमान मंदिर पर रामबाबू द्वारा भाव भंडारा किया गया इस दौरान राजू मौर्य राजकुमार अवस्थी पप्पू यादव राजेश मौर्य ममता मोर्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सेक्स रैकेट से लोग परेशान

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के निराला नगर पूरे मौहारी मोहल्ले में एक किराए के मकान में विगत कई माह से चल रहे सेक्स रैकेट से लोग परेशान हैं। मोहल्ला वासियों ने संयुक्त रूप से पुलिस और उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार मोहल्ले के एक घर में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चलने के कारण वहां आस पास रहने लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि इससे पूरे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। इससे बच्चों और युवकों में गलत प्रभाव पड़ रहा है। सुबह आठ बजे से लेकर देर रात तक संदिग्ध लोगों का जमावड़ा बना रहता है। कुछ दिन पहले लोगों की शिकायत पर पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मकान मालिक ने घर में ताला लगा दिया। लेकिन अब फिर से गलत व असामाजिक गतिविधियां बृहद रूप में संचालित होने लगी है। जिससे न केवल मोहल्ले के लोगों में आक्रोश व्याप्त है, बल्कि प्रशासन से भी लोगों का भरोसा उठता जा रहा है।

# 95 किलो गांजा बरामद, बैगनार कार से की जा रही थी तस्करी



जिला संवाददाता (vol)

**सोनभद्र।** यूपी एसटीएफ व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में बड़े पैमाने पर गांजा की खेप लाया जा और यहां से अन्य जनपदों में बिक्री के लिए तस्कर ले जा रहे और मुखबिर की सूचना पर अन्तर्जनपदीय तीन गांजा तस्करो को दो वैगनार कार और 95 किलो 210 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने इस कार व गांजा की कुल अनुमानित कीमत 22 लाख रुपये बताया है।

अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि यह अन्तर जनपदीय गांजा तस्कर जनपद के रामगढ़ से खरीद कर दो बैगनआर कार से 95 किलो गांजा नोएडा ले जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत सोमवार को मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए यूपी एसटीएफ व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा हिन्दुआरी तिराहे से करमा को जाने वाली सड़क पर शिवशक्ति ढाबा के पास से दो वैगनआर कार नम्बर भ्55 ड9423 व भ्55 फ8945 के डिग्गी में प्लास्टिक की बोरियों में कुल 95.210 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। इस बरामद कार व गांजा का कुल अनुमानित कीमत 22 लाख रुपये के साथ 03 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

## भूमाफियाओं की नियत पर गरजा बुलडोजर

**डलमऊ ,रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा ऐहार में सरकारी जमीन पर अपनी धाक जमाए बैठे भूमाफियाओं के सपनों पर तब पानी फिर गया जब डलमऊ तहसील प्रशासन का बुलडोजर ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण पर गरजा दरसल डलमऊ तहसील क्षेत्र की आदर्श ग्राम पंचायत ऐहार मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री के करीब और मेन रोड से सीधा संपर्क होने के कारण यहां की ग्राम पंचायत की बेश कीमती सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से भूमाफियाओं ने ग्राम सभा की लगभग एक बीघा से ज्यादा जमीन पर बाउंड्री बनाकर कब्जा कर लिया था और ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से ग्राम सभा की सरकारी जमीन को सुरक्षित करने की मांग की थी जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश यादव फौजी के द्वारा तहसील प्रशासन को अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की थी। और तत्काल तहसील प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जमीन की पैमाइश कराई और अतिक्रमण पाए जाने पर भूमाफियाओं को नोटिस जारी करते हुए जमीन को कब्जा मुक्त करने की हिदायत दी गई परंतु अपनी रसूखदारी के बलबूते फलने फूलने वाले भूमाफियाओं ने प्रशासन की चेतावनी को दरकिनार करते हुए राजस्व विभाग डलमऊ को आइना दिखा दिया परंतु जब बीते दिन तहसीलदार डलमऊ ध्रुव नारायण यादव राजस्व टीम के साथ ग्राम सभा ऐहार पहुंचे तो भूमाफियाओं के हौसले पस्त हो गए तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव ने बताया की ग्राम सभा की सरकारी जमीन जिसकी गाटा संख्या 619 में हुए बाउंड्री के घेरो को अवैध पाया गया है। जो सोची समझी रणनीति के तहत भूमाफियाओं के द्वारा अतिक्रमण कर रखा था लगभग एक बीघे में हुई प्लाटिंग को पैमाइश के दौरान अवैध पाया गया जिसको जेसीबी के माध्यम से ग्राम समाज की जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया तहसील प्रशासन द्वारा की गई इस कारवाही के बाद से भूमाफियाओं के हौसले पस्त हो गए हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस घोषित

**रायबरेली।** बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जनजागरण हेतु प्रत्येक वर्ष 12 जून, अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस घोषित है तथा इस अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में आम जन मानस से अनुरोध है कि किसी भी प्रतिष्ठान व दुकान, जो बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत खतरनाक प्रक्रिया एवं व्यवसाय घोषित हैं. उनमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कार्य पर नहीं रखा जाए ऐसा करना दण्डनीय है जिसमें कारावास एवं आर्थिक दण्ड का प्रावधान है। सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार द्वारा बताया गया कि श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत ईंट भट्टो, होटल, डाबों, मजदूर चैक पर एवं निर्माण ठेकेदारों को बाल श्रमिक नहीं रखने तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान कार्यरत धमिकों को मास्क एवं जागरुकता संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही संचालकों को बाल श्रमिक नहीं रखने के संबंध में शपथ दिलवाई गई। ईंट भटटों, होटल, ढाबे, मजदूर चौक पर एवं निर्माण ठेकेदारों को बताया गया कि बाल श्रमिक नियोजित करने पर नियोजक मालिक पर न्यूनतम 20 से 50 हजार तक का जुमार्ना किया जा सकता है एवं 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा से दंडित किया जा सकता है या दोनों सजा मिल सकती है।

# विधायक प्रतिनिधि ने की पूजा-अर्चना



**अमेठी।** जनमानस पर हनुमान जी की कृपा बरसाने के लिए विधायक महाराजी प्रजापति के प्रतिनिधि और पुत्र अनुराग प्रजापति ने मंगलवार को आवास विकास कालोनी में बजरंग बली की विशेष पूजा अर्चना की। अपने परिवार के साथ हनुमान जी की पूजा के बाद उन्होंने महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुबह से दोपहर बाद तक चले प्रसाद वितरण में आवास विकास कालोनी के सभी परिवारों के लोग शामिल हुए और बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को प्रसाद वितरित किए।

## अनियंत्रित वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, ट्रामा सेटर रेफर

**जगदीशपुर, अमेठी।** तेज रफ्तार आ रही अनियंत्रित पिकप वाहन ने साईकिल सवार को टक्कर मार दिया जिसे अस्पताल मे भर्ती कराने पर हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। थानाक्षेत्र के अंतर्गत जगदीशपुर कस्बे मे स्थित रामलीला मैदान के निकट घटना उस वक्त घटी जब पूरे साहब मजरे मंगौली निवासी सुखराम साईकिल द्वारा किसी कार्यवश जा रहे थे कि अचानक आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकप वाहन ने साईकिल मे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ईलाज हेतु आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख कर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि वाहन को कब्जे मे लेकर अग्रिम कार्यवाई जारी है ।

## केंद्र सरकार ने परिवारवाद के सारे रिकार्ड तोड़कर अपनी पार्टी के नाम किया दर्ज

**अमेठी।** कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह का केंद्र की भाजपा सरकार में परिवारवाद को लेकर एक बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि इस बार की केंद्र की भाजपा-एनडीए सरकार आजादी के बाद से अब तक की परिवारवाद की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है।

मंगलवार को केंद्र की भाजपा एनडीए सरकार को परिवारवाद पर घेरते हुए कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह का एक बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा है कि दोस्तों क्या आप जानते हैं भाजपा पार्टी इस बार जब एनडीए सरकार बनाई तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने शपथ ली तो उन्होंने एक और रिकॉर्ड बनाया है उसे रिकॉर्ड में उन्होंने अब तक के आजाद भारत के साथ परिवारवाद के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं अभी तक अधिकतम 6 बड़े नेताओं के बेटे-भतीजे व नाती-पोते मंत्री होते आए हैं इस बार भारतीय जनता पार्टी ने कई दर्जन बड़े नेताओं के बेटों को नातियों को पति को पुत्रियों को मंत्री बनाकर परिवारवाद के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं जिसमें चंद्रकांत गोयल के पुत्र पीयूष गोयल मंत्री हुए हैं देवेंद्र प्रधान जी के पुत्र धर्मेंद्र प्रधान जी मंत्री हुए हैं एवं नायडू के पुत्र केआर मोहन नायडू मंत्री हुए हैं रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान मंत्री हुए हैं एचडी देवगौड़ा जो देश के प्रधानमंत्री थे उनके पुत्र एचडी कुमार स्वामी मंत्री हुए हैं माधवराज सिंधिया के पुत्र ज्योतिराव सिंधिया मंत्री हुए हैं सोनेलाल पटेल की पुत्री अनुप्रिया पटेल मंत्री हुई है। रिनचिम कारू के पुत्र किरण रिजिजु मंत्री हुए हैं। जितेंद्र प्रसाद जी जो कि कांग्रेस के बहुत बड़े नेता थे उनके सुपुत्र जितिन प्रसाद जी मंत्री हुए हैं। बी एन सिंह के पोते नवनीत बिट्टू चुनाव भी हारने के बाद मंत्री बने हैं और यह सब तब हुआ है जब जय शाह जी के पापा अमित शाह जी लिस्ट फाइनल कर रहे थे और पंकज भैया के पिता राजनाथ सिंह जी उस लिस्ट को मूल रूप दे रहे थे। दोस्तों भारतीय जनता पार्टी अफवाह फैलाने वाली पार्टी है सबसे ज्यादा जातिवाद करती है धर्मवाद करती है परिवारवाद करती है लेकिन अपने ऊपर लगे आरोप को दूसरे के ऊपर मढ़ती है।

# नीट की परीक्षा में हुई धांधली को लेकर एसएफआई ने किया विरोध-प्रदर्शन




**सुलतानपुर (वीओएल)।** एसएफआई सुलतानपुर ने अखिल भारतीय आह्वान पर नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। राज्य सचिव विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि 4 जून को नीट-यूपी की परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कई शिकायतें सामने आ रही हैं, जो एनटीए के परीक्षा संचालन की पारदर्शिता पर सवाल उठा रही हैं। यह एन.टी.ए. लाए जाने के बाद से महत्वपूर्ण परीक्षाओं में निरंतर हो रहे गंभीर भ्रष्टाचार एवं कुप्रबंधन की श्रृंखला की एक और कड़ी के रूप में हुआ है। परिणामस्वरूप, यह एक बार फिर साबित हो गया है कि एक केंद्रीकृत संस्था एनटीए नीट जैसी प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाने में अक्षम और अयोग्य है। ऐसी शिकायतें भी मिली हैं कि एक ही केंद्र से एक ही क्रम में लगातार रोल नंबर वाले छात्रों को समान अंक मिले हैं, जो की प्रसंगवश 720 में से 720 अंक हैं। रैंक में इस गंभीर विवर्धन के कारण उम्मीदवारों को अब निजी कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो सीधे तौर पर एन.टी.ए. की नीतियाँ जैसे कि पाठ्यक्रम में उल्लेखनीय कमी के कारण है। मोदी सरकार में जिस तरह से एनएमसी और एन.टी.ए. मिलकर मेडिकल शिक्षा का निजीकरण कर रहे हैं, वह देश के भविष्य के लिए खतरनाक है। राज्य कमेटी सदस्य पार्थ सारथी द्विवेदी ने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में राज्य-आधारित संयुक्त प्रवेश परीक्षा प्रणाली को बदलने के लिए अंतहीन भ्रष्टाचार का तर्क दिया गया था, अब यही अंतहीन भ्रष्टाचार का आरोप नीट-यूजी को लेकर भी सामने आ रहा है। एसएफआई जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि एसएफआई पेपरों में हुई धांधली का विरोध करता है तथा पूरे देश मे छात्र आंदोलन करने की चेतावनी देता है। एन.टी.ए. ने एक बयान में लापरवाही से कहा है कि इस साल का रिजल्ट में ग्रेस मार्किंग भी हुई है। लेकिन इस साल परीक्षा से पहले एन.टी.ए. द्वारा प्रकाशित दशानिदेशों में कहीं भी इस ग्रेस मार्किंग योजना का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

## आप कार्यकताओं ने नीट परीक्षा परिणाम में लगाया धांधली का आरोप सौंपा ज्ञापन



**गौरीगंज, अमेठी।** मंगलवार को आप कार्यकताओं ने विगत दिनों नीट परीक्षा परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अमेठी को सौंपकर निष्पक्ष जांच करायें जाने की मांग किया है। आम आदमी पार्टी के जिला सह संयोजक शिव प्रसाद कश्यप के नेतृत्व में आप कार्यकताओं ने नीट परीक्षा परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा है कि नीट परीक्षा परिणाम में जो धांधली हुई है उसकी जांच सी०बी०आई० करे। ये कैसे हो सकता है कि एक ही सेन्टर पर क्रम से रोल नं० वाले 8 और 67 विद्यार्थी टाप पर रहे है। जिससे एन०टी०ए० के दुर्भाग्यपूर्ण रवैये से आम छात्र एवं छात्राओं का डाक्टर बनने का सपना टूट रहा है। आम आदमी पार्टी अमेठी भारत सरकार से मांग करती है कि इसकी सी०बी०आई० से जांच हो जबकि नीट की परीक्षा 05 मई को आयोजित हुई थी और उसका परीक्षा परिणाम 04 जून को आया। इसमे 67 विद्यार्थी प्रथम स्थान पर रहे, जिन्होने 720 में से 720 अंक अर्जित किये। इसमे से 44 स्टूडेन्ट ग्रेस मार्क की मदद से टाप किया। आम आदमी पार्टी अमेठी यह मांग करती है कि जो ग्रेस मार्क दिये गये हैं उसका फामूर्ला क्या है। कितने विद्यार्थी को ग्रेस मार्क दिये गये है उसको भी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी सार्वजनिक करे। आम आदमी पार्टी अमेठी का कहना है कि एन०टी०ए० दलाली नहीं चलेगी। नीट परीक्षा परिणाम मे जो भी गलतियां हुई है उसको सुधार कर फिर से परिणाम घोषित करें। इस मौके पर चन्द्रजीत यादव, पलटूराम, पंकज तिवारी, रामनारायण यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनएसपीएस त्रिपुला में तृतीय बड़े मंगलवार को हुआ प्रसाद वितरण



**रायबरेली।** भगवान हनुमान की भक्ति के प्रतीक ज्येष्ठ माह के मंगलवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित होने वाले प्रसाद वितरण कार्यक्रम के क्रम में एनएसपीएस त्रिपुला शाखा में लगातार तीसरे मंगलवार को विद्यालय अध्यक्ष शिवाकान्त शर्मा के साथ प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने हिन्दू मान्यतानुसार जीवन की सभी बाधाएं दूर करने वाले हनुमान जी की पूजा आर्चना की, महावीर हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुरेश सिंह (दानी), प्रेमशंकर, शिव करन पाल, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ला, देव शंकर शुक्ला सहित विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भगवदीय आयोजनों में उमड़े श्रद्धालु

**लालगंज ,रायबरेली।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को हनुमान भक्तों ने जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों में भगवान बजरंगबली के भक्तिमय गीतों की धूम रही। कई स्थानों पर अखंड रामचरितमानस पाठ और सुंदरकांड के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। पूरे मौहारी गांव में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर व समाजसेविका पूनमश्री ने भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना कर भंडारा शुरू कराया। भंडारे में प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी, तहरी और खीर का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता भी शरीक हुई। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उमेश श्रीवास्तव, सुशील शुक्ला, शेर बहादुर सिंह, पत्रकार दिलीप कुमार शर्मा, अभिषेक शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाहक उधम जायसवाल, भोला सिंह, राजेंद्र सिंह, साहिल श्रीवास्तव, मनोज यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य कर्मी के निधन पर शोक, दी गयी श्रद्धांजलि

**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र के जाने-माने फार्मासिस्ट व्यास पांडे का लखनऊ में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही शुकुल बाजार क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निधन पर शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वह स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र में लंबे समय तक कार्यरत रहे। उनका अंतिम संस्कार उनके बस्ती के निकट अयोध्या स्थित घाट में किया गया। उनके निधन पर समाज के हर तबके के लोगों ने शोक जताया है। वहीं निधन की खबर सुनकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सुधीर वर्मा की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। सुधीर कुमार वर्मा ने कहा कि निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। शोकसभा में डा. राजेंद्र सोनी , डा. सुशील शुक्ला डा. संजय शक्ला, डा. विनीत, डा आकाश, डा.दिनेश कुमार तिवारी, अजय सिंह, बीसीपीएम उदय राज यादव,ज्योति प्रीति सिंह, राजेश यादव, सीता वर्मा के डी यादव अनिल कुमार आदि मौजूद थे। वहीं क्षेत्रवासियों ने भी व्यास जी पांडे के निधन पर जगदीश्वर बाजपेई डा. श्रीकांत शुक्ला,ओंकार नाथ सिंह , राजेंद्र ,नागेंद्र पांडे,राकेश सिंह,राम प्रसाद शुक्ल ,रमेश साहू गुड्डू ,बबलू ,जानकी ध्रुव पिंकू अवधेश गुप्ता दीपांशु आदि ने भी शोक जताया। सीएचसी के फार्मासिस्ट व्यास जी पांडे के आकस्मिक निधन के शोक में मंगलवार को अस्पताल की ओपीडी बंद रही। स्टाफ के लोगों ने अस्पताल परिसर में शोक सभा आयोजित कर अपने सहकर्मी को श्रद्धांजलि दी। स्व. पांडे के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## कृषि वैज्ञानिक ने 60 कृषि सखियों को दिये प्राकृतिक खेती करने के गुर



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू कृषि विज्ञान केन्द्र में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कृषि सखियों का 07 जून से 11 जून तक दो बैंचों का पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती विषयक आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विकास खण्ड कादीपुर, दोस्तपुर, करौंदीकला, कुड़वार एवं वल्दीराय की 60 कृषि सखियों ने प्रतिभाग किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. जे बी सिंह ने प्राकृतिक खेती का मृदा स्वास्थ्य एवं पोषक तत्व प्रबन्धन के बारे में एवं बायो इनपुट के बारे में कृषि सखियों को अवगत कराया। केन्द्र के मास्टर ट्रेनर/पशुधन वैज्ञानिक डा. दिवाकर वर्मा ने फसल और पशुधन एकीकरण, स्वास्थ्य और पोषण पर कृषि सखियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर/कृषि प्रसार वैज्ञानिक डा. सी के त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती के सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए विस्तार के तरीके, विस्तार सेवायें और पैरा विस्तार श्रमिकों के गुण के बारे में कृषि सखियों से चर्चा की एवं प्राकृतिक उपज का प्रमाणन और विपणन को कैसे किया जाय इसके बारे में कृषि सखियों को जागरूक किया। मास्टर ट्रेनर के रूप में डा. सी के त्रिपाठी एवं डा. दिवाकर वर्मा ने प्राकृतिक खेती में उपयोग किये जाने वाले उत्पाद बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, दशपर्णी अर्क आदि को कैसे किस पद्धति से बनाया जाय और उनका उपयोग किस प्रकार से किया जाय और इसकी मात्रा एवं प्रयोग के बारे में बताया। 11 जून को 60 कृषि सखियों का मूल्यांकन परीक्षा कराया गया, उसके पश्चात उनको मिशन के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित साहित्य, पेन, पैड, फोल्डर एवं ग्रुप फोटोग्राफ उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर नीना सक्सेना, अतुल कुमार सिंह, रोहित सिंह, मो. मोहसिन खान, कौशल कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं ने किया सुंदरकांड पाठ व शर्बत वितरण





- **यूपी 44 अधिवक्ता चैंबर में हुआ आयोजन**

**सुलतानपुर ।** कलेक्ट्रेट के यूपी-44 अधिवक्ता चैंबर के नेतृत्व में बड़े मंगल पर हनुमान जी का पूजन, सुंदर काण्ड पाठ, आरती व हजारों भक्तों को प्रसाद व शरबत वितरित किया गया। मंगलवार को सुबह आठ बजे से सुंदर काण्ड पाठ व आरती विधिविधान पूर्वक पंडित प्रवीन तिवारी ने कराया। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि रिटायर्ड जिला जज/बाल पीठ के चेयरमैन आरपी शुक्ल ने शरबत वितरित कर किया। वहीं विशिष्ट अतिथि एडीएम वित्त एस सुधाकरन, सीआरओ देवेंद्र सिंह ने भक्तों को शरबत वितरित किया। 11 बजे से दो बजे तक बड़े मंगल के अवसर पर हनुमान जी की कृपा से 1250 भक्तों को प्रसाद व शरबत वितरण पिलाया गया। इस मौके पर सीनियर अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय, अनुराग द्विवेदी पत्रकार, अजय तिवारी एडवोकेट, जेपी पांडेय, नवीन शुक्ल, विजय सिंह, राम सिंह, महेश मुंशी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, महासचिव आर्त मणि मिश्र, अरुण उपाध्याय, जितेंद्र मिश्र, अरुण पांडेय, संजीव तिवारी, श्रवण पांडेय, पंकज, पत्रकार नरेंद्र द्विवेदी, अंजनी तिवारी, वरुण मिश्र, शकील अंसारी, ओपी चैधरी समेत सैकड़ों अधिवक्ता, कलेक्ट्रेट स्थित दफ्तरों के पटल प्रभारी, कर्मियों ने शरबत पिया।

### महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को वितरित की गयी शरबत

**सुलतानपुर।** ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार पर रामबरन स्नातकोत्तर महाविद्यालय विभारपुर जयसिंहपुर प्रत्येक परीक्षा समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय परिवार के द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के प्रशासक संजय सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के इंचार्ज प्राचार्य अजय त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रवक्ता केंद्रा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, सहायक केंद्र अध्यक्ष प्रज्जवल मिश्रा, प्रवेश गुप्ता, रामप्रताप दुबे, नीरज धुरिया, उषा वर्मा, दिलीप दुबे मनीराम आदि मौजूद रहे।

### बिजेथुआ महावीर धाम पर उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजुम

**सूरापुर, सुलतानपुर।** ज्येष्ठ मास के प्रत्येक मंगलवार की महत्ता के चलते तीसरे मंगलवार को बिजेथुआ महावीर धाम में स्थित मकरी कुण्ड सरोवर में श्रद्धालुओं ने स्नान कर माला, फूल, मीठी पूड़ी, सिंदूर आदि लेकर हनुमानजी के दरबार में हाजिरी लगाने के साथ हनुमत जयकारे लगाए। भीड़ की अधिकता के चलते पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा।

## ग्रामीण क्षेत्र में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा जगह-जगह हुआ प्रसाद का वितरण

**जामों, अमेठी ।** ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा का सैलाब नजर आया। भक्ति संगीत के साथ जगह जगह प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मवई चौराहे पर हनुमान की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। ज्येष्ठ की दुपहरी में भी श्रद्धालु प्रसाद लेने के लिए लाइन में लगे रहे। श्रद्धालुओ ने राहगीरों को रोकर प्रसाद वितरण कर रहे थे। स्टाल के पास साउंड लगाकर संगीत के उत्साह के बीच प्रसाद वितरण किया और थोड़ी थोड़ी देर बाद हनुमान जी की जयकारे लगाते रहे। हनुमान जी के विशाल भंडारे को ग्राम पंचायत मवई के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजन किया। विशाल भंडारा देर रात तक चलता रहा।

संक्षेप

## छाता में मत्स्य पट्टा शिविर 15 जून को

**मथुरा।** उप जिलाधिकारी छाता ने अवगत कराया है कि तहसील छाता के अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु तालाबों को दस वर्षीय पटटे पर उठाये जाने के लिए पटट्। शिविर का आयोजन 15 जून 2024 को प्रातः 11 बजे तहसील परिसर में किया जायेगा। जलालपुर, हताना, उमराया, ऐंच, बहरावली, खायरा, शहजादपुर, सुपाना, भदावल, गुहेता सात बिसा तथा खैराल सात बिसा गांव के तालाबों को पटटे पर उठाया जायेगा, जिसमें मछुआ सामुदायक, अनुसूचित एवं जनजाति के व्यक्तियों प्राथमिकता दी जायेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सादाबाद के युवक की मौत

**मथुरा।** थाना बलदेव के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार देर रात नोएडा से आगरा की ओर जाने वाले मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से सादाबाद के युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेव संजय कुमार त्यागी ने बताया कि सोमवार देर रात बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन-134 के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भिजवाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त गुरमुख अनिल कुमार (32) निवासी अरौठा, सादाबाद, हाथरस के रूप में हुई। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## सीजनल फल सब्जी आइसक्रीम के खाद्य विभाग ने भरे सैंपल

मथुरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थ में हो रही मिलावट की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सीजनल फ्ल एवं सब्जियों में हानिकारक रसायन जैसे पेस्टिसाइड तथा मिनरल ऑयल की कोटिंग की जांच हेतु नवीन सब्जी मंडी से खीरा आम पपीता सेव तरबूज करेला टमाटर फ्ल एवं सब्जियों के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। साथ ही वाडीलाल ब्रांड के आइसक्रीम के चार नमूना एवं नमस्ते इंडिया ब्रांड आइसक्रीम का 1 नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया।

## एसएसपी ने थाना टूंडला का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना टूण्डला का आकस्मिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार रात्रि एसएसपी सौरभ दीक्षित ने थाना टूण्डला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनसुनवाई रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर त्यौहार रजिस्टर एवं सीसीटीएनएस पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आईजीआरएस यूपी कॉप एवं महिला अपराधों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया।

## ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सोनभद्र।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव ने अवगत कराया गया कि, उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना अर्न्तगत ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवक/नवयुवती जो ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हो तथा अपने गॉव में ही उद्योग लगाकर रोजगार स्थापित करना चाहते हो, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी उम्र 18 से 50 वर्श तक हो ऋण हेतु आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आई0टी0आई, पॉलीटेक्निक, परम्परागत कारीगरो एवं मिषन अन्त्योदय ग्राम के लाभार्थियो को वरीयता प्रदान की जाएगी। योजना अर्न्तगत बैंक द्वारा स्वीकृत/वितरित टर्म लोन (पूंजीगत ऋण) पर सामान्य वर्ग के पुरुश को प्रोजेक्ट लागत का 10 प्रतिषत अपना अंषदान लगाना पड़ेगा एवं 04 प्रतिषत वार्शिक ब्याज की दर से ब्याज भुगतान करना पड़ेगा षेश बैंक की ब्याज की धनराषि षासन से प्राप्त होने पर विभाग द्वारा भुगतान की जायेगी एवं आरक्षित वर्ग के अन्य सभी उद्यमियों को जैसे महिला, पिछडी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अल्पसंख्यक, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक को प्रोजेक्ट लागत का 5 प्रतिषत अपना अंषदान लगाना पड़ेगा व शून्य प्रतिशत ब्याज की दर से बैंको को ब्याज भुगतान करना पड़ेगा।

# तकनीकी समन्वय समिति के साथ बैठक में डीएम ने दिये निर्देश



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में भूगर्भ जल रिचार्ज हेतु जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, परियोजना निदेशक अरुण कुमार तथा समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने रैन वाटर हार्वेसिंटग के नियमों को कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए तथा अनुपालन न करने वालो को नोटिस व आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वर्षा से पूर्व समस्त नालों की सफाई, नहरों की सफाई, तालाबों की खुदाई, तथा समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

समस्त बीडीओ जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करे, जलभराव की समस्या से निदान हेतु कार्य योजना बनाए, जहा जहां आवश्यकता है वहां वहां पम्प सेट क्रय किए जाए तथा वर्षा से पूर्व कार्यों को संपादित किया जाए। सिंचाई विभाग द्वारा नालों, ड्रेन एवं नहरों की सफाई का कार्य किया जा रहा है, जिसका सभी खंड विकास विभाग स्वयं निरीक्षण करे तथा फोटो युक्त रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में ससमय प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने दिनांक 21 जून को योग दिवस के अवसर पर समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में रोस्टर के अनुसार कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त बीडीओ को कार्यालयों में ससमय बैठने, आम जनमानस की समस्याओं को सुनने एवं निस्तारण करने के निर्देश दिए। सभी बीडीओ निरंतर माननीय जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहे, नई योजनाओं व कार्यों से उनको अवगत कराए, अपने अपने क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण हेतु माननीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करे तथा नियमित रूप से समन्वय स्थापित रखे। उन्होंने आगामी गर्मी में दृष्टिगत नहरों के माध्यम से तालाबों को भरवाने के निर्देश दिए। अपने अपने क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करे। सभी बीडीओ निरंतर गौशालाओं का निरीक्षण करे, गौवांशों हेतु पर्याप्त जल, भोजन, शेड, आदि का व्यवस्था का जायजा ले तथा निराश्रित गौवांशों को गौशालाओं में पहुंचाए।

# सड़क हादसे में घायल की मौत पर परिजनों ने काटा हंगामा

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** हाइवे स्थित न्यूरो अस्पताल में सड़क हादसे में घायल मरीज की मौत होने पर परिजनों ने देर रात जमकर हंगामा काटा। मृतक के परिजनों ने लाश को वेंटिलेटर पर रखकर जबरन पैसा वसूलने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व कोसी रोड़ पर रत्ना सागर होटल के समीप अनियंत्रित कार ने टैंपू में टक्कर मार दी थी। हादसे में टैंपू सवार छाता निवासी 25 वर्षीय बंटू पुत्र नईम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर हालात में केडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालात गंभीर होने पर परिजनों द्वारा न्यूरो सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में भर्ती कराया। यहां भी मरीज की हालात गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायल को वेंटिलेटर पर रख दिया। परिजनों सोमवार दोपहर ही अनहोनी की अंदेशा हो गया और अन्य अस्पताल में ले जाने के लिये चिकित्सकों से रैफर की मांग करते रहे। मृतक के बहनोई आजाद ने बताया कि 24 घंटे के अंदर 1.60 लाख रुपए इलाज के नाम पर हड़प लिये।

परिजनों का आरोप है कि मरीज की मौत के बाद भी अस्पताल संचालक इलाज के नाम पर रुपये ऐंठते रहे। परिजन की मौत की जानकारी होने पर लोगों का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिले पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान गुस्साये लोग हाइवे पर पहुंच गये और जाम का प्रयास करने लगे। पुलिस ने परिजनों को समझाकर हाइवे से हटाया। मृतक के परिजनों का कहना है कि उनके मरीज की मौत हो चुकी थी लेकिन अस्पताल प्रशासन उसके इलाज के नाम पर रुपये ऐंठ रहा था। परिजनों ने अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भाकियू भानु का राष्ट्रीय चेतना शिविर 13 से हरिद्वार में

**टूंडला।** भारतीय किसान यूनियन भानु का तीन दिवसीय राष्ट्रीय चेतना शिविर हरिद्वार में आयोजित किया जा रहा है। 13,14 व 15 जून को आयोजित शिविर में सभी घटकों के राष्ट्रीय,प्रदेश जिला तहसील व ब्लाक स्तरीय पदाधिकारियों,किसानों व जनता से भाग लेने की अपील की गई है। यह जानकारी किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव करतार सिंह पौनिया व मीडिया प्रभारी लक्ष्य अमर टैगोर ने दी है।

# इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम में लगी भीषण आग, लाखों की बाइकें जलीं

**मथुरा।** कोसीकलां में अग्रसेन नगर में इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम में सोमवार की रात भीषण आग लग गई। आग की लपटों में पूरा शोरूम धू-धू कर जल उठा।



घटना के बाद अफरातफरी मच गई। दमकल की चार गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से करीब 50 लाख की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कोसीकलां नगर पालिका के पूर्व सभासद पवन बंसल का अग्रसेन नगर में घर के समीप ही इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम है। सोमवार की शाम को सभी कर्मचारी शोरूम बंद कर घर चले गए। बताते हैं कि ट्रिपिंग के चलते रात में एक बजे बिजली आई थी। माना जा रहा है कि तभी कोई फाल्ट या शार्ट सर्किट हुआ होगा। जिससे रात करीब 2 बजे शोरूम में आग लग गई। आग धीरे-धीरे पूरे शोरूम में फैल गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने शोरूम से लपटें उठते हुए देखीं तो इसकी सूचना शोरूम मालिक को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने में जुट गई। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरा का पूरा शोरूम जलकर राख हो गया। शोरूम संचालक पवन बंसल के अनुसार शोरूम में लगभग 50 गाड़ियां थीं। इसके अलावा दो दिन पूर्व पांच लाख के स्पेयर पार्ट्स भी आग की भेंट चढ़ गए। आग के कारण कितना नुकसान हुआ। इसकी फिलहाल सटीक जानकारी तो नहीं है, लेकिन लगभग 50 लाख के नुकसान का अनुमान है।

# जनसेवा केन्द्र संचालक पर फायरिंग करने वाले पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस ने जनसेवा केंद्र संचालक पर फायरिंग करने वाले आरोपियों को 24 घंटे के अंदर दबोच लिया। पुलिस की आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरे को भागते हुए दबोच लिया। पुलिस ने घायल को गिरफ्तार कर उपचार के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। संचालक पर हमले के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने पर लोगों ने पुलिस के कार्य की सराहना की।

एसपी ग्रामीण कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 10 जून को मोटर साइकिल आपस में टकराने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। झगड़ा कर रहे लोगों को जन सेवा केंद्र संचालक कुलदीप बघेल ने दोनों को अलग कर दिया था। जिसके बाद दो बाइक पर आए कुछ लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जिसमें वह बाल-बाल बच गया था। पुलिस ने घटना के बाद पीड़ित कुलदीप की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एसएसपी के निर्देश पर दो टीमों का गठन कर घटना के खुलासा के निर्देश दिये। गठित टीमों द्वारा घटना में शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही थी, तभी मंगलवार सुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जनसेवा केन्द्र संचालक पर फायरिंग करने की घटना में शामिल एक आरोपी मंगू उर्फ वीर बहादुर पुत्र दुगार्पाल सिंह निवासी आसपुरा थाना करहल मैनपुरी अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से शिकोहाबाद नहर पटरी से



शिकोहाबाद की ओर से जा रहा है, जो कहीं भागने की फिराक में है। सूचना का संज्ञान लेकर थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी की घेराबन्दी शुरू कर दी। थोडी देर बाद पुलिस टीमों को एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने जब उन्हें को रोकने का प्रयास किया तो वह अपनी मोटरसाइकिल पीछे मोड़कर भागने लगे। परन्तु मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे आरोपी ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग की। जिससे आरोपी के पैर में गोली लग गयी। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। घायल आरोपी के कब्जे से दो तमंचा और दो कारतूसए और एक मोटर साइकिल बरामद हुयी है।

# कांग्रेसियों ने निकाली धन्यवाद यात्रा



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में,लोकसभा 24 के चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिले जन समर्थन को देखते हुए, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जनपद की विधानसभाओं में निकाली जाने वाली धन्यवाद यात्राओं के अंतर्गत, आज गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खामिनी से प्रारंभ कर अड़ींग, मोहरा, गोवर्धन, राधा कुंड, राल,छटीकरा में धन्यवाद यात्रा निकाल कर जनता व कांग्रेसी जनों का आभार व्यक्त किया गया तथा गोवर्धन में प्रेस वार्ता की गई। अड़ींग की नुक्कड़ मीटिंग में ग्रामीण जनता और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए, जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि, जिस प्रकार मथुरा जनपद की जनता ने इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस के प्रति अपना प्यार दिखा कर आशीर्वाद दिया है।

धन्यवाद यात्रा में भगवत प्रसाद शर्मा,ठाकुर हेमंत सिंह, अशोक शर्मा ,अजीत सैनी, बंटी सिद्दीकी, डॉक्टर विजेंद्र सिंह, राधा मोहन शर्मा, दीपक पाठक, ठाकुर गिर्राज सिंह ,ठाकुर रविंद्र सिंह, जतिन पंडित, ठाकुर बदन सिंह, कुंवर युवराज सिंह, राजपाल सिंह, कुंवर दुष्यंत प्रताप सिंह, महावीर प्रसाद शर्मा, बनवारी चैधरी, अजीत सिंह चैधरी, युद्धवीर सिंह चैधरी, रामवीर सिंह, मानसिंह, कन्हैयालाल मिश्र, अखलाक चैधरी, राजू अब्बासी ,मोहम्मद यासीन, शमीम अब्बासी, गुड्डू अब्बासी, सहित सैकड़ो कांग्रेसियों ने भाग लिया।

# पोखर में व्यक्ति ने लगायी छलांग, मौत



**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र अंतर्गत राया बल्देव रोड पर मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति ने पोखर में छलांग दी। जब तक उसे निकाला गया, उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गयी और शव को पोखरने से निकालने के प्रयास कर रही।

मंगलवार की सुबह राया थानांतर्गत सियरा गांव निवासी ज्वाला (50) पुत्र लोकमन बल्देव रोड स्थित लंकापुरी के पोखर पर पहुंचा और पोखर में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी होते ही वहां भीड़ एकत्रित हो गयी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पोखर के पास एक थैला मिला जिसमें आधार कार्ड आदि सामान था। आधार कार्ड के आधार पर यह शिनाख्त हुई कि कूदने वाला ज्वाला है। पुलिस पोखर से ज्वाला को निकालने के प्रयास में जुट गई। काफी देर बाद उसे निकाला जा सका, तब तक उसक मौत हो चुकी थी।

# डीएम ने व्यापक रूप से पौधरोपण के दिये निर्देश

- सभी अधिकारी, कर्मचारी व आम जनमानस इस बार व्यापक पौधारोपण कर बनें पुण्य के भागीदार : डीएम

**फिरोजाबाद।** डीएम की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में व्यापक व वास्तविक रूप से वृक्षारोपण पर जोर देते हुए सभी विभागों के आवंटित लक्ष्य को डेढ़ से दो गुना करते हुए कडे निर्देश दिए कि वह वृक्षारोपण के कार्य में लग जाए और अपने लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण के लिए जमीन को चिन्हित कर लें जिन विभागों के पास जमीन नही है उन्हे दूसरे विभागों से जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारी कर्मचारी व आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि इस बार वषार्काल में पूरे मनोयोग से वृक्षारोपण कर पुण्य के भागीदार बने। उन्होने कहा कि हम सब जानते है कि वृक्ष है तो जीवन है और वृक्ष के अभाव में इस मौसम में तापमान कितना अधिक बडा हुआ है जिससे आम जन मानस बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। उन्होने सभी विभागों को अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित करते हुए वृक्षारोपण के कार्य में लग जाने को कहा जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को 2 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देशित किया कि वह सभी परिषदीय विद्यालयों के परिसर व आस पास विद्यार्थियों व अध्यापकों एवं अन्य स्टाफ के सहयोग से लक्ष्य को पूरा करें। इसी प्रकार से जिला विद्यालय निरीक्षक को 80 हजार का लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देषित किया कि वह विद्यार्थियों व स्टाफ के सहयोग से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर, दिए गए लक्ष्य को पूरा करें। उन्होने पंचायती राज विभाग को आवंटित



लक्ष्य 1 लाख 26 हजार को बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार निर्धारित करते हुए जिला पंचायती राज अधिकारी व डीडीओ को निर्देश दिए कि वह जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में ब्लॉक व पंचायत की टीम के साथ आम जनता की सहभागिता से ग्राम पंचायत की जमीनों पर व्यापक वृक्षारोपण कर, दिए गए लक्ष्यों को पूरा करें।

बैठक के दौरान उन्होने पर्यावरण विभाग को 2 लाख 17 हजार के लक्ष्य के साथ ही 100 मियावाकी लगाने के निर्देश दिए, इसके लिए वह औद्योगिक इकाइयों के सीएसआर फण्ड का प्रयोग कराते हुए दिए गए लक्ष्य को पूरा करें। उन्होने ग्राम्य विकास विभाग को 12 लाख 38 हजार के लक्ष्य पूरा करने के लिए डीसी मनरेगा को निर्देष दिए कि वह मनरेगा के अन्तर्गत जनपद की पांचों नदियों के दोनों किनारों पर वृक्षारोपण कराने के साथ नदियों का भी जीर्णाद्धार कराया जाए। उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिषासी अभियंता को निर्देश दिए कि वह जनपद की सीमा में बनाए गई विभागीय सड़कों के छूटे हुए हिस्से के दोनों किनारों पर शत-प्रतिषत वृक्षारोपण कर आच्छांदित कराए। इसी प्रकार से उन्होने वन विभाग राजस्व विभाग, औद्योगिक विभाग, नगर विकास, जल शक्ति, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, श्रम, स्वास्थ्य, परिवहन, उद्यान व पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कडे निर्देष दिए कि वह अपने दिए गए लक्ष्यों को न केवल पूरा करें बल्कि व्यक्तिगत रूचि लेकर इस पुनीत कार्य के लिए तन मन और स्वेच्छा से धन भी लगाकर अपने पर्यावरण को अच्छा बनाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, डीएफओ विकास नायक, सीएमओ डॉ. राम बदन राम, बीएसए आषीष पाण्डेय सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल को ठंडाई बूंदी वितरित की



**टूंडला।** ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल को हठीले हनुमान धाम मंदिर कमेटी टुंडली द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर ठंडाई बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। ज्येष्ठ माह में आने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहते हैं, आज ज्येष्ठ माह का तीसरा बड़ा मंगल है.यह दिन महावीर बजरंगबली को समर्पित है,ऐसी मान्यताएं हैं कि ज्येष्ठ के महीने में ही त्रेतायुग में भगवान राम की मुलाकात वीर बजरंगी हनुमान से हुई थी। इसलिए इस महीने के मंगलवार को बड़ा मंगल कहते हैं।कहते हैं कि इस दिन हनुमान की विधिवत पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। जिसको लेकर आज ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल को हठीले हनुमान धाम मंदिर कमेटी टुंडली द्वारा हनुमान जी की आराधना पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में ठंडाई बूंदी प्रसाद का वितरण कर पुण्य लाभ कमाया इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक सारस्वत,एनपी सक्सेना डा.अनिल कुमार कुलश्रेष्ठ राकेश कुमार शर्मा आरपी शर्मा राजू उपाध्याय रुस्तम सिंह ललित श्री वास्तव सीता राम गौतम वीके गौतम रतन सिंह राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका में सफाई नायक और सफाई कर्मचारी में हुई मारपीट, हंगामा

**शिकोहाबाद।** नगर पालिका कार्यालय में मंगलवार दोपहर दो बजे के करीब सफाई नायक और ठेका सफाई कर्मचारी में उपस्थित को लेकर कहा सुनी हो गई। इसके बाद दोनों तरफ से गाली गलौच और तू-तड़ाक शुरू हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। चीख पुकार और कर्मचारियों के झगड़े की जानकारी होते ही नगर पालिका परिसर में कर्मचारियों और स्थानीय दुकानदारों की भीड़ एकत्रित हो गई। बाद में पालिका के कुछ कर्मचारियों ने दोनों में बीच बचाव करके अलग करा दिया।नगर पालिका में कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। एक दूसरे पर कर्मचारी हमलावर रहते हैं। कर्मचारी एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। एसा ही एक नजारा मंगलवार को पालिका में दोपहर दो बजे के करीब देखने को मिला। सफाई नायक संतोष और सफाई कर्मचारी रिंकू के बीच सफाई कार्य की उपस्थित को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों तरफ से गाली गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद पालिका में हंगामा खड़ा हो गया। लोगों की भीड़ जुट गई। हंगामा और भीड़ को बढ़ता देख पालिका के कुछ कर्मचारियों ने बीच बचाव कराते हुए दोनों पक्षों को अलग कर दिया। हालांकि इस मामले में आगे कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## विज्ञान कैम्प में नींबू में से खून निकालने के ढोंग का बताया राज

**फिरोजाबाद।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर निःशुल्क विज्ञान कैम्प के 17 वें दिवस पर नींबू में से खून निकालने के ढोंग का राज बताया गया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस विज्ञान कैम्प के 17 वें दिवस पर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए उन्हें विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को सिखाया जा रहा है। जिससे विद्यार्थी में विज्ञान को करके सीखने की प्रवत्ति में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि 17 वें दिवस पर विद्यार्थियों को बताया कि ग्रामीण अंचल में ढोंगी व्यक्ति भोले ग्रामीणों को अपनी बातों में उलझाकर नींबू में से खून निकालकर भयभीत करते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे ढोंगी व्यक्ति पहले से नींबू में फेरिक क्लोराइड का घोल इंजेक्ट कर देते हैं। फिर चाकू पर पौटेशियम सल्फो सायनाइड का घोल लगाकर उस नींबू को काटकर दिखाते हैं। फेरिक क्लोराइड और पोटेशियम सल्फो सायनाइड की क्रिया के फलस्वरूप कटा हुआ नींबू में खून जैसा रंग दिखाई देने लगता है। खून जैसे रंग को दिखाकर विद्यार्थियों को अंधविश्वास को दूर करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर कु गोसिया फारूकी,साक्षी यादव, रोशनी, उपासना सिंह, अंजली, पूजा, पायल कश्यप, शिवानी, खुशी, निशा, वर्षा, ब्रजमोहन, मोहित सिंह, सोनवीर, अनुज कश्यप, सुशान्त, नीरज कुमार, आर्यन प्रताप सिंह, सागर बाबू आदि उपस्थित रहे।

## गौ वंशों के लिए किया भूसा दान

**टूंडला।** अंतर्राष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ के पदाधिकारीयो के सानिध्य में टूंडला नगर के गौ सेवक समाजसेवियों द्वारा राधिका विहार कॉलोनी में स्थापित कान्हा गौशाला में गौ वंशो के भोजन हेतु चार कुंटल भूसा दान किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक ने बताया कि नगर के गौ सेवकों के द्वारा गौशालाओ में भूसा दान किया जा रहा है यह बहुत बड़ी पहल गौ हित में है। कोई भी गौ माता पृथ्वी पर भूखी नहीं रहनी चाहिए इस उद्देश्य से नगर के गणमान्य लोग समय-समय पर हरा चारा व भूसा हमारे संगठन को



उपलब्ध कराते हैं और हम सभी पदाधिकारी मिलकर प्रत्येक गौशाला का निरीक्षण कर जहां आवश्यकता होती है वहां पर उक्त भूसे को पहुंचा देते हैं। अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ प्रदेशवासियों से ही क्या समूचे भारतीयों से आग्रह करता है कि गौ माता के हितार्थ हर संभव प्रयास करते रहें अगर गौमाता सुरक्षित है तो हमारा देश सुरक्षित है। इस दौरान गौ सेवक विवेक शर्मा मुकेश बाबू,इंदु वत्सल दुबे राजवीर सिंह, जयदयाल राजीव चतुवेर्दी प्रदीप पाठक, भवानी सिंह,दिनेश फौजी,डा.गौतम सिंह नौहवार,देवांशू प्रताप सिंह,सहित गौशाला संचालक राजा मौजूद रहे।

## शांति कमेटी की बैठक में उठी सफाई पेयजल और विद्युत आपूर्ति की मांग

**शिकोहाबाद।** आगामी त्योहार गंगा दशहरा और इद उल जुहा (बकरीद) को ध्यान में रखते हुए कोतवाली परिसर में एसपी ग्रामीण की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उप जिलाधिकारी सहित तहसील स्तरीय सभी अधिकारी और नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी और बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से गंगा दशहरा और बकरीद का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह पूर्वक भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया। शांति कमेटी की बैठक में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के सभ्रांत नागरिक,मौलाना और मौलवी तथा व्यापारी मौजूद रहे। लोगों ने मीटिंग में अपने सुझाव रखे। ज्यादातर लोगों ने नगर में मस्जिद के आसपास साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। बिजली विभाग से विद्युत आपूर्ति बहाल रखने के लिए कहा। उप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से जनता की मांगों को नोट करने तथा बिजली, पानी की आपूर्ति समय से और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। नगर पालिका के कर्मचारियों से बकरीद की नमाज वाले दिन आवारा जानवरों पर नजर रखने, सूअर पालकों को तलब कर सुअरों को बाढ़ों में बंद रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मस्जिदों के आसपास कर्मचारी आवारा जानवरों पर नजर रखेंगे। मीटिंग में एसपी ग्रामीण कुमार रण विजय सिंह ने सभी लोगों को शांति एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान कई लोगों ने ज्ञापन देकर नगर में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की।

संक्षेप

## यामाहा का आंसर बैक फीचर के साथ फसीनो एस लॉन्च

चेन्नई। इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) प्राइवेट लिमिटेड ने द कॉल ऑफ द ब्लू ब्रांड अभियान के तहत आज आंसर बैक फीचर के साथ फसीनो एस मॉडल को लॉन्च किया। फसीनो एस में स्टाइलिश यूरोपीय डिजाइन, परफॉर्मेंस और इनोवेशन कसा जबर्दस्त संयोजन है। यामाहा का यह प्रीमियम स्कूटर मॉडल, कंपनी के पोर्टफोलियो में एक बेहतरीन संकलन है, जो आकर्षक मैट रेड और मैट ब्लैक कलर शेड्स के साथ डार्क मैट ब्लू कलर ऑप्शन में उपलब्ध है। यह रंग बाइक की खूबसूरती और स्टाइल में चार-चांद लगाते हैं। 2024 फसीनो एस मॉडल का मुख्य आकर्षण आंसर बैक फंक्शन है। इस फीचर का उपयोग ग्राहक यामाहा के मोबाइल एप्लिकेशन यामाहा स्कूटर आंसर बैक के माध्यम से कर सकते हैं। ऐप्लीकेशन के अंदर आंसर बैक बटन दबाकर, राइडर आसानी से अपने स्कूटर का पता लगा सकते हैं।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ऑल्ट्रोज रेसर

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज कंपनी की प्रीमियम हैचबैक के स्पोर्टी अवतार - ऑल्ट्रोज रेसर को लॉन्च किया है। 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन की पेशकश के साथ ऑल्ट्रोज में प्रदर्शन का पहलू कई पायदान ऊपर जा चुका है। रेस कार से प्रेरित एक्सटीरियर और इंटीरियर लुक के साथ 5500 आरपीएम पर 120 पीएस की पावर और 1750 से 4000 आरपीएम पर 170 एनएम का टॉर्क, ऑल्ट्रोज का यह स्पोर्टी अवतार हर ड्राइव को ज्यादा उत्साह से भर देता है। फीचर्स से भरपूर, रेसर 360 डिग्री कैमरा, 26.03 सेमी इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन, वेंटिलेटेड सीटों और 6 एयरबैग (रेसर में मानक) के साथ ऑल्ट्रोज का टॉप ऑफ लाइन वर्जन होगा। यह 6 स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स पेश करने वाली एकमात्र हैचबैक है जो शहर के ट्रैफि क और राजमार्गों पर पेपी ड्राइवेबिलिटी सुनिश्चित करती है।

## हायर इंडिया ने ग्रेफाइट रेफ्रिजरेटर किये पेश

नई दिल्ली। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी ग्रेफाइट सीरीज का अनावरण किया है। यह स्टील डोर रेफ्रिजरेटर की एक प्रीमियम रेंज है, जिसमें मैट फिनिश और आधुनिक डिजाइन है, जो भारतीय घरों के एस्थेटिक्स को बढ़ाती है। यह सीरीज 205 से 602 लीटर तक की क्षमता में उपलब्ध होगी, यह सीरीज डायरेक्ट कूल, टॉप-माउंटेड, बॉटम-माउंटेड, 2-डोर साइड-बाय-साइड, और 3-डोर साइड-बाय-साइड सहित कई कॉनफि गरेशन में उपलब्ध है। हायर ने अपने क्रांतिकारी 3-डोर वाईफाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर की रेंज में भी मैट फिनिश सीरीज को पेश की है, जिससे उपयोगकर्ता हाइस्मार्ट ऐप का उपयोग करके कहीं से भी फ्रीजर सेक्शन को फ्रिज में बदल सकते हैं। "हायर में, हमारी स्थायी प्रतिबद्धता ग्राहक-प्रेरित अभिनव समाधान प्रदान करने के इर्द-गिर्द घूमती है जो देश भर में रोजमर्रा की जिंदगी को समृद्ध बनाती है। हमारा रणनीतिक फोकस व्यापक अनुसंधान, अत्याधुनिक तकनीकों और अत्यधिक कुशल निर्माण प्रक्रियाओं के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में सर्वोत्तम श्रेणी के उत्पादों को पेश करने पर केंद्रित है। ग्रेफाइट सीरीज 24,690 रुपये की शुरूआती कीमत पर ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होगी।

## यिप्पी का नया कैंपेन यिप्पी टॉस लॉन्च



नई दिल्ली। इंटरनेट पर जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव द्वारा अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर The Toss के बारे में शेयर किए गए रहस्यमय पोस्ट के बारे में जानने की उत्सुकता बढ़ गई। सनफीस्ट यिप्पी एक नए अभियान के साथ वापस आ गया है जिसमें देश के सबसे पसंदीदा क्रिकेटर्स - राहुल द्रविड़, जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव को दिखाया गया है। यह अभियान टॉप क्रिकेटर्स की लोकप्रियता को एक मजेदार अंदाज में पेश करता है और यिप्पी! नूडल्स के यूनिक क्वालिटी के बारे में बताता है जो लंबे और नॉन-स्टिकी हैं। इसमे द्रविड़, बुमराह और 'स्काई' को मजेदार अंदाज में दिखाया गया है, जिसमें वे YiPPee Toss के साथ यिप्पी! नूडल्स का इस्तेमाल करके दोस्ताना नोकझोंक को मजेदार तरीके से सुलझाते हैं।

# सेंसेक्स-निफ्टी का रुख स्थिर



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच किसी खास उत्प्रेरक के अभाव में लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स अधिकांश समय तक सकारात्मक दायरे में रहने के बाद अंत में 33.49 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 76,456.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 370.45 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 76,860.53 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी अस्थिरता से भरे कारोबार में 5.65 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 23,264.85 अंक पर बंद हुआ। इसके एक दिन पहले सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी ने शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ था। हालांकि, बाद में दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए थे।

एक उल्लेखनीय उछाल के बाद घरेलू बाजार स्थिर हो गया है, और उत्प्रेरक घटनाओं का इंतजार कर रहा है। सरकार गठन से जुड़ी अनिश्चितताएं दूर होने के साथ अब फिर से वैश्विक और घरेलू संकेतकों पर ध्यान चला गया है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील सबसे ज्यादा गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, मारुति, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.95 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि मिडकैप में 0.74 प्रतिशत की तेजी रही।

क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 1.93 प्रतिशत और तेल एवं गैस खंड में 1.84 प्रतिशत की बढ़त रही। दूसरी तरफ धातु, एफएमसीजी और टिकाऊउपभोक्ता उत्पाद खंडों में गिरावट रही। बाजार एक दायरे में सीमित रहे और सोमवार के रुझानों को ही कमोबेश कायम रखा। सपाट शुरुआत के बाद निफ्टी ने रफ्तार पकड़ी थी लेकिन ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली होने से यह अपनी सारी बढ़त गंवा बैठा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। घरेलू स्तर पर नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में नीतिगत निरंतरता पर खास जोर दिया गया है। चारों प्रमुख मंत्रालयों- गृह, रक्षा, वित्त एवं विदेश की कमान पिछले कार्यकाल वाले मंत्रियों के ही पास होने से नीतियों में स्थिरता बने रहने की उम्मीद है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत गिरकर 81.37 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,572.38 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की।

# रुपया छह पैसे टूटकर 83.56 प्रति डॉलर पर



मुंबई। विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने तथा स्थानीय शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच मंगलवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे की गिरावट के साथ 83.56 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि तेल आयातकों की बढ़ती डॉलर मांग और फेडरल रिजर्व से उम्मीद से बेहतर आर्थिक आंकड़ों के कारण अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.49 पर खुला और कारोबार के दौरान दिन के निचले स्तर 83.58 तक जाने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले छह पैसे की गिरावट के साथ 83.56 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 10 पैसे कमजोर होकर 83.50 पर बंद हुआ था। हमें उम्मीद है कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया थोड़ा नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, सकारात्मक वैश्विक बाजार और ताजा विदेशी निवेश रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकते हैं। भारत और अमेरिका से मुद्रास्फीति के आंकड़ों के आने से पहले व्यापारी सतर्क रह सकते हैं। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के नतीजों से पहले निवेशक भी सतर्कता का रुख अपना सकते हैं। चौधरी ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा अपनी मौद्रिक नीति को अपरिवर्तित रखे जाने की उम्मीद है इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 105.25 पर आ गया। ब्रेंट कच्चा तेल 0.05 प्रतिशत घटकर 81.59 डॉलर प्रति बैरल हो गया। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने सोमवार को 2,572.38 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई



नयी दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गयी। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मई 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने एक बयान में कहा, यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई, जबकि मई 2023 में यह 14,71,550 इकाई थी। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 55,763 इकाई हो गई, जबकि मई 2023 में यह 48,610 इकाई थी।

# सोने में तेजी, चांदी 1,400 रुपये लुढ़की



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये लुढ़क कर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद से 150 रुपये अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,303 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 10 डॉलर ऊंचा है। गांधी ने कहा कि मंगलवार को सोने में तेजी आई, क्योंकि व्यापारियों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले अपने सौदों की कमी को पूरा करने के लिए लिवाली की। इस बैठक से ब्याज दरों में कटौती के समय के बारे में नए संकेत मिल सकते हैं। हालांकि, चांदी 29.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 29.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

# कठुआ जिले में आतंकी हमला एक आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकी हमला सामने आया है। जिले के एक गांव में मंगलवार शाम संदिग्ध आतंकियों ने फायरिंग कर दी। यह फायरिंग की घटना जिले के हीरानगर इलाके में सैदा गांव के पास हुई। आतंकियों ने फायरिंग की और जंगल में भाग गए। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की और फिर सर्च ऑपरेशन चलाया। सुरक्षा बलों ने आमने-सामने की फायरिंग में एक आतंकी को मार गिराया। सुरक्षा बलों की तरफ से अधिक ब्योरे की प्रतीक्षा है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने आतंकी घटना का संज्ञान लेते हुए जानकारी साझा की है। जम्मू-कश्मीर आतंकियों की फायरिंग की यह घटना ऐसे वक्त पर सामने आई है। जब राज्य में रियासी आतंकी हमले के बाद पहले से हाई अलर्ट है। आतंकियों की फायरिंग से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने डर की वजह से अपने घरों की लाइट बंद कर लीं, ताकि आतंकी उन्हें निशाना न बना सकें। इतना ही नहीं वे घर में न घुस पाए। स्थानीय लोगों के अनुसार आतंकियों ने कई राउंड फायरिंग की। आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की तरफ भागते हुए देखे गए। सुरक्षा बल एक आंतकी को मारने के बाद सर्च ऑपरेशन चल रहा है। स्थानी लोगों से पता चला है कि दो से तीन आतंकियों ने ओपन फायरिंग की थी।

# विशेष आर्थिक क्षेत्र से निर्यात चार प्रतिशत बढ़ा



नयी दिल्ली। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 2023-24 में चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया, जबकि देश का कुल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत से अधिक घटा था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों से निर्यात 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर और 2021-22 में 133 अरब डॉलर रहा था। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार तथा सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध होता है। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्र (जोन) को मंजूरी दी है, जिनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्र में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्रों में 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है, जैसे कि घरेलू बाजार में विशेष आर्थिक क्षेत्रों में निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए जुझारू ढांचा बनाना तथा इकाइयों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाना। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि सरकार को कच्चे माल पर दी गई छूट शुल्क के भुगतान पर विशेष आर्थिक क्षेत्रों में निर्मित उत्पादों की घरेलू बाजार में बिक्री की अनुमति देनी चाहिए, क्योंकि इससे मूल्यवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। विशेष आर्थिक क्षेत्र की इकाइयों को तैयार माल पर वर्तमान में शुल्क के भुगतान पर डीटीए (घरेलू शुल्क क्षेत्र) में अपने उत्पाद बेचने की अनुमति है। एसईजेड अधिनियम, 2005 और एसईजेड नियम, 2006 के तहत स्थापित किए जा रहे एसईजेड मुख्य रूप से निजी निवेश से प्रेरित हैं। एसईजेड अधिनियम, 2005 के लागू होने के बाद केंद्र ने देश में कोई भी एसईजेड स्थापित नहीं किया है। परिचालन वाले सबसे अधिक एसईजेड कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में है। देश का माल निर्यात 2023-24 में 3.11 प्रतिशत घटकर 437 अरब डॉलर रहा है। आयात भी आठ प्रतिशत से अधिक घटकर 677.24 अरब डॉलर रहा।

# ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नये सेना प्रमुख

नयी दिल्ली। सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को 30 जून की दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं।

सरकार ने 25 मई को छठवें चरण के चुनाव के बाद 26 मई को थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया था। इस वजह से वह 30 जून तक इस पद पर बने रहेंगे। इससे पहले वे 31 मई को रिटायर होने वाले थे। रक्षा मंत्रालय का कहना था कि आर्मी रूल्स, 1954 के नियम 16 ए (4) के तहत ये सेवा विस्तार दिया गया था।

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का जन्म 1 जुलाई 1964 को हुआ था। उन्हें 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सेना की इन्फैंट्री जम्मू और कश्मीर राइफल्स में कमीशन मिला था। उन्हें करीब 40 साल का अनुभव है। अपनी लंबी और विशिष्ट सेवा के दौरान उन्होंने कई कमांड, स्टाफ और इंस्ट्रक्शनल में काम किया है। लेफ्टिनेंट उपेंद्र द्विवेदी की कमांड नियुक्तियों में रेजिमेंट 18 जम्मू और कश्मीर राइफल्स, ब्रिगेड 26 सेक्टर असम राइफल्स, डीआईजी, असम राइफल्स (पूर्व) और 9 कोर की कमान शामिल हैं। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना के उप प्रमुख के रूप में नियुक्त होने से पहले 2022-2024 तक महानिदेशक इन्फैंट्री और जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (मुख्यालय उत्तरी कमान) सहित कई अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं।

# स्कोडा इंडिया की कुशाक ओनिक्स एटी लॉन्च

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने उत्पासदों में नए-नए प्रयोग करने की रणनीति को लगातार बरकरार रखते हुए अपनी 5 स्टार सुरक्षित गाड़ियों में एक और अपग्रेड किया है कंपनी ने कुशाक ओनिक्स एटी को लॉन्च किया है स्कोडा के फैंस और उपभोक्ताओं को संतुष्टि तथा पैसा वसूल उत्पाद प्रदान करने के उद्देश्य के साथ ओनिक्स को 2023 की पहली तिमाही में मूल रूप से लॉन्च किया गया था। अब स्कोडा ऑटो इंडिया ने उपभोक्ताओं से मिले ताजा फीडबैक के आधार पर कुशाक ओनिक्स का अपग्रेडेड वर्जन लॉन्च किया है। इसमें ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन समेत कई नए फीचर्स हैं जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे किफायती ऑटोमैटिक एसयूवी बनाते हैं।

पेज एक का शेष

## सुप्रीम कोर्ट ने

विभिन्न शाखाओं के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-पीजी का आयोजन करता है। वकील ने कहा परेशानी यह है कि वे (परीक्षा बोर्ड) हमें उत्तर कुंजी, उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न पत्रों (नीट-पीजी 2022) तक पहुंच की अनुमति नहीं दे रहे हैं। पीठ ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वह इसे अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रख सकती। प्रीतीश कुमार और अन्य ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि उनके नीट-पीजी 2022 अंकों में विसंगतियां हैं लेकिन परीक्षा बोर्ड पुनर्मूल्यांकन की अनुमति नहीं दे रहा है।

## दिल्ली-यूपी समेत

राजस्थान में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में लू चल सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू से लेकर भीषण लू चल सकती है।

## योगी ने दी

अब महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ होगा। इसी तरह मां शाकुम्भरी देवी राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय बलरामपुर से भी राज्य शब्द को हटाने को मंजूरी दी गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद का नाम गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रदेश के छात्र अपने ही प्रदेश में उच्च शिक्षा गृहण कर सकें। इसके लिए सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ ही प्राइवेट विश्वविद्यालय को भी प्रमोट किया जा रहा है। इसी क्रम में दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित हुआ है। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। इन दोनों ने अपने सभी मानक पूरे कर लिए हैं। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में तैयारियों के मद्देनजर 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की तुलना में 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग आएंगे। कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बैठक में नोएडा को 500 बेड के नए अस्पताल को मंजूरी दी गई है। इसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। आईआईटी कानपुर में मेडिकल रिसर्च के लिए स्कूल आफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। इस तरह पांच साल में 50 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। शेष मदद केंद्र से आएगी। बुंदेलखंड व विन्ध्य की 26 पेयजल योजनाओं की बढ़ी हुई लागत को मंजूरी दी गयी है।

## संरा में इजराइल

बिना किसी शर्त और विलंब के इसके नियमों को पूर्ण रूप से लागू करने का आह्वान किया गया है। इजराइल और हमास इस योजना पर सहमत होंगे, इसपर सवालिया निशान बरकरार है लेकिन सुरक्षा परिषद ने मजबूती से इस प्रस्ताव का समर्थन किया है और दोनों पक्षों पर प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए दबाव बढ़ाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजराइल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से गाजा में युद्ध के बाद के लिए योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया।

## साल में दो

शैक्षिक मानकों के अनुरूप होंगे। उन्होंने कहा यदि उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश को अपनाते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक पेचीदगियों, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए अच्छी योजना बनाने तथा वर्ष के अलग-अलग समय में प्रवेश पाने वाले छात्रों के साथ सुचारु तरीके से तालमेल बैठाने की खातिर निर्बाध सहायता प्रणाली प्रदान करनी होगी। उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश की उपयोगिता को तभी अधिकतम कर सकते हैं, जब वे संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों को बदलाव के लिए पर्याप्त रूप से तैयार करें। कुमार ने हालांकि स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालयों के लिए साल में दो बार प्रवेश देना अनिवार्य नहीं होगा और जिन उच्च शिक्षण संस्थानों के पास आवश्यक ढांचा और शिक्षक संकाय है, वे इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए द्विवार्षिक प्रवेश देना अनिवार्य नहीं होगा, यह वह लचीलापन है जो यूजीसी उन उच्च शिक्षा संस्थानों को प्रदान करता है जो अपने छात्रों की संख्या बढ़ाना चाहते हैं और उभरते क्षेत्रों में नए कार्यक्रम पेश करना चाहते हैं। साल में दो बार छात्रों को प्रवेश देने में सक्षम होने के लिए, उच्च शिक्षा संस्थानों को अपने संस्थागत नियमों में उपयुक्त संशोधन करने होंगे। वर्तमान में, विश्वविद्यालय और कॉलेज हर साल जुलाई-अगस्त में नियमित मोड में छात्रों को प्रवेश देते हैं। इसलिए, भारत में सभी उच्च शिक्षा संस्थान जुलाई-अगस्त में शुरू होने वाले और मई-जून में समाप्त होने वाले शैक्षणिक सत्र का पालन करते हैं।

## प्रियंका चुनाव

देना है तो उत्तर प्रदेश से ही देना होगा और उत्तर प्रदेश ने संदेश दिया है कि हम प्रदेश और देश में इंडिया गठबंधन, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को चाहते हैं। राहुल ने अयोध्या की सीट पर भारतीय जनता पार्टी की पराजय का जिक्र करते हुए कहा कि जवाब अयोध्या की जनता ने दिया है। सिर्फ अयोध्या में ही नहीं, वाराणसी में भी प्रधानमंत्री जान बचाकर निकले हैं। मैं अपनी बहन (प्रियंका वाड्रा) से कह रहा हूं कि अगर यह वाराणसी में लड़ जातीं तो आज प्रधानमंत्री दो-तीन लाख वोट से वाराणसी का चुनाव हार जाते। मैं यह बात अहंकार से नहीं कह रहा हूं बल्कि इसलिए कह रहा हूं क्योंकि प्रधानमंत्री को जनता ने संदेश दिया है कि आपकी जो राजनीति है वह हमें अच्छी नहीं लगी। हम प्रगति चाहते हैं। आपने 10 साल इस देश में बेरोजगारी, नफरत और हिंसा फैलाई। जनता ने प्रधानमंत्री को जवाब दिया।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि शुरुआत आपके (जनता के) दिल में हुई थी तभी आपने बदलाव लाया है। मैं दिल से आपका धन्यवाद करना चाहता हूं। आने वाले समय में मैं चाहता हूं कि जो देश के सामने सच्चे मुद्दे हैं- बेरोजगारी, महंगाई का मुद्दा, किसानों और मजदूरों का मुद्दा है। ये मुद्दे उठाए जाएं और गरीबों की मदद करने की राजनीति हो। उन्होंने कहा कि जनता ने ही नकारात्मक राजनीति के खिलाफ पूरे देश में माहौल बनाया है, अवाम ने ही देश की राजनीति को बदल डाला है। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संविधान को सिर माथे लगाये जाने का जिक्र करते हुए कहा, पहले मोदी जी कह रहे थे कि भगवान मुझे आदेश देते हैं और मैं काम करता हूं। पता नहीं कैसे उनके भगवान हैं। वह 24 घंटे अडाणी और अंबानी की मदद करते हैं। मगर आपने फोटो देखी होगी कि नरेन्द्र मोदी संविधान को सिर पर लगाए थे। यह सब आपने उनसे करवाया है। देश के प्रधानमंत्री को आपने संदेश भेजा है कि अगर उन्होंने संविधान को छुआ तो आप उनके साथ क्या करेंगे।

राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं, विधायकों और सांसदों को अहंकार का शिकार नहीं बनने की हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी साथी दल साथ खड़े हो गये हैं। देश की आत्मा को समझ में आ गया कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह हिंदुस्तान के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। जो हिंदुस्तान की नींव है, उससे वे खिलवाड़ कर रहे हैं, इसलिए पूरा देश एक साथ खड़ा हो गया। राहुल ने संसद में जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करने का वादा करते हुए कहा कि आज हमारे पास संसद में सेना (विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) बैठी हुई है। इस बार हमारी पूरी कोशिश होगी कि विपक्ष के तौर पर हम अग्निवीर योजना को रद्द करायें। यह आपने हमें राजनीतिक निर्णय नहीं दिया है बल्कि यह मोहब्बत का फैसला था और इस बात को मैं जिंदगी भर नहीं भूलने वाला हूं। अमेठी की जनता से भी कहना चाहता हूं।

# प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर नाम के आगे मोदी का परिवार हटाया, समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा मोदी का परिवार हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है। प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव प्रचार के माध्यम से, पूरे भारत के लोगों ने मेरे प्रति स्नेह दिखाते हुए अपने सोशल मीडिया खातों में अपने नाम के साथ मोदी का परिवार जोड़ा। मुझे इससे बहुत ताकत मिली। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लगातार तीसरी बार बहुमत दिया है, जोकि एक तरह का रिकॉर्ड, और यह हमें अपने राष्ट्र की भलाई के लिए काम करते रहने का जनादेश है। हम सभी के एक परिवार होने के संदेश को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने के लिए मैं एक बार फिर भारत के लोगों को धन्यवाद देता हूं और अनुरोध करता हूं कि अब आप अपने सोशल मीडिया खाते से मोदी का परिवार हटा दें।

## तीसरे बड़े मंगल

जी पृथ्वी के जीवंत देवता हैं। परम बलवान, परम बुद्धिमान हैं, लेकिन उतने ही विनम्र हैं। अभिमान उनको छू भी नहीं पाता। वे ज्ञान और भक्ति के आचार्य हैं। भगवान राम के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण जगजाहिर है। हनुमान जी की साधना-उपासना से व्यक्ति के हर मनोरथ पूर्ण होते हैं। आदर्शों और सिद्धांतों के प्रति समर्पित लोगों पर बजरंगबली का आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की ओर से हर साल हनुमान जी के सबसे प्रिय ज्येष्ठ माह के मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन से आत्मिक संतोष तो मिलता ही है, धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि भी बढ़ती है। ईश्वर के प्रति आस्था प्रगाढ़ होती है। यह धार्मिक और सामाजिक रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने इस मौके पर हनुमान जी से प्रार्थना की कि राजधानी लखनऊ, प्रदेश और देश के हर नागरिक के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार हो। सभी स्वस्थ व सानंद रहें तथा निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ते रहें।




# टी-20 में पाकिस्तान की पहली जीत

एजेंसी

न्यूयॉर्क। पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में अपनी पहली जीत हासिल कर ली है। टीम ने कनाडा को 7 विकेट से हराया। न्यूयॉर्क के नसाउ क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। कनाडा ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 106 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 17.3 ओवर में 7 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान ने 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, बॉलिंग में हारिस रऊफ और मोहम्मद आमिर ने 2-2 विकेट लिए। कनाडा की ओर से ओपनर आरोन जॉनसन ने 52 रन की पारी खेली। वहीं, दिलोन हेइलिगर ने 2 विकेट लिए। पाकिस्तान के लिए सुपर-8 की उम्मीदें बनी हुई है। टीम की एक जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में 2 पॉइंट हो चुके है।

टी-20 वर्ल्ड कप में आज पाकिस्तान का सामना कनाडा से हो रहा है। कनाडा ने पाकिस्तान को 107 रन का टारगेट दिया। मुकाबला नसाउ क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कनाडा ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 106 रन बनाए। टीम की ओर से ओपनर आरोन जॉनसन ने 52 रन की पारी खेली। वहीं, आखिर में कलीम सना 13 रन और दिलोन हेइलिगर 9 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के बॉलर्स ने शानदार गेंदबाजी की है। टीम के लिए मोहम्मद आमिर और हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए। वहीं, नसीम शाह और शाहीन अफरीदी को 1-1 विकेट मिला। स्पिनर इमाद वसीम को




कोई विकेट नहीं मिला। दोनों टीमों का क्रिकेट इतिहास 45 साल पुराना है। हालांकि, तब दोनों टीमें वनडे वर्ल्ड कप 1979 में आमने-सामने हुई थीं। पाकिस्तान और कनाडा के बीच अब तक कुल 3 इंटरनेशनल क्रिकेट मुकाबले खेले गए हैं। ये सभी मैच पाकिस्तान टीम ने जीते हैं। इसमें 2 वनडे (1979 और 2011 वनडे वर्ल्ड कप) मैच हैं और 1 टी-20 मुकाबला हैं। कनाडा अपना डेब्यू टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही है। वहीं पाकिस्तान 2009 की चैंपियन है। कनाडा ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 106 रन बनाए। टीम ने पाकिस्तान को 107 रन का टारगेट दिया है। अमेरिका से बेहतर रनरेट रखने के लिए पाकिस्तान जल्दी टारगेट चेज करना चाहेगा। 17वें ओवर की 5वीं बॉल पर साद बिन जफर आउट हुए। आमिर की लेंथ बॉल पर उनके बल्ले की किनारा लगा, बॉल हवा में बहुत देर तक रही और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने आसानी से उनका कैच लपक लिया। जफर 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। आरोन जॉनसन 52 रन बनाकर आउट हुए। 14वें ओवर में नसीम शाह ही बॉल पर जॉनसन हिट करने गए, शॉट कनेक्ट नहीं हुआ और वे बोल्ड हो गए। कनाडा के बैटर आरोन जॉनसन ने वर्ल्ड कप में अपना पहला अर्धशतक लगाया। उन्होंने 39 बॉल में 51 रन बना कर अर्धशतक पूरा किया। 11वें ओवर में हारिस रऊफ की गेंद पर सेट बल्लेबाज आरोन जॉनसन का कैच फखर जमान ने टपका दिया। बैक ऑफ लेंथ बॉल पर वे पुल करने के लिए गए। लेकिन शॉट मिसटाइम हुआ और बॉल मिडविकेट की ओर हवा में गई। बॉल हवा में कई देर तक रही, लेकिन वहां फील्डिंग कर रहे फखर जमान ने उनका कैच ड्रॉप कर दिया। कनाडा की शुरूआत अच्छी थी, लेकिन 23 रन बनने के बाद टीम के 54 रन तक लगातार 5 विकेट गिर गए। हारिस रऊफ ने 10वें ओवर में दूसरा विकेट लिया।

# भारत 2025 में जूनियर हॉकी विश्व कप में करेगा मेजबानी

लुसाने (स्विट्जरलैंड)। भारत अगले साल पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। यह प्रतियोगिता दिसंबर में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में यह पहला अवसर होगा जबकि इसमें 24 टीम हिस्सा लेंगी। एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, मुझे बहुत खुशी है कि एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ गई है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। यह 24 टीमें हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

पिछला जूनियर विश्व कप 2023 में कुआलालंपुर में खेला गया था जिसमें जर्मनी ने फाइनल में फ्रांस को 2-। से हराकर खिताब जीता था। स्पेन तीसरे और भारत चौथे स्थान पर रहा था। भारत इससे पहले तीन बार 2013 (नई दिल्ली), 2016 (लखनऊ) और 2021 (भुवनेश्वर) में टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुका है। भारत 2016 में चैंपियन भी बना था। इकराम ने कहा, मैं एक और शानदार प्रतियोगिता को आयोजित करने की प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त करता



हूं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के मेजबानी मिलने से भारत के अंतरराष्ट्रीय हॉकी में बढ़ते महत्व तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल का विकास करने के हमारे समर्पण का पता चलता है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने इसे भारतीय हॉकी के लिए महत्वपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने कहा, हम पर भरोसा बनाए रखने के लिए हम एफआईएच का आभार व्यक्त करते हैं। हॉकी को नहीं ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण होगी। इससे नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। हम इसे यादगार टूर्नामेंट बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**एमएमए से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनेंगे संग्राम सिंह**

मुंबई। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं। संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे। मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार संग्राम ने कहा, कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा।

संक्षेप

## नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग यूरो 2024 से बाहर

रोटरडम (नीदरलैंड)। नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग टखने की चोट के कारण यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। नीदरलैंड के फुटबाल महासंघ ने बताया कि बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाला यह स्टार फुटबॉलर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। नीदरलैंड की आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-0 से जीत के दौरान डी जोंग बाहर बैठे रहे। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा, वह अगले तीन सप्ताह तक शीर्ष स्तर की फुटबॉल खेलने के लिए पर्याप्त फिट नहीं हैं। उन्हें टीम में बनाए रखने का कोई मतलब नहीं बनता है। यूरोपीय चैंपियनशिप में 1988 का विजेता नीदरलैंड यूरो 2024 में अपना पहला मैच रविवार को पोलैंड के खिलाफ खेलेगा।

## हर्षिता-श्रुति ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में हारी

सिडनी। हर्षिता राउत और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां महिला युगल के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हर्षिता और श्रुति की जोड़ी को डानिया नुगरोहो और काइ की बर्नाइस टियोह की स्थानीय जोड़ी के खिलाफ 19-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य भारतीयों में अभिषेक येलिगर ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। अभिषेक ने पहले दौर में हमवतन शाश्वत दलाल को 21-14 21-5 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के जेई यिंग चेन को 21-15 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। वह पहले दौर में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। एचएस प्रणय इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे और बुधवार को पुरुष एकल के पहले दौर में ब्राजील के यगोर कोएल्हो से भिड़ेंगे।

## मनसुख मांडविया ने खेल मंत्रालय संभाला

नयी दिल्ली। मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाला और देश के खेल परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करने का वादा किया। गुजरात के पोरबंदर लोकसभा क्षेत्र से जीत दर्ज करने वाले 52 वर्षीय मांडविया 2021 में जब कोविड-19 महामारी अपने चरम पर थी तब स्वास्थ्य मंत्री थे। पिछली सरकार ने वह रसायन और उर्वरक मंत्री भी रहे थे।

# बीसीसीआई सचिव ने न्यूयॉर्क स्थित एनएफएल मुख्यालय का किया दौरा

एजेंसी

न्यूयॉर्क। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के मुख्यालय का दौरा किया। बीसीसीआई ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय खेल सहयोग को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव शाह मौजूदा टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका में हैं। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय खेल सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) मुख्यालय का दौरा किया। बीसीसीआई आईपीएल का आयोजन करता है जो प्रति मैच मूल्य के मामले में अमेरिका के एनएफएल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अमीर खेल लीग बन गई है। वर्ष 2008 में पहले सत्र के बाद से आईपीएल और टी20 क्रिकेट में तेजी से वृद्धि हुई है। बीसीसीआई ने कहा कि शाह ने यात्रा के दौरान एनएफएल आयुक्त रोजर गुडेल और उनकी टीम के साथ चर्चा की जिसमें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, नवीन विचारों का आदान-प्रदान करने और प्रशंसक को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया। शाह ने गुडेल को बीसीसीआई के लोगो वाला कस्टमाइज्ड (विशेष रूप से तैयार) हेलमेट और टीम इंडिया की जर्सी भेंट की। सहयोग के प्रतीक के रूप में शाह को बदले में एक एनएफएल गेंद मिली। बीसीसीआई के अनुसार यह आदान-प्रदान दुनिया के दो सबसे लोकप्रिय खेलों, क्रिकेट और अमेरिकी फुटबॉल के बीच गहरे होते संबंधों और साझा दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।



# अमेरिका के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी

न्यूयॉर्क। भारत के चोटी के बल्लेबाज अमेरिका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बेहतर प्रदर्शन करके आगे के कड़े मैचों के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। अमेरिका की टीम भले ही अनुभवहीन है लेकिन उसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और भारत उसे किसी भी तरह से कम आंकने की कोशिश नहीं करेगा। भारत के कितने भी अंक हों उसे अगले चरण के लिए ए। के रूप में वर्गीकृत किया गया है और वह अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज करके सुपर8 में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगा।

नासाउ काउंटी मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं रही है लेकिन भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ अपने प्रदर्शन को दोहराने से बचना चाहेंगे जब टीम ने 30 रन के अंदर अपने अंतिम सात विकेट गंवा दिए थे। अमेरिका के खिलाफ ढीला रवैया भारत को भारी पड़ सकता है क्योंकि यह टीम पहले पाकिस्तान को भी हरा चुकी है। अमेरिका की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका भारत की तरफ से खेलने का सपना पूरा नहीं हो पाया था। इनमें सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी टीम की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पिच के व्यवहार ने भले ही टीमों के बीच अंतर को कम कर दिया है लेकिन अमेरिका के लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। अमेरिका की टीम दूसरी भारतीय टीम की तरह नजर आती है क्योंकि उसमें भारतीय मूल के आठ खिलाड़ी हैं। इसके अलावा पाकिस्तानी मूल के दो तथा वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड का एक खिलाड़ी उसकी टीम का हिस्सा है। पाकिस्तान पर सुपर ओवर में जीत दर्ज करने के बावजूद अमेरिका के खिलाड़ियों की खास




चर्चा नहीं है लेकिन भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उन्हें क्रिकेट जगत में पहचान दिला सकता है। मोनंक पटेल, हरमीत, नेत्रवलकर, जेसी सिंह और नोशतुश केंजीगे की भारत से जुड़ी अपनी-अपनी कहानी हैं लेकिन जब सामने रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ज्षभ पंत जैसे खिलाड़ी हों तो मुकाबला आकर्षक होना लाजमी है। कोहली और रोहित जैसे बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना या बुमराह जैसे गेंदबाज का सामना करने का मौका हमेशा नहीं मिलता है और ऐसे में अमेरिकी खिलाड़ियों के लिए यह यादगार मौका होगा। भारतीय टीम टॉस जीतने पर निश्चित तौर पर पहले बल्लेबाजी करना चाहेगी। अगर भारत पहले गेंदबाजी करता है तो फिर बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों के सामने अमेरिका के लिए तिहरे अंक में पहुंचना भी मुश्किल होगा। पिछले मैच में शिवम दुबे भारत की कमजोर कड़ी साबित हुए थे। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने वाला यह आक्रामक बल्लेबाज यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने में नाकाम रहा है। ऐसे में दुबे के लिए टीम में जगह बनाए रखना आसान नहीं होगा क्योंकि यशस्वी जायसवाल जैसे बल्लेबाज अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनरों को भी सुपर आठ से पहले मौका मिलना चाहिए। ऐसे में दुबे की जगह इन दोनों में से किसी एक को मौका मिल सकता है।

टीम इस प्रकार हैंः भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ज्षभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद. सिराज. अमेरिकाः मोनंक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नीतीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर।

## सात्विक-चिराग ने गंवाई नंबर एक की रैंकिंग

नयी दिल्ली। पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई। चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई हैं।

# करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराने उतरेगा श्रीलंका

एजेंसी

लॉडरहिल (फ्लोरिडा)। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शिकस्त के बाद अंक तालिका में खाता खुलने का इंतजार कर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। नेपाल को अपने एकमात्र मैच में नीदरलैंड के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश को पिछले मैच में हराकर दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी है। वानिंदु हसरंगा की अगुआई वाली टीम की जीत दूसरे स्थान की दौड़ को और भी रोमांचक कर देगी क्योंकि बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की दावेदारी भी बरकरार है। श्रीलंका को अगर जीत दर्ज करनी है तो बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नेपाल के खिलाफ हार का मतलब होगा कि श्रीलंका का अभियान पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाएगा।



टीमें इस प्रकार हैंः नेपालः रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुर्तेल, कुशाल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, ललित राजबंशी, करण केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतीस जीसी, संदीप जोरा, अविनाश बोहरा, सागर ढकाल और कमल सिंह ऐरी।

श्रीलंकाः वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलंका, कुसाल मेंडिस, पाथुम निसांका, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रम, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, धनंजय डिसिल्वा, महीश तीक्षणा, दुनिथ वेललागे, दुष्मंता चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका। समयः मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।

**डीआरएस से चार रन गंवाने पर हृदय ने कहा, अच्छा फैसला नहीं**

न्यूयॉक। बांग्लादेश के युवा बल्लेबाज तौहीद हृदय ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह रियाद को पगबाधा देने का मैदानी अंपायर का फैसला बुरा निर्णय था जिसके कारण उनकी टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच गंवाना पड़ा। डीआरएस का सहारा लेने पर इस फैसले को बदल दिया गया। दक्षिण अफ्रीका के 114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने सात विकेट प ार 109 रन बनाए। आईसीसी के एक विवादास्पद नियम के कारण बांग्लादेश ने लेग बाय के चार रन गंवाए जब ओटनील बार्टमैन की गेंद पर अंपायर सैम नोगास्की ने महमूदुल्लाह को पगबाधा आउट दिया। गेंद बाउंड्री के पार चली गई लेकिन महमूदुल्लाह के डीआरएस लेने के कारण इसे डेड (जिस पर रन नहीं बन सकते) माना गया। महमूदुल्लाह तो नॉटआउट करार दिए गए लेकिन बांग्लादेश ने चार रन गंवा दिए। आईसीसी के नियमों के अनुसार अगर मैदानी अंपायर बल्लेबाज को पगबाधा आउट देता है तो तीसरे अंपायर द्वारा फैसला पलटने की स्थिति में भी कोई अतिरिक्त रन (लेग बाय या बाय) नहीं मिलेगा। बांग्लादेश को नहीं मिले चार रन के बारे में पूछने पर हृदय ने कहा, असल में ईमानदारी से कहूं तो यह एक अच्छा फैसला नहीं था। यह एक कड़ा मुकाबला था। मेरे दृष्टिकोण से, अंपायर ने आउट दिया, लेकिन यह हमारे लिए थोड़ा मुश्किल है क्योंकि उन चार रन से मैच का परिदृश्य बदल जाता।

# ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत नामीबिया से, नजरें सुपर आठ पर

एजेंसी

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है। टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ पिछले लीग मैच में 36 रन की जीत के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी।

ओमान को 39 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दो मैच में दो जीत से चार अंक हैं। स्कॉटलैंड की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी। शीर्ष पर चल रहे स्कॉटलैंड के पास गत चैंपियन इंग्लैंड को पछाड़कर सुपर आठ में जगह बनाने का मौका है। इंग्लैंड के दो मैच में एक अंक हैं। स्कॉटलैंड के खिलाफ उसका पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। ऑस्ट्रेलिया ने दो हफ्ते पहले अभ्यास मैच में नामीबिया को नौ विकेट पर 119 रन पर रोकने के बाद सात विकेट से जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे डेविड वार्नर ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक जड़ा और फिर इंग्लैंड के खिलाफ 16 गेंद में 39 रन बनाकर टीम




के सात विकेट पर 201 रन के बड़े स्कोर की नींव रखी। वार्नर ने नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भी अर्धशतक जड़ा था। उन्होंने टूर्नामेंट में 141.79 के स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए हैं। वार्नर के सलामी जोड़ीदार ट्रेविस हेड भी अच्छी फॉर्म में हैं और दोनों ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज शुरुआत देना चाहेंगे। नामीबिया को उम्मीद होगी कि ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वाइसे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह ऑलराउंडर दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में चार बार ऑस्ट्रेलिया का सामना कर चुका है। अब तक टूर्नामेंट में अपने आठ ओवर में सिर्फ एक छक्का और एक चौका खाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर बर्नार्ड श्कोल्ट्ज से भी टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**कामरान अकमल ने अर्शदीप परकी गई अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांगी**

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ की गई अपनी अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप में खेले गए मैच का विश्लेषण करते हुए कामरान ने अर्शदीप के सिख धर्म का मजाक बनाया जिसका वीडियो वायरल हो गया था। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया की थी। कामरान ने हरभजन को टैग करते हुए एक्स पर लिखा, मुझे हाल में की गई अपनी टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। मेरे शब्द अनुचित और अपमानजनक थे। मैं दुनिया भर के सिखों का बहुत सम्मान करता हूं और मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। मैं सच में माफी चाहता हूं। कामरान ने पाकिस्तान की पारी के दौरान यह टिप्पणी की। पाकिस्तान को तब 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी।

# शाह ने गृह मंत्री का कार्यभार संभाला

## नयी सरकार भारत की सुरक्षा के लिए अपने प्रयासों को अगले स्तर तक ले जायेगी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नयी सरकार भारत की सुरक्षा के लिए अपने प्रयासों को अगले स्तर तक ले जाएगी तथा भारत को आतंकवाद, उग्रवाद व नक्सलवाद के खिलाफ एक मजबूत गढ़ के रूप में विकसित करेगी।

लगातार दूसरी बार केंद्रीय गृह मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने यह भी कहा कि उनके अधीन मंत्रालय राष्ट्र और उसके लोगों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जैसा कि वह हमेशा से रहा है। शाह (59) गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी 2019 से संभाल रहे है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर उन्हें इसी विभाग का प्रभार सौंपा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत के गृह मंत्री के रूप में पुनः कार्यभार संभाला। गृह मंत्रालय देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य करता रहेगा। मोदी 3.0 में देश की सुरक्षा नीतियों एवं प्रयासों को नयी ऊंचाई मिलेगी और भारत आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ एक मजबूत शक्ति बन कर उभरेगा। मंत्रालय का कार्यभार संभालने से पहले शाह ने शहर के चाणक्यपुरी इलाके में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का दौरा किया और देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश के सम्मान की रक्षा और राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने सर्वोच्च बलिदान से अमर बनाने वाले देश के वीर पुलिसकर्मियों को नमन करता हूं। राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। शाह लोकसभा चुनाव में गुजरात के गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 7.44 लाख मतों के अंतर से हराकर निर्वाचित हुए थे। शाह के पास सहकारिता मंत्रालय का भी प्रभार है। गृह मंत्री के रूप में अपने नए कार्यकाल में, शाह की तत्काल प्राथमिकता तीन नए बने आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023- का कार्यान्वयन होगी। ये कानून एक जुलाई से प्रभावी होने वाले हैं और ये भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे, जो अधिक कुशल और प्रभावी कानूनी ढांचे की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित करेगा। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली के परिदृश्य को नया आकार देने के उद्देश्य से शाह पिछले साल तीन कानून लेकर आए थे जिनका उद्देश्य पुराने औपनिवेशिक काल के कानूनों को बदलना और उन्हें आधुनिक बनाना है। साल 2019 में मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में, शाह ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने सहित प्रमुख नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शाह को उनकी गहरी सूझबूझ के लिए जाना जाता है। उनका कार्यकाल सक्रियता से निर्णय लेने और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा न्याय प्रणाली को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है।

# नड्डा ने स्वास्थ्य मंत्री का पद संभाला

## अधिकारियों से 100 दिन के एजेंडे पर ध्यान देने को कहा



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभाल लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद सोमवार को नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ-साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भी आवंटित किया गया। पिछली मोदी सरकार में दोनों मंत्रालयों का कार्यभार मनसुख मांडविया के पास था। नड्डा ने कार्यभार संभालने के बाद स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव जाधव के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। ऐसा माना जा रहा है कि नड्डा ने अधिकारियों से पहले 100 दिनों के लिए सरकार के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। अधिकारियों से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने को कहा गया है। नड्डा ने मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य मंत्रालय संभाला था, उसके बाद 2019 में उन्हें भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष का पद सौंपा गया और जनवरी 2020 में अमित शाह के केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में नियुक्त होने के बाद नड्डा को पूर्ण रूप से पार्टी अध्यक्ष बना दिया गया। भाजपा अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो चुका है। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए उनके कार्यकाल में छह महीने का विस्तार दिया गया था। भाजपा अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। नड्डा (63) ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी।

संक्षेप

### वीआईपी सुरक्षा में बड़े बदलाव की उम्मीद

नयी दिल्ली। नये मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किये जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किये जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्टि व्यक्तियों की सुरक्षा ड्यूटी से ब्लैक कैट कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। इसी तरह से सीमा की पहरेदारी करने वाले बल भारत तिब्बत सीमा पुलिस के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की वीआईपी सुरक्षा इकाई विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है।

# चोरी हुई 500 साल पुरानी कांस्य मूर्ति लौटायेगी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

लंदन। ब्रिटेन के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने एक संत की 500 साल पुरानी कांस्य मूर्ति भारत को लौटाने पर सहमति जताई है। यह माना जाता है कि यह मूर्ति तमिलनाडु के एक मंदिर से चुराई गई थी।

विश्वविद्यालय के एशमोलियन संग्रहालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया, 11 मार्च 2024 को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की परिषद ने एशमोलियन संग्रहालय से संत तिरुमंकाई अलवर की 16वीं शताब्दी की कांस्य मूर्ति की वापसी के लिए भारतीय उच्चायोग के दावे का समर्थन किया। अब आखिरी निर्णय के लिए यह चैरिटी आयोग को प्रस्तुत किया जाएगा। संत तिरुमंकाई अलवर की 60 सेंटीमीटर ऊंची प्रतिमा को 1967 में डॉ. जे.आर. बेलमोंट (1886-1981) नामक एक संग्रहकर्ता के संग्रह से ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एशमोलियन संग्रहालय द्वारा प्राप्त किया गया था। यह मूर्ति सोथबी की नीलामी से प्राप्त की गई थी। संग्रहालय का कहना है कि पिछले वर्ष नवम्बर में एक स्वतंत्र शोधकर्ता ने उसे इस प्राचीन मूर्ति की उत्पत्ति के बारे में जानकारी दी थी।

# सबके सिर पर छत की गारंटी खोखली निकली



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2022 तक सबसे सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली साबित होने के बाद अब तीन करोड़ आवास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गई।

खरगे ने कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का घर संभालना पड़ रहा है। 17 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री जी ने देश को मोदी की गारंटी दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी। ये गारंटी तो खोखली निकली। उन्होंने कहा, अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो। देश असलियत जानता है कि इस बार इन तीन करोड़ घरों के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस-संप्रग के मुक़ाबले पूरे 1.2 करोड़ घर कम बनवाए।

खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में 2004-13 के बीच 4.5 करोड़ घर बनवाए गए, जबकि पिछले 10 वर्षों में केवल 3.3 करोड़ घरों का निर्माण हुआ।

# चंद्रबाबू नायडू आंध्र के सीएम के रूप में पद संभालने को तैयार



अमरावती। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए तैयार हैं। इस भूमिका में यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। नायडू का विजयवाड़ा के बाहरी इलाके में गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में बुधवार पूर्वाह्न 11.27 बजे शपथ लेने का कार्यक्रम है।

मंगलवार को तेलुगू देशम विधायक दल और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों ने नायडू को अपना नेता चुना। तेदेपा, भाजपा और जनसेना वाले राजग के नेता, राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मिलेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। मंगलवार शाम तक राज्यपाल की ओर से सरकार बनाने का निमंत्रण मिल सकता है। नायडू के साथ कुछ और नेताओं के शपथ लेने की संभावना है, जिनमें तेदेपा महासचिव और नायडू के बेटे नारा लोकेश तथा जनसेना के नेता एन मनोहर शामिल हो सकते हैं। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। समारोह की तैयारियों की समीक्षा करने वाले मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के बुधवार सुबह 8.20 बजे दिल्ली से गन्नावरम हवाई अड्डे के लिए रवाना होने और 10.40 बजे तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अनुसार, पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होने वाले शपथग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए मोदी के पूर्वाह्न 10.55 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री के दोपहर 12.40 बजे हवाई अड्डे लौटने और 12.45 बजे भुवनेश्वर के लिए उड़ान भरने की संभावना है।

# मुइज्जू ने द्विपक्षीय संबंधों पर किया मंथन



माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर देश के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के तौर तरीकों पर चर्चा की। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को माले में यह जानकारी दी।

चीन समर्थक माने जाने जाने वाले मुइज्जू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर गए थे। मोदी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का नेतृत्व करते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के राष्ट्रपति प्रविंद कुमार जगन्नाथ सहित भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने समारोह में भाग लिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार मुइज्जू अपनी आधिकारिक यात्रा के बाद मंगलवार सुबह माले लौटे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा,' राष्ट्रपति (मुइज्जू) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री और भारत सरकार के मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा की। इसमें कहा गया है,' यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू द्वारा गणमान्य अतिथियों के सम्मान में आयोजित भोज में भाग लिया। इसमें कहा गया है,' दोनों राष्ट्रपतियों ने एक बैठक भी की, जिसमें उन्होंने मालदीव और भारत के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया,' दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक और बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की तथा लोगों के बीच संपर्क, क्षमता निर्माण सहयोग, आर्थिक और व्यापारिक संबंध तथा विकास सहयोग सहित हमारे व्यापक द्विपक्षीय सहयोग के महत्वपूर्ण स्तंभों पर प्रकाश डाला। मुर्मू ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भारत-मालदीव संबंध और मजबूत होंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी मुइज्जू से मुलाकात की। आज नयी दिल्ली में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर बहुत खुशी हुई। भारत और मालदीव के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है।

### इजराइली बलों, फलस्तीनी सशस्त्र समूहों के युद्ध अपराध करने की आशंका

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने सप्ताहांत पर इज़राइली बलों द्वारा घातक हमला कर चार बंधकों को छुड़ाने को लेकर इज़राइली बलों और फलस्तीनी सशस्त्र समूहों की ओर से युद्ध अपराध को अंजाम देने की आशंका जताई है। कार्यालय के प्रवक्ता जेरेमी लॉरेंस ने शहरी नुसैरात शरणार्थी शिविर में शनिवार रात को इज़राइल द्वारा किए गए हमले में स्थिति में अंतर समझने और सावधानी बरतने के नियमों को कथित रूप से तोड़े जाने पर चिंता व्यक्त की। दर्जनों महिलाओं और बच्चों समेत 274 फलस्तीनी अभियान में मारे गए हैं।

इंटरटेनमेंट...

# 'मिजार्पुर 3' का टीजर रिलीज




मुंबई। वेब सीरीज 'मिजार्पुर' के तीसरे सीजन का टीजर रिलीज हो चुका है। डेढ़ मिनट के इस टीजर में मिजार्पुर की तुलना जंगल से और उसमें रहने लोगों की तुलना जानवरों से की गई है। पूरे टीजर में दो बातें खास हैं। पहली यह कि कालीन भैया वापस लौट रहे हैं और उन्हें घायल शेर की तरह पेश किया जा रहा है।

पंकज त्रिपाठी इस सीजन में फिर से कालीन भैया के किरदार में नजर आएंगे। दूसरा यह कि इस सीजन में पिछले सीजन के दद्दा त्यागी, शंकुतला शुक्ला और लाला जैसे कई किरदार अपना-अपना बदला लेते नजर आएंगे। ट्रेलर में पिछले सीजन के कई किरदार बदला लेने के लिए इंतजार करते दिख रहे हैं। टीजर में सत्यानंद त्रिपाठी का किरदार निभाने वाले एक्टर कुलभूषण खरबंदा का वॉइस ओवर सुनाई देता है। वो कहते हैं, कड़केगी बिजली, गूंजेगा आसमान, गलियारे होंगे लहू-लुहान, इस बार मचेगा घमासान, गर्दा कटने वाला है। परदा फिर से उठने वाला है। क्योंकि बात होगी बपौती की, बकैती की और बवाल की, क्योंकि बात होगी जंगल के भौकाल की। इसमें पंकज त्रिपाठी, अली फजल, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी, ईशा तलवार, लिलिपुट, मेघना मलिक, मनु ऋषि और शीबा चड्ढा अपने-अपने किरदारों में नजर आए हैं।

# 'पंचायत' के विधायक जी के बदले सुर



मुंबई। वेब सीरीज 'पंचायत' फेम एक्टर पंकज झा इन दिनों सुर्खियों में हैं। सीरीज में उन्हें विधायक जी के किरदार में काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच पंकज एक इंटरव्यू में कही गई कुछ बातों की वजह से भी चर्चा में हैं।

दरअसल, पंकज झा ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में इशारों-इशारों में कुछ बातें कही थीं जिन्हें फिल्ममेकर अनुराग कश्यप और पंकज त्रिपाठी से जोड़कर देखा जा रहा था। झा का कहना था कि इंडस्ट्री में कई एक्टर्स ऐसे हैं जो दूसरे एक्टर्स का काम छीनकर अपने स्ट्रगल को ग्लैमराइज करते हैं। अब इन कमेंट्स पर झा ने सफाई दी है और कहा है कि उन्होंने पंकज त्रिपाठी या अनुराग कश्यप के लिए ये बातें नहीं कही थीं। पंकज ने दोनों को अपना दोस्त भी बताया है। उन्होंने कहा, 'मैंने इंटरव्यू में किसी त्रिपाठी का नाम नहीं लिया।

आप मेरे इंटरव्यू सुन सकते हैं कि मैंने किसी का भी नाम नहीं लिया। मैं क्यों ऐसी बातें करूंगा? मीडिया को हमेशा मसाला चाहिए और वो इसके लिए ऐसी खबरों को अपने मुताबिक बनाते हैं।

### धनुष की फिल्म 'रायन' जुलाई में होगी रिलीज

नयी दिल्ली। धनुष अभिनीत तमिल फिल्म रायन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक व लेखक भी धनुष हैं। इसका निर्माण सन पिक्चर्स के बैनर तले किया गया है। अभिनेता व फिल्म निर्माता ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर फिल्म के नए पोस्टर साझा करते हुए लिखा, रायन 26 जुलाई से। फिल्म में एस. जे. सूर्या, प्रकाश राज, सेल्वाराघवन, संदीप किशन, कालीदास जयराम, दुशारा विजयन, अपर्णा बालमुरली, वरलक्ष्मी सरथकुमार और सरवनन जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

# 'कल्कि 2989 एडी' का ट्रेलर रिलीज




मुंबई। प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर जारी हो चुका है। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म को वीएफएक्स से भरपूर बनाया गया है। विजुअल इफेक्ट का एक्स्ट्रीम यूज ट्रेलर में साफ देखने मिल रहा है। फिल्म में दीपिका पादुकोण पद्मा नाम की प्रेग्नेंट महिला का रोल कर रही हैं, जो अपने बच्चे को बचाने की जद्दोजहद करती नजर आई हैं।

भैरवा बने प्रभास इस कहानी की अहम कड़ी हैं, जो अंधकार और रोशनी के बीच दिखाए गए हैं। एक्टर शाश्वत चटर्जी ने फिल्म में कमांडर मानस का रोल किया है, जो अंधकार की दुनिया के राजा हैं। कमांडर मानस के कहे अनुसार भैरवा, पद्मा के खिलाफ जंग लड़ेगा या उसकी मदद करेगा, ट्रेलर में यही कहानी दिखाई गई है। प्रभास का किरदार ट्रेलर में काफी दमदार दिखाया गया है, हालांकि बीच-बीच में उनके फनी डायलॉग्स दर्शकों को कन्फ्यूज कर सकते हैं। वहीं कई हिस्सों में किरदारों के डायलॉग्स भी समझने में मुश्किल लगे हैं। ट्रेलर की शुरूआत दुनिया के आखिरी शहर काशी से होती है, जहां रह रहे लोगों की स्थिति बेहद खराब है। इसी बीच ट्रेलर में एक अनोखी दुनिया दिखाई गई है, जहां कॉम्प्लेक्स में हर कोई सुप्रीम यास्किन को पूजता है। इस दुनिया के कमांडर मानस हैं, जो अंधकार को बरकरार रखना चाहते हैं। इसी बीच उन्हें 6000 साल पुरानी एक चीज मिलती है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com